सूर्योदय 6:50 सूर्यास्त 5:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9 न्यू | 19 अधि |
| धर्मशाला | 13.5 न्यू | 23 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,562 |
| निफ्टी | 25,910 |

सोना 1,24,794 चांदी 1,59,367

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 17 नवंबर 2025 | 2 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 320, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

GGDSD COLLEGE RAJPUR (PALAMPUR)
S.D.CHAND PUBLIC SR SEC SCHOOL GHUGGHAR(PALAMPUR)
PT AMAR NATH S.D. PUBLIC SCHOOL NAGRI
PT AMAR NATH S.D. PUBLIC SCHOOL NAGRI
PT AMAR NATH S.D. CHAND PUBLIC SCHOOL BAIJNATH
SD. HIGH SCHOOL SIDH MOHRALLA
UNDER THE AGIES OF- GOSWAMI GANESH DUTT SANATAN EDUCATION SOCIETY BAIJNATH
Dr VIVEK SHARMA EXECUTIVE DIRECTOR
DR S.C SHARMA GENERAL SECRETARY
SH U.R.CHEEMA WORKING PRESIDENT
DR DESH BANDHU PRESIDENT

## न्यूज शॉर्ट्स

### किसान निधि की 21वीं किस्त 19 को मिलेगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त 19 नवंबर को जारी होगी। देशभर के करीब 10 करोड़ से ज्यादा किसानों को इसका फायदा मिलेगा। पीएम नरेंद्र मोदी 21वीं किस्त जारी करेंगे। केंद्र सरकार ने कुछ राज्यों में 21वीं किस्त पहले ही जारी कर दी है। 26 सितंबर 2025 को पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के किसानों को यह किस्त दी गई, क्योंकि इन राज्यों में बाढ़ और भूस्खलन से हुए नुकसान की भरपाई के लिए अग्रिम राहत दी गई थी। इसके अलावा 7 अक्तूबर को जम्मू-कश्मीर के किसानों को भी यह किस्त मिल चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### शरणार्थियों के लिए गोल्डन टिकट समाप्त करेगा ब्रिटेन

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन में अब शरण लेना मुश्किल होने जा रहा है। शरणार्थियों के लिए सुरक्षा में कटौती की जाएगी और शरण चाहने वालों के लिए स्वतः ही मिलने वाले लाभों को समाप्त किया जाएगा। लेबर पार्टी की सरकार ने शनिवार देर रात को यह घोषणा की है। सरकार ने अनियमित इमिग्रेशन को कम करने और कट्टर दक्षिणपंथियों का मुकाबला करने के उद्देश्य से यह घोषणा की है। डेनमार्क की शरण देने की सख्त प्रणाली की तर्ज पर यह घोषणा ऐसे वक्त में की गई है, जब प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पर एंटी-इमिग्रेशन रिफॉर्म यूके पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता का दबाव है। गृह मंत्री शबाना महमूद ने एक बयान में कहा, 'मैं शरणार्थियों के लिए ब्रिटेन का गोल्डन टिकट समाप्त कर दूंगी।' (अनंत ज्ञान)

### अटारी-वाघा बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी का समय बदला

**एजेंसी, अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल ने अटारी-वाघा बॉर्डर पर रोजाना होने वाली प्रसिद्ध बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के समय में बदलाव किया है। बढ़ती ठंड और दिन छोटे होने की सूरत में दिन की रोशनी और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लागू किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नए नियम के अनुसार- सेरेमनी 4:30 बजे शुरू होगी और 5 जे समाप्त होगी। पहले इसका समय 5 से 5:30 बजे तक था। इस बदलाव का उद्देश्य यह है कि सर्द मौसम में शाम जल्दी ढलने और तापमान तेजी से गिरने के कारण पर्यटक बिना किसी परेशानी के बेहतर माहौल में इस ऐतिहासिक सेरेमनी का आनंद ले सकें। अनंत (ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सब्जियों से दंपती कमा रहे ढाई से तीन लाख रुपए -पेज-2
- अवैध कब्जे हटाने में दिखने लगा 'बिल्ली-चूहे का खेल' -पेज 3
- साइबर शातिरों ने अब तक की साढ़े छह करोड़ से अधिक की ठगी -पेज 5
- बेहतर सेवाओं के लिए हिमाचल 'गौरव अवार्ड' से सम्मानित -पेज 10
- उद्यान विभाग ने किसानों बागवानों से मांगी पौधों की डिमांड -पेज 12

# दिल्ली ब्लास्ट : आतंकी उमर नबी का साथी आमिर अरेस्ट

## एनआईए ने दिल्ली से पकड़ा, इसी के नाम पर थी आई-20 कार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली ब्लास्ट केस में एनआईए ने रविवार को आतंकी उमर के साथी आमिर राशिद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इसने उमर नबी के साथ मिलकर दिल्ली ब्लास्ट की साजिश रची थी। आई -20 कार आमिर के नाम पर ही रजिस्टर्ड थी।

एनआईए की जांच में पता चला है कि जम्मू-कश्मीर के पंपोर के संबूरा का रहने वाले आमीर राशिद अली धमाके में इस्तेमाल की गई कार को खरीदने के लिए कुछ महीने पहले ही दिल्ली आए थे। यहां से कार खरीदने के बाद ही उस कार में बम को सेट किया गया। जांच में पता चला है कि आमिर ने इस पूरी साजिश को कथित आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी के साथ मिलकर अंजाम दिया। जांच एजेंसी अब तक 73 गवाहों और घायलों के बयान दर्ज कर चुकी है। कई तकनीकी और डिजिटल सबूत भी मिले हैं, जिनका विश्लेषण किया जा रहा है। एनआईए इस जांच में दिल्ली पुलिस, जम्मू-कश्मीर पुलिस, हरियाणा पुलिस, यूपी पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। वहीं, एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड ने रविवार को लखनऊ से 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। आरोपी भाई-बहन हैं, जो पारा इलाके के कुंदन विहार में रहते थे। दोनों का ब्लास्ट मामले से कनेक्शन मिला है। एटीएस दोनों को कहां लेकर गई है, यह भी जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि दिल्ली में 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट में 13 लोग मारे गए थे और 20 से ज्यादा घायलों का इलाज जारी है। (अनंत ज्ञान)




**एटीएस ने लखनऊ से हिरासत में लिए 2 संदिग्ध**

### पिछले साल से सुसाइड बॉम्बर ढूंढ रहा था उमर

**दिल्ली** ब्लास्ट केस में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी डॉ. उमर नबी से जुड़े कुछ और लोगों को भी पकड़ा है। जांच में पता चला कि डॉक्टरों वाला यह व्हाइट-कॉलर मॉड्यूल पिछले साल से एक सुसाइड बॉम्बर ढूंढ रहा था और इसकी जिम्मेदारी उमर पर थी। हिरासत में लिए गए काजीगुंड के जसीर उर्फ दानिश ने बताया कि उसकी इस मॉड्यूल से पहली मुलाकात अक्तूबर 2023 में कुलगाम में हुई थी। मॉड्यूल उसे ओवरग्राउंड वर्कर बनाना चाहता था, लेकिन उमर महीनों तक उसे सुसाइड बॉम्बर बनने के लिए मनाता रहा। योजना इसलिए फेल हुई, क्योंकि जसीर ने आर्थिक तंगी और इस्लाम में आत्महत्या हराम होने की बात कहकर उमर को सुसाइड बॉम्बर बनने से मना कर दिया।

# अनुसूचित जातियों में भी लागू होनी चाहिए क्रीमी लेयर: सीजेआई गवई

## आईएएस और मजदूर के बच्चे को एक ही स्तर पर रखना सही नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि वह अब भी इस विचार के पक्ष में हैं कि अनुसूचित जातियों (एससी) को मिलने वाले आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' यानी आर्थिक-सामाजिक रूप से आगे बढ़ चुके वर्ग को बाहर किया जाना चाहिए। एक कार्यक्रम 'इंडिया एंड द लिविंग इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन ऐट 75 इयर्स' में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक आईएएस अफसर के बच्चे और गरीब किसान मजदूर के बच्चों को एक ही स्तर पर नहीं रखा जा सकता। उनका कहना था कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचना चाहिए जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।

सीजेआई ने बताया कि उन्होंने अतीत में भी इंद्रा साहनी (मंडल आयोग) मामले के आधार पर यही राय दी थी कि जैसे ओबीसी समुदाय में क्रीमी लेयर की पहचान की जाती है, वैसे ही यह व्यवस्था एससी समुदाय के लिए भी होनी चाहिए, भले ही इस विचार की काफी आलोचना हुई हो। उन्होंने मुस्कराकर कहा कि 'न्यायाधीशों को आम तौर पर अपने फैसलों का बचाव नहीं करना चाहिए... और मेरे पास सेवानिवृत्ति तक सिर्फ एक हफ्ता ही बचा है।' संविधान की वजह से ही आज भारत में दो राष्ट्रपति अनुसूचित जाति से हुए हैं और वर्तमान राष्ट्रपति एक अनुसूचित जनजाति की महिला हैं। अपनी यात्रा याद करते हुए उन्होंने कहा, 'अर्ध-झुग्गी जैसे इलाके और नगरपालिका स्कूल में पढ़ने वाला एक बच्चा भी जब देश की सर्वोच्च न्यायिक कुर्सी तक पहुंच सकता है, तो यह संविधान की ही ताकत है।' (अनंत ज्ञान)

### देश में महिलाओं के प्रति जगारूकता बढ़ी

**सीजेआई** ने कहा कि देश में वर्षों के दौरान महिलाओं के अधिकारों और समानता को लेकर जागरूकता बढ़ी है और भेदभाव की पुरानी सोच को पीछे छोड़ा जा रहा है। उन्होंने भावुक होकर याद किया कि उनके कार्यकाल का पहला कार्यक्रम महाराष्ट्र के अपने गृह नगर अमरावती में था और आखिरी कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के अमरावती में, मानो उनकी यात्रा एक पूरा चक्र पूरा कर रही हो।



### बोले-हमारा संविधान सांस लेता दस्तावेज

**सीजेआई** ने कहा कि हमारा संविधान स्थिर नहीं है, बल्कि एक 'जीवंत, विकसित होने वाला' दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन की प्रक्रिया इसीलिए रखी गई ताकि समय के साथ जरूरतें बदलने पर देश आगे बढ़ सके। उन्होंने बताया कि आंबेडकर के भाषण, विशेषकर जब वे मसौदा संविधान प्रस्तुत कर रहे थे, हर कानून के विद्यार्थी को पढ़ने चाहिए। आंबेडकर के तीन शब्द- समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व- को उन्होंने भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति की रीढ़ बताया।

# सीएम आज क्षेत्रीय परिषद में करेंगे प्रदेश के हितों की पैरवी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शनिवार रात दिल्ली पहुंचे, जहां रविवार को उनका कोई आधिकारिक सरकारी कार्यक्रम तय नहीं था, लेकिन उन्होंने लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) कंपनी के प्रतिनिधियों से राज्य में निवेश को लेकर महत्वपूर्ण बातचीत की। कंपनी ने हिमाचल में निवेश की इच्छा जताई है और आपदा के दौरान हुई क्षति की भरपाई में सहयोग देने के लिए भी आगे आने की बात कही है। बैठक के दौरान एलएंडटी ने राहत कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए का अतिरिक्त योगदान देने की भी घोषणा की, जिसे मुख्यमंत्री ने सराहा। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री सुक्खू सोमवार को होने वाली उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे। उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इस मंच पर केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल के लिए घोषित 1500 करोड़ रुपए की अंतरिम राहत राशि को जल्द जारी करने की मांग को मजबूती से उठाएंगे। इसके साथ ही सीमावर्ती राज्यों के बीच सीमा विवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक पहल और कार्यनीति बनाने की दिशा में चर्चा होने की भी संभावना है।



## होटलों में बाहरी राज्यों के पर्यटकों के पंजीकरण की खंगाली जा रही फाइलें

# प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद हिमाचल प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई हैं। प्रदेश पुलिस ने सभी जिलों को सघन जांच के आदेश दिए हैं, जिसके बाद होटलों, होम स्टे और गेस्ट हाउसों में ठहरे पर्यटकों का पूरा पंजीकरण रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, प्रदेशभर में पुलिस टीमें होटल रजिस्टरों, सी-फॉर्म और ऑनलाइन पंजीकरण की जांच कर रही हैं। कई स्थानों पर संचालकों को चेतावनी भी जारी की गई है जहां रजिस्टर अधूरे पाए गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बिना वैध पहचानपत्र और उचित पंजीकरण के किसी भी व्यक्ति को ठहराने की अनुमति नहीं दी जाएगी। संदिग्ध गतिविधि, फर्जी पहचान और अनियमित रिकॉर्ड की तत्काल सूचना देने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। दिल्ली ब्लास्ट के बाद हिमाचल की सीमाओं में भी चेकिंग बढ़ा दी गई है। शोघी सहित विभिन्न एंट्री पॉइंट्स पर वाहनों को विस्तृत जांच के बाद ही प्रवेश मिल रहा है। साइबर सेल ऑनलाइन बुकिंग और डाटा वेरिफिकेशन में जुटा है, ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

**सीमाओं पर बढ़ी निगरानी, साइबर सेल भी हुआ सक्रिय**

### संदिग्ध दिखे तो तुरंत पुलिस को करें सूचित

**प्रदेश** पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि जनता की सतर्कता और प्रशासन की कार्रवाई मिलकर सुरक्षा का मजबूत घेरा तैयार कर सकती है। प्रदेश में सुरक्षा को लेकर अगले कुछ दिनों तक विशेष सतर्कता जारी रहने के आसार हैं।

# शिमला में बेकाबू कार ने ली चार साल के मासूम की जान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी में रविवार को संजौली थाना अंतर्गत चलौंठी में एक निजी रेस्टोरेंट के समीप एक बेकाबू कार ने चार साल के मासूम की जिंदगी छीन ली। घटना उस समय हुई, जब मारुति कार सड़क किनारे पहाड़ी की ओर खड़ी थी। इसी दौरान ढली की ओर से तेज रफ्तार में शिमला आ रही क्रेटा कार ने अचानक नियंत्रण खो दिया और खड़ी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी चपेट में सड़क किनारे मौजूद एक छोटा बच्चा भी आ गया और मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मृतक बच्चे की पहचान रोजर (4) पुत्र हरीश, निवासी उत्तरकाशी, उत्तराखंड के रूप में हुई है। हरीश अपनी पत्नी और बच्चों के साथ शिमला अपने रिश्तेदारों से मिलने आया था। परिवार सड़क किनारे खड़ा था और उसी समय बेकाबू क्रेटा ने आकर इस शांत पल को मातम में बदल दिया। रोजर अपनी मां-बाप की आंखों के सामने हमेशा के लिए उनसे बिछड़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**उत्तराखंड से शिमला अपने रिश्तेदार के पास आया था परिवार**

# ईडी ने 110 'म्यूल' बैंक खाते किए फ्रीज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली में ड्रग तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ी कार्रवाई करते हुए 110 'म्यूल' बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है और करीब 70 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं। एजेंसी को तलाशी के दौरान दुबई-आधारित क्रिप्टोकरंसी वॉलेट के उपयोग के सबूत भी मिले। प्रवर्तन निदेशालय ने ऑनलाइन बेटिंग और जुआ नेटवर्क का भी खुलासा किया, जो मोबाइल ऐप के जरिये चल रहा था। ईडी ने यह कदम नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की उस शिकायत के आधार पर उठाया, जिसमें नवंबर 2024 में 82.53 किलो 'हाई-ग्रेड' कोकीन की बरामदगी का मामला दर्ज किया गया था। इस ड्रग की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 900 करोड़ रुपए आंकी गई थी। एनसीबी ने इस मामले में पहले ही पांच लोगों को गिरफ्तार कर रखा है। (अनंत ज्ञान)

### म्यूल खाते?

**म्यूल** अकाउंट ऐसे बैंक अकाउंट होते हैं, जिनका इस्तेमाल जालसाज अपराध से मिले पैसे को ठिकाने लगाने के लिए करते हैं। आजकल, बड़ी संख्या में नकद रखने के लिए बहुत सख्त कानून हैं, इसलिए अगर वे अपने खुद के अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं, तो केवाईसी नियमों की वजह से उन्हें पकड़ना आसान होता है। इस समस्या से बचने के लिए अपराधी किसी तीसरे व्यक्ति के बैंक अकाउंट का इस्तेमाल करते हैं।

# जापान में चीनी छात्र सुरक्षित नहीं : चीन

**एजेंसी, बीजिंग।** चीन ने रविवार को जापान पढ़ने जाने वाले चीनी छात्रों के लिए सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। चीन का कहना है कि जापान में इन दिनों सुरक्षा स्थिति ठीक नहीं है और वहां रहने वाले चीनी नागरिकों के लिए खतरा बढ़ गया है। चीन के मुताबिक, जापान में हाल ही में अपराध बढ़े हैं और चीनी छात्रों के लिए माहौल पहले जैसा सुरक्षित नहीं रहा। (अनंत ज्ञान)

# ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई फॉर्च्यूनर, 5 की मौत

**एजेंसी, ग्वालियर**

ग्वालियर में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फॉर्च्यूनर सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार ट्रॉली के नीचे घुस गई, जिसकी वजह से कोई भी यात्री बच नहीं पाया। हादसा ग्वालियर-झांसी हाइवे पर शहर से करीब 20 किलोमीटर पहले रविवार सुबह साढ़े 5 से 6 बजे के बीच हुआ।

सभी मृतक ग्वालियर निवासी बताए जा रहे हैं। वे फॉर्च्यूनर में उत्तर प्रदेश के झांसी से एक कार्यक्रम में शामिल होकर ग्वालियर लौट रहे थे। कार जैसे ही मालवा कॉलेज के सामने पहुंची, मोड़ पर रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सामने आ गई। तेज रफ्तार होने के कारण ड्राइवर, कार को नियंत्रित नहीं कर सका और कार पीछे से ट्रॉली में घुस गई। शव कार और ट्रॉली के बीच बुरी तरह फंसे हुए थे। पुलिस और स्थानीय निवासियों ने कटर मशीन की मदद से गाड़ी को काटकर शवों को बाहर निकाला। (अनंत ज्ञान)

**ग्वालियर में हुआ दर्दनाक हादसा, गाड़ी को काटकर निकालने पड़े सभी शव**

# भारत अभी भी रूसी क्रूड ऑयल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार

## अक्तूबर में 22.17 हजार करोड़ का कच्चा तेल आयात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार आपत्तियों के बावजूद रूस से क्रूड ऑयल यानी कच्चा तेल खरीदना जारी रखा है। अक्तूबर में रूस से करीब 22.17 हजार करोड़ रुपए वैल्यू का कच्चा तेल देश में आया, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। यह जानकारी हेलसिंकी स्थित सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने अपनी रिपोर्ट में दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, चीन 3.7 बिलियन डॉलर (करीब 32.82 हजार करोड़ रुपए) के इंपोर्ट के साथ पहले नंबर पर रहा। कुल मिलाकर, रूस से भारत का फॉसिल फ्यूल आयात 3.1 बिलियन डॉलर (करीब 27.49 हजार करोड़) पहुंच गया है, जबकि चीन का कुल आंकड़ा 5.8 बिलियन डॉलर (करीब 51.44 हजार करोड़) रहा। (अनंत ज्ञान)

**चीन सबसे ज्यादा तेल खरीद रहा**

### चीन ने रूस से सबसे ज्यादा कोयला भी खरीदा

**चीन** पिछले महीने रूसी कोयले का सबसे बड़ा खरीदार बना रहा, जो भारत और तुर्किये से आगे था। उसने 760 मिलियन डॉलर का कोयला खरीदा। वहीं, भारत ने अक्तूबर में 351 मिलियन डॉलर मूल्य का रूसी कोयला और 222 मिलियन डॉलर मूल्य के ऑयल प्रोडक्ट इम्पोर्ट किए।

**पर्यटन** होटलों में 60 फीसदी बढ़ी ऑक्यूपेंसी, बाजारों में लौटे रंग, स्थानीय कारोबारियों के चेहरे चहके

# वीकेंड पर सैलानियों से गुलजार हुई पहाड़ों की रानी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** ठंडी हवा में गर्म मुस्कानें, कैमरों में कैद होते पल और बाजारों की चहल-पहल। इस वीकेंड में हिल्स क्वीन शिमला ने एक बार फिर अपने पारंपरिक जादू से आगंतुकों का मन जीत लिया। मौसम की नरमी और छुट्टियों का मेल ऐसे दिनों में शहर को जीवंत कर गया। होटलों में औसतन 60 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी ने व्यापारियों और होटल संचालकों के चेहरों पर संतोष की सब झलक देखने को मिल रही है। रविवार को मॉल रोड, रिज और कुफरी पर सैलानियों की भीड़ देख कर ऐसा लगा मानो शहर ने अपनी पुरानी शान लौटा ली हो। परंपरागत कपड़ों में सजे कुछ परिवार, कैमरे लिए युवा और हाथों में गर्म चाय थामे बुजुर्ग, हर कोई अपनी-अपनी तरह से शहर की खूबसूरती में खोया हुआ दिखाई दिया। विजिटर्स ने बताया कि शिमला का मौसम और ताजी हवा उन्हें यहां बार-बार खींच लाती है। दिल्ली से घूमने आए पर्यटकों ने कहा कि यह अनुभव जन्नत जैसा है और वे मॉल रोड के अलावा कुफरी की सैर पर भी जाएंगे। शिमला होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की ओर से कहा गया है कि पिछले कुछ हफ्तों से लगातार सैलानियों की आमद बढ़ रही है, जिससे व्यापार को सहारा मिला है। छोटे दुकानदारों और कैफे संचालकों ने भी कहा कि वीकेंड पर हुई बढ़ोतरी से उनकी आमदनी में सुधार देखने को मिला है और उम्मीद है कि मौसम अनुकूल रहा तो आगामी हफ्तों में भी यही रुख बना रहेगा। ऑफ सीजन के मुकाबले अभी भी कुछ अंतर है, परंतु त्योहारों के बदौलत बाजारों में लौटे रंग ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। टूरिस्ट भीड़ के मद्देनजर प्रशासन ने यातायात व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की कवायद तेज कर दी है। एसपी शिमला की ओर से कहा गया है कि शहर में जाम को लेकर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं ताकि पर्यटक और स्थानीय दोनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



### आने वाले दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना

**मौसम** विभाग ने भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। आने वाले दिनों में आसमान साफ रहने की संभावना से पर्यटन का रुझान और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है। ठंडी पर साफ हवा में शिमला की वादियां और हेरिटेज नजारे और अधिक आकर्षक दिखाई देते हैं, जो शहर को छुट्टियों के लिए परिपूर्ण विकल्प बनाते हैं।

# विधायक आशीष ने महिला मंडल भवन और बैडमिंटन कोर्ट का किया लोकार्पण

## मेरा युवा भारत केंद्र हमीरपुर की ओर से आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



विधायक आशीष शर्मा ने रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि से निर्मित दो विकास कार्यों के उद्घाटन किया। पंचायत सासन के जटेड़ी महिला मंडल के जीर्णोद्वार के लिए उनकी विधायक निधि से जारी की गई दो लाख की राशि के बाद उसे भवन को लोगों के लिए समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय महिला मंडल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं कहा कि यह महिला मंडल अब क्षेत्र में होने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यों एवं महिला मंडल के कार्यक्रमों में काम आएगा।

इस मौके पर पंचायत उपप्रधान अरुण कुमार, महिला मंडल प्रधान उषा भारद्वाज, बूथ अध्यक्ष प्रवीण कुमार, विनीत कालिया सहित अन्य मौजूद रहे। विधायक शर्मा ने ग्राम पंचायत रोपा के राजकीय माध्यमिक पाठशाला रोपा में विधायक निधि से निर्मित बैडमिंटन कोर्ट का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस बैडमिंटन कोर्ट के लिए उन्होंने विधायक निधि से डेढ़ लाख रुपए स्वीकृत किए थे। बच्चों को खेलों के तरफ बढ़ाना एवं नशे से दूर रखने के उद्देश्य से यह बैडमिंटन कोर्ट यहां बनाया गया है। उन्होंने पाठशाला में मेरा युवा भारत केंद्र हमीरपुर की ओर से आयोजित खेल प्रतियोगिता का भी समापन किया। प्रतियोगिता में वॉलीबाल का फाइनल मुकाबला कोट और टौणीदेवी की टीमों के मध्य हुआ। जिसमें विजेता कोट टीम विजेता रही। वहीं रस्साकस्सी में महिला मंडल रोपा विजेता रहा। बैडमिटन एकल में कार्तिक रोपा से विजेता रहा। जबकि बैडमिंटन युगल में विशाल और हर्ष कोट से विजेता रहे। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर पंचायत उपप्रधान रंजीत सिंह, बूथ अध्यक्ष राजीव राणा, शशिपाल, अशोक ठाकुर, राजेश कुमार, धनी राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने रोपा स्कूल को लिया गोद

**इस** मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि खेलें युवाओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखती हैं। इसलिए युवाओं को सुबह जल्दी उठकर माता पिता एवं परमात्मा के चरणों में शीश नवाकर शारीरिक गतिविधियों एवं खेलों में भाग लेना चाहिए। विधायक आशीष शर्मा ने इस मौके पर राजकीय माध्यमिक पाठशाला रोपा को गोद भी लिया।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दीक्षा प्रथम

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज में सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में 'सुरक्षित ड्राइव करें, सुरक्षित पहुंचें' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक कौशल से सड़क सुरक्षा के महत्त्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में दीक्षा देवी प्रथम, कुसुम कुमारी द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर ने विजेताओं को सम्मानित किया और कहा कि सड़क सुरक्षा आज की आवश्यकता है, जिसमें युवा पीढ़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने छात्रों को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो. रवि दत्त, डॉ. नरेश कुमार, प्रो. तिलकराज, प्रो. गुलशन, डॉ. कुलतारन एवं प्रो. विनय कुमार उपस्थित रहे।

## 35वीं राज्यस्तरीय अंडर-16 कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ

# कबड्डी भारत की मिट्टी की सुगंध का खेल: वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



कबड्डी चैंपियनशिप के शुभारंभ के दौरान कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा व अन्य।

कबड्डी एसोसिएशन की जिला इकाई के तत्वावधान में राज्यस्तरीय अंडर-16 कबड्डी चैंपियनशिप के 35वें संस्करण का शुभारंभ गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बॉयज के बास्केटबाल ग्राउंड में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा का स्वागत प्रदेश कबड्डी संघ के महासचिव कृष्ण लाल, जिला कबड्डी महासचिव एवं पूर्व खेल अधिकारी पूर्ण कटोच तथा उपस्थित गणमान्य लोगों ने पुष्प-गुच्छ और पुष्पमालाएं पहनाकर किया।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव कृष्ण लाल ने बताया कि इस चैंपियनशिप के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन हरियाणा के सोनीपत में आयोजित होने वाली अगली चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों से लड़कों और लड़कियों की टीमें इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही हैं। मुख्य अतिथि डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कबड्डी हमारी मिट्टी की सुगंध से जुड़ा खेल है। यह सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का संस्कार और अनुशासन है। इसमें खिलाड़ी को साहस, पराक्रम, ताकत और रणनीति सभी का समन्वय दिखाना पड़ता है।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का भी यही मानना है कि खेल ही वह शक्तिशाली माध्यम हैं जो आज के युवा वर्ग को नशे जैसी बुराइयों से दूर रख सकते हैं। कार्यक्रम में प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया, कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव आरती डोगरा, महापुरण महासचिव मनोहर लाल, प्रधान नरेश कुमार, अनुसूचित जाति कांग्रेस के कुलदीप कुमार, पवन कुमार, यूथ कांग्रेस जिला महासचिव रोहित सरोज, उपाध्यक्ष रजत राणा, कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के पूर्व सचिव चंद्रशेखर, विशाल शर्मा, तमिल कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में देशाटन की भूमिका महत्वपूर्ण: अनुराग सिंह ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की मेधावी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए चलाई जा रही सांसद भारत दर्शन योजना का देश के कई जनप्रतिनिधि अनुसरण कर रहे हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड के देवप्रयाग से विधायक विनोद कंडारी अपने विधानसभा के मेधावी विद्यार्थियों के साथ भारत दर्शन योजना के अंतर्गत दिल्ली में अनुराग ठाकुर से भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। छात्रों को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज की दुनिया में यात्रा और पर्यटन व्यापक शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। विभिन्न शैक्षिक मानकों, पाठ्यक्रमों और सांस्कृतिक परिवेशों से परिचय छात्रों के लिए प्रेरणा और शिक्षा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के मेधावी छात्रों के लिए सांसद भारत दर्शन योजना विद्यार्थियों को हमारे समृद्ध गौरवशाली धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू करवाने का प्रयास है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में देशाटन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह देख कर बहुत अच्छा लगता है कि देश भर के जनप्रतिनिधि सांसद भारत दर्शन मॉडल को अपना कर अपने स्थानीय विद्यार्थियों को बढ़ावा देने के लिए आगे आ रहे हैं।

**भारत दर्शन के दौरान विद्यार्थियों को सांसद ने दिल्ली में किया संबोधित**

देशाटन से छात्रों को बहुत कुछ ऐसा सीखने को मिलता है जो शायद क्लास में वर्षों बिताने के बाद भी ना मिले। छात्र जब समूह में एक साथ अपने स्कूल व शहर से बाहर निकलते हैं तो उनके अंदर एक टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि भारत दर्शन यात्रा से वापस लौटे छात्र-छात्राएं अगले वर्ष परीक्षा देने वाले बच्चों के लिए रोल मॉडल बनते हैं, जिससे नए विद्यार्थियों को भी भरपूर मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है और वे भविष्य में राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सक्षम बनते हैं।

# 60 से अधिक महिलाओं ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** रोटरी क्लब हमीरपुर और रोटरी इंटरनेशनल जिला 3070 के संयुक्त तत्वावधान में 16 नवंबर को गांधी चौक हमीरपुर में निशुल्क मैमोग्राफी और सर्वाइकल कैंसर जांच शिविर आयोजित किया गया। महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए आयोजित इस शिविर का शुभारंभ वन अरण्यपाल डॉ. निशांत मल्होत्रा ने किया। उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा समाज कल्याण, विशेषकर स्वास्थ्य और पर्यावरण क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। शिविर के आयोजन में एएस मेमोरियल ठाकुर अस्पताल और डॉ. शोभा ठाकुर का विशेष सहयोग रहा। यह शिविर 6 से 18 नवंबर तक हिमाचल के विभिन्न जिलों में चलाए जा रहे व्यापक स्वास्थ्य अभियान का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत बिलासपुर से हुई थी। रोटरी क्लब के प्रधान डॉ. भगवती प्रसाद शर्मा ने महिलाओं से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और ऐसे शिविरों का लाभ लेने की अपील की। हमीरपुर और आसपास की 60 से अधिक महिलाओं ने इस जांच शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब और रोटरी क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# सुजानपुर में मिलेगी प्रेस रूम की सुविधा: कै. रणजीत

## विधायक ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में पत्रकारों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सुजानपुर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में विधायक कैप्टन रणजीत ने सुजानपुर प्रेस क्लब के पत्रकारों को सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने पत्रकारों की सुविधा के लिए प्रेस रूम की व्यवस्था कराने की घोषणा की और अगले वर्ष से उपमंडल सुजानपुर में प्रेस दिवस का आयोजन भव्य एवं शानदार तरीके से करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम रविवार को विश्राम गृह सुजानपुर में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता विधायक कैप्टन रणजीत ने की।

कार्यक्रम में प्रेस क्लब के सदस्य गौरव जैन, सुरजीत कुमार, बिंदिया ठाकुर, सचिव अमन चौधरी सहित पत्रकार संजीव वालिया और अनूप पुवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने पत्रकारों की विभिन्न मांगों जैसे प्रेस रूम की व्यवस्था, सुजानपुर में एपीआरओ की नियुक्ति और प्रेस दिवस का भव्य आयोजन उठाया।

गौरव जैन ने कहा कि इन मांगों को विधायक पूरा करवाएंगे और अगले वर्ष राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर इन सभी मांगों को साकार किया जाएगा। विधायक कैप्टन रणजीत ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं। सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुँचाने, विकास कार्यों को उजागर करने और जनहित के मुद्दों को सामने लाने का काम पत्रकार करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे अच्छे कार्यों को उजागर करें और गलत कार्यों की निष्पक्ष रिपोर्टिंग जारी रखें।

इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता विनय शर्मा, इंस्पेक्टर तैयार चंद, सोनिया कुमारी, सीमा सरोच और अमरदीप राणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों को सम्मानित करना और उनकी आवश्यक सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित करना था।

### सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की प्रशंसा की

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर कांग्रेस विधायक कैप्टन रणजीत ने रविवार को विश्राम गृह सुजानपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की प्रशंसा की और उन्हें प्रदेश हित में बेहतरीन कार्य कर रहे बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुजानपुर और हिमाचल प्रदेश की जनता के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। विधायक ने पूर्व सुजानपुर विधायक और भाजपा नेता राजेंद्र राणा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब वह कांग्रेस में थे तो पार्टी का बंटाधार किया और अब भाजपा में आकर पार्टी को कमजोर करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि राजेंद्र राणा 12 से 15 वर्ष तक विधायक रहने के बावजूद विधानसभा क्षेत्र के कार्यों में धरातल पर दिखाई नहीं दिए और केवल कुछ लोगों को खुश करने के चक्कर में पूरे क्षेत्र का नुकसान किया। विधायक ने यह भी कहा कि जनता अब इनके झूठ और दावों से अच्छी तरह वाकिफ है।

# सुशील दूसरी बार निर्विरोध चुने डायरेक्टर

## कोऑपरेटिव डेवलपमेंट फेडरेशन के चुनाव में 3 चुने, 4 जोन के चुनाव 26 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



जिला कोऑपरेटिव डेवलपमेंट फेडरेशन के हमीरपुर जिला के चुनाव बेहद दिलचस्प मरहले में पहुंच गए हैं। इनमें तीन डायरेक्टर निर्विरोध चुन लिए गए हैं। जबकि चार जोन के चुनाव 26 नवंबर को होने तय हुए हैं। इनमें दूसरी मर्तबा भोरंज जोन के इंजीनियर सुशील ठाकुर भी शामिल हैं। इसके अलावा बड़सर से रामकृष्ण और सुजानपुर जोन से संतोष कुमार का भी निर्विरोध ही चुनाव हो गया है। इस जिला में कुल मिलाकर 7 जोन हैं। जिनमें चार के अब चुनाव होंगे। इनमें वोटिंग होगी, क्योंकि रविवार को नाम वापस लेने के अंतिम रोज तक स्थिति चुनाव करवाने की बनी है। केवल तीन में ही निर्विरोध इसलिए हो गए, क्योंकि अन्य कोई भी उम्मीदवार मुकाबले के लिए खड़ा नहीं हुआ था। केवल चुनाव जीतने की घोषणा औपचारिक रूप में रविवार को होनी थी। वैसे तो नामांकन के रोज यानी 10 नवंबर को ही इस बात का पता चल गया था कि भोरंज, बड़सर और सुजानपुर में आम सहमति से ही डायरेक्टर्स का चुनाव होगा। क्योंकि उस दिन कोई भी अन्य नॉमिनेशन नहीं हुआ था।

बता दें कि सुशील ठाकुर पिछली मर्तबा भी डायरेक्टर पद पर चुनाव जीते थे। वह अन्य पदों पर भी रह चुके हैं। भोरंज जोन में कुल 29 वोटर थे। हालांकि वहां 33 सहकारी सभाएं हैं। लेकिन चार के नाम वोटर लिस्ट में नहीं थे। इसीलिए केवल 29 सभाओं के प्रतिनिधियों ने ही इसमें शिरकत की। उनकी इस जीत पर इलाके के पूर्व विधायक डॉक्टर अनिल धीमान ने भी खुशी जताई और कहा कि सहकारिता के क्षेत्र के लिए इनका योगदान सराहनीय रहेगा, ऐसी उम्मीद इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि पहले भी वह हमेशा सक्रिय रहे।

### अब इन 4 जोन में होने हैं चुनाव

**अब** जिन अन्य 4 जोन में चुनाव होने हैं, उनमें हमीरपुर में दो, टौणीदेवी में तीन, नादौन में दो और बिझड़ी जोन में भी दो ही उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें टौणीदेवी में रतन चंद डोगरा बलबीर सिंह और शेर सिंह शामिल हैं। रतन चंद डोगरा भी पुराने खिलाड़ी हैं। सहकारिता के लंबे समय से इसमें सक्रिय रहे हैं। अब क्योंकि यहां मुकाबला त्रिकोणीय है। इसलिए रोचकता बनी हुई है। बिझड़ी जोन में संजय कुमार और यशवीर पटियाल के बीच सीधा मुकाबला है। नादौन जोन में कमल किशोर और राजिंद्र सिंह मंडयाल दो ही उम्मीदवारों के दरमियान सीधा मुकाबला सत्ता पक्ष और विपक्ष जैसा दिख रहा है।

# भ्रामक सूचनाएं व फेक न्यूज, मेन स्ट्रीम मीडिया के लिए बड़ी चुनौती: भगत सिंह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने आयोजित की संगोष्ठी**

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने रविवार को यहां प्रेस रूम में एक संगोष्ठी आयोजित की। एसपी भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस संगोष्ठी में राष्ट्रीय प्रेस परिषद की ओर से इस वर्ष के राष्ट्रीय प्रेस दिवस के लिए दिए गए विषय 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण' पर व्यापक चर्चा की गई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई देते हुए एसपी भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष भी भारतीय प्रेस परिषद ने इस दिवस के लिए एक ऐसा विषय दिया है जोकि वर्तमान परिपेक्ष में बहुत ही प्रासंगिक है।

उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में सूचनाओं के प्रसार एवं आदान-प्रदान में अभूतपूर्व तेजी आई है, लेकिन इससे कई नई चुनौतियां भी उत्पन्न हुई हैं। सोशल मीडिया में आए दिन भ्रामक सूचनाओं और फेक न्यूज की भरमार देखने को मिल रही है। भ्रामक सूचनाओं, फेक न्यूज और कड़ी प्रतिस्पर्धा के इस दौर में मेन स्ट्रीम मीडिया को आम लोगों के बीच अपनी विश्वसनीयता कायम रखना भी अपने आप में एक चुनौती बन गया है।

एसपी ने कहा कि इन तमाम चुनौतियों के बावजूद मेन स्ट्रीम मीडिया ने अभी तक अपनी विश्वसनीयता को बरकरार रखा है। बीते दिनों हमीरपुर के निकट सलासी में हुए जघन्य हत्याकांड के मामले में मेन स्ट्रीम मीडिया ने तथ्यात्मक एवं कानून के दायरे में रहकर संयमित रिपोर्टिंग करके एक उम्दा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसके लिए हमीरपुर के मीडियाकर्मी बधाई के पात्र हैं।

इस अवसर पर जिला लोक संपर्क अधिकारी ने एसपी और सभी पत्रकारों का स्वागत किया तथा राष्ट्रीय प्रेस दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। पत्रकार सुशील शर्मा, विशाल राणा, अनिरुद्ध डोगरा, कमलेश भारद्वाज, राजीव चौहान, मंगलेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, जीवन कुमार, डॉ. आदित्य पुरी, रविंद्र सिंह, बालकृष्ण और कई अन्य पत्रकारों ने भी अपने विचार रखे।

# डीएवी स्कूल में बच्चों ने नाटी, गरबा, कृष्ण लीला और नाटक से बटोरीं खूब तालियां



डीएवी पब्लिक स्कूल आर्य समाज हमीरपुर का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

डीएवी पब्लिक स्कूल आर्य समाज हमीरपुर में वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में एसी टू डीसी राजीव ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि डीएसपी नितिन चौहान ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। आर्य समाज हमीरपुर के गणमान्य प्रतिनिधियों का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर पिछले सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। स्कूल की टीचर हैड ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि हर बच्चे में एक विशेष प्रतिभा होती है और अभिभावकों व शिक्षकों का दायित्व है कि वे इसे निखारें। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने, विनम्र रहने और सीखना कभी न छोड़ने की प्रेरणा दी।

मुख्य अतिथि राजीव ठाकुर ने कहा कि डीएवी संस्था शिक्षा और संस्कारों के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रही है। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि वे बच्चों में चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम में नर्सरी के बच्चों ने लुंगी डांस, एलकेजी के बच्चों ने कृष्ण लीला, यूकेजी ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया। पहली कक्षा ने पहाड़ी नाटी, दूसरी कक्षा ने रानी लक्ष्मीबाई और कॉमेडी प्रस्तुत की। तीसरी कक्षा ने 'शुभ दिन आयो' और झमाकड़ा नृत्य, चौथी कक्षा ने गरबा व साउथ इंडियन डांस तथा पांचवीं के छात्रों ने चंबा नृत्य और हिमाचल में आई आपदा पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

# कन्या स्कूल तूखाणी खेल मैदान में वॉलीबाल व बैडमिंटन कोर्ट होंगे तैयार

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



राजेश बन्याल कन्या स्कूल तूखाणी खेल मैदान को रोलर के माध्यम से समतल करवाते हुए।

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा की ग्राम पंचायत बणी में पढ़ने वाले राजकीय कन्या माध्यमिक पाठशाला तूखानी खेल मैदान में बहुत जल्दी वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन के कोर्ट बनकर तैयार होंगे। खेल मैदान को समतल करने का कार्य पूर्ण हो गया है और रविवार को रोलर के माध्यम से खेल मैदान पूरी तरह से समतल व खूबसूरत बना दिया है। हिमुंडा डायरेक्टर राजेश वन्याल ने प्रयासों से यह कार्य जन सहयोग में करवाया जा रहा है।

बता दें कि कन्या माध्यमिक पाठशाला का खेल का मैदान वर्तमान में उबड़-खाबड़ हालत में था। यूथ क्लब तूफानी के सहयोग से सर्वप्रथम खेल मैदान को समतल करवाया गया उसके उपरांत बच्चियों के खेलने के लिए वॉलीबॉल तथा बैडमिंटन कोर्ट तैयार करवाया जा रहा है ।यह कार्य लगभग अंतिम चरण में पहुंच गया है जब स्कूल में बैडमिंटन के साथ-साथ वॉलीबॉल कोर्ट बनकर तैयार हो जाएगा तो ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों वॉलीबॉल बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को भी त्रासा जा सकेगा। बन्याल ने जनसहयोग के लिए यूथ क्लब के प्रधान कपिल बन्याल के साथ साथ यूथ क्लब के सदस्यों का भी नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की जनसेवा मेरा ध्येय है, इसी के चलते यह कार्य संपन्न हुआ है।

बता दें कि इसे पूर्व उन्होंने सीसे स्कूल भोटा का औचक निरीक्षण कर लंबे समय से सीसे भोटा के भवन निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ था,उस कार्य को शुरू करने के लिए हिमुंडा के अधिकारियों के साथ बैठक करके जल्दी शुरू करने की क्यास शुरू हो गए हैं।

**आमदनी** नादौन के ग्वालपत्थर में प्राकृतिक खेती ने किसानों की बदल दी किस्मत

# सब्जियों से दंपती कमा रहे ढाई से तीन लाख

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**



खेत में प्राकृतिक खेती करते प्रगतिशील दंपती।

**हमीरपुर।** हिमाचल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हजारों किसान रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं और इससे उनकी आय निरंतर बढ़ रही है। सीएम के गृह क्षेत्र नादौन की ग्राम पंचायत ग्वालपत्थर भी इस बदलाव का एक सशक्त उदाहरण बन गई है, जहां कई किसानों ने प्राकृतिक खेती में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

इसी पंचायत के गांव जमनोटी के कमल किशोर प्राकृतिक खेती से प्रेरणादायक पहचान बना रहे हैं। वे अपने खेतों में केवल गोबर की खाद, जीवामृत और घर में तैयार जैव घोल के प्रयोग से मूली, गोभी, ब्रॉकली, मटर और अन्य सब्जियों की खेती कर रहे हैं। उनका कहना है कि रासायनिक खादों और कीटनाशकों से दूरी रखने पर खेती का खर्च लगभग शून्य हो गया है, जबकि पैदावार पहले से बेहतर मिल रही है। साथ ही, बाजार में प्राकृतिक सब्जियों की अच्छी मांग होने से उन्हें अधिक दाम प्राप्त हो रहे हैं।

जमनोटी से सटे गांव की प्रगतिशील दंपती कुसुम लता और मदन लाल ने भी प्राकृतिक खेती को सफलता की नई परिभाषा दी है। करीब तीन वर्ष पहले कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के मार्गदर्शन में इस दंपति ने रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाई। आज वे 5 कनाल भूमि पर गोभी, बंद गोभी, पीली गोभी, ब्रॉकली, मटर, शलगम और मूली जैसी विविध सब्जियां उगा रहे हैं। कुसुम बताती हैं कि उनके पति मदन लाल होमगार्ड्स से सेवानिवृत्त हैं और अब पूर्ण रूप से प्राकृतिक खेती को समर्पित हैं। एक सीजन में यह दंपति ढाई से तीन लाख रुपए तक की आय अर्जित कर रहा है।

इन किसानों का अनुभव है कि प्राकृतिक खेती से न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक सब्जियां भी प्राप्त होती हैं। खेती में लागत 80-90 प्रतिशत तक कम हो जाती है और उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ने से बाजार में अच्छे दाम मिलते हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और खेती में स्थिरता आई है।

ग्राम पंचायत ग्वालपत्थर में प्राकृतिक खेती ने वास्तव में किसानों के जीवन में खुशहाली की नई राह खोल दी है। यहां के किसान अब दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बन रहे हैं और यह साबित कर रहे हैं कि प्राकृतिक खेती भविष्य की सुरक्षित एवं लाभदायक खेती है।

# आरएसएस शताब्दी पर मझोग सुल्तानी में भव्य हिंदू सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

- **स्वामी सर्वेश्वरानंद और प्रांत संघ चालक का प्रेरक उद्बोधन**
- **38 महिला मंडलों ने भजन-कीर्तन से बांधे समां**
- **युवा शक्ति से राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय होने का आह्वान**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में रविवार को शहीद अमन मेमोरियल खेल मैदान, कलसाई में भव्य एवं विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रभर से आए सैकड़ों नागरिकों, स्वयंसेवकों, मातृशक्ति और युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने पूरे मैदान को उत्सव, अनुशासन और राष्ट्रीय भावना से पूर्णतः सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी सर्वेश्वरानंद जी महाराज तथा प्रांत संघचालक वीर सिंह रांगड़ा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा समाज को सेवा, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का उज्ज्वल मार्ग प्रदान करती है।

उन्होंने युवाओं से समाज और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए यह संदेश दिया कि राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। अमरोह मंडल की चार पंचायतों; मझोग सुल्तानी, झन्यारा, अमरोह और मनिहाल के 38 महिला मंडलों ने अपनी भजन-कीर्तन प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए।

मातृशक्ति की भक्तिमय और सुरमयी प्रस्तुतियों ने वातावरण को आध्यात्मिकता, अनुशासन और सांस्कृतिक सौहार्द से अभिभूत कर दिया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत प्रशंसा के साथ सराहा।

## रोहडू में तीन मंजिला मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रोहडू उपमंडल की ग्राम पंचायत करालश के जुनीधार में रविवार सुबह करीब छह बजे तीन मंजिला मकान में अचानक आग भड़क उठी। मेहर सिंह नेगी के घर से उठीं लपटों ने पलभर में तीन कमरों समेत घरेलू सामान, अनाज और कीमती वस्तुओं को अपने चपेट में ले लिया। परिवार समय रहते बाहर निकल आया, जबकि स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलते ही रोहडू अग्निशमन केंद्र की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट आग का कारण बताया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक मोहनलाल ब्राक्टा ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हरसंभव सरकारी सहायता का आश्वासन दिया। एसडीएम धर्मेश रामोत्रा ने बताया कि प्रशासन की ओर से राहत मैनुअल के अनुसार 10,000 रुपए नकद, तिरपाल, बर्तन एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई है, जबकि राजस्व विभाग नुकसान का विस्तृत आकलन कर रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### लग स्कूल में स्वयंसेवियों ने की गांव के रास्तों की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलग में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रविवार को उत्साहपूर्वक समापन हो गया। समाजसेवी और व्यवसायी सोहन लाल पांडे कार्यक्रम में मुख्यातिथि रहे, जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य रमेश चंद शर्मा ने की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बनीता रानी और अमन शरवान ने बताया कि शिविर के दौरान गोद लिए गांव नल्लू, आसपास के मंदिरों, स्कूल परिसर, पीएचसी बलग और गांव के रास्तों की सफाई की गई। साथ ही नशा उन्मूलन, आपदा प्रबंधन, वन्य जीव संरक्षण, प्राथमिक उपचार, पौष्टिक आहार, करियर विकल्प और एनएसएस गतिविधियों पर आधारित बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर ज्योति शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, सोहन लाल, रीना देवी सहित स्कूल के सभी शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

### तारादेवी के पास ट्रक-कार टक्कर से यातायात जाम, यात्री परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शोघी बाजार से आईएसबीटी क्रॉसिंग तक रविवार सुबह लंबा जाम लग गया। सड़क पर सैंकड़ों वाहनों की कतारें लगने से यात्री घंटों फंसे रहे। अचानक बढ़े वाहन दबाव और संकरी सड़क के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तारादेवी के पास ट्रक और कार में हुई जोरदार टक्कर के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। दुर्घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्रेन की मदद से वाहनों को हटाया, लेकिन तब तक यातायात पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका था। राहत कार्य शुरू होने के बाद धीरे-धीरे यातायात सुचारु किया जा सका।

### रिज के पास पर्यटकों और स्थानीय युवकों में हुई मारपीट का वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** राजधानी शिमला के रिज पर स्थित रिट्ज के पास रविवार देर शाम पर्यटकों और स्थानीय युवकों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट होने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई होती दिख रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

### संजौली मस्जिद में नमाज रोकने के विवाद में चार महिलाओं सहित छह पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला की चर्चित संजौली मस्जिद में तब तनाव पैदा हो गया था जब स्थानीय महिलाओं ने मस्जिद पहुंचे रहे युवकों को नमाज अदा करने से रोक दिया था। महिलाओं का कहना था कि अदालत द्वारा अवैध घोषित की गई मस्जिद में नमाज कैसे पढ़ी जा सकती है। विवाद बढ़ने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली, लेकिन नमाजी बिना नमाज पढ़े ही लौट गए। इस संदर्भ में घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने 4 महिलाओं सहित 6 लोगों पर सांप्रदायिक सौहार्द भंग करने और कानून व्यवस्था प्रभावित करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, दूसरे राज्यों से आए कई लोग नमाज पढ़ने पहुंचे थे, लेकिन देवभूमि संघर्ष समिति से जुड़े कुछ लोगों द्वारा उनका विरोध किया गया। स्थानीय महिलाओं ने नारेबाजी की और नमाजियों से पहचान पत्र दिखाने की मांग भी की। वहीं महिलाओं का आरोप है कि विशेष समुदाय के कुछ युवक उनके घरों के पास से गुजरते समय असामाजिक हरकतें करते हैं। मामला जांच के अधीन है और पुलिस ने कहा है कि वीडियो व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वरिष्ठ पत्रकार नलिन आचार्य के निधन पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वरिष्ठ पत्रकार और चंडीगढ़ प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष नलिन आचार्य, जिन्हें हिमाचल में बंधु के नाम से जाना जाता था, के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 67 वर्षीय नलिन आचार्य का निधन मीडिया जगत और समाज दोनों के लिए एक बड़ी क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# हिमाचल में अवैध कब्जे हटाने में दिखने लगा 'बिल्ली-चूहे का खेल'

## अतिक्रमण हटाने के आदेशों और राजनीति के बीच उलझी न्याय की राह

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अवैध अतिक्रमण का मुद्दा अब केवल कानूनी कार्यवाही का विषय नहीं रहा, बल्कि यह शासन, उत्तरदायित्व और राजनीतिक इच्छाशक्ति की असली परीक्षा बन गया है। जंगलों की हरी-भरी धरती पर फैली सीमेंट, सेब-बागानों की ओट में पनपी निजी जमीनदारी और उसके बाद अदालतों में चल रहा लगातार बिल्ली-चूहा का खेल, यह पूरा घटनाक्रम जनता की उम्मीदों को झुलसाने लगा है। कभी हाईकोर्ट का आदेश, कभी सुप्रीम कोर्ट से स्टे, फिर नया हलफनामा, फिर अगली तारीख, यह सिलसिला इतना लंबा खिंच चुका है कि लोग अब सवाल पूछ रहे हैं, क्या वास्तव में हिमाचल से अतिक्रमण हटेगा भी या आदेशों की ये रेलगाड़ी हमेशा यूं ही पटरी पर आवाज मारती हुई आगे बढ़ती रहेगी?

मिली जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट ने हालिया सुनवाई में स्पष्ट कहा कि सरकार द्वारा पहले दिए गए जवाब न तो विस्तृत थे और न ही कार्रवाई की कोई ठोस तस्वीर पेश करते थे। अदालत ने सरकार से पूछा कि जमीनी स्तर पर क्या हुआ, कहां हुआ और क्या वाकई हुआ भी या नहीं? यह टिप्पणी बताती है कि जो रिपोर्टें अदालत तक पहुंच रही हैं, वे शायद सरकारी प्रयासों की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करतीं। अतिक्रमण के मामलों में सरकार की धीमी गति अब खुलकर दिखाई देने लगी है। पंचायतीराज चुनाव सिर पर हैं और यह आशंका लगातार बढ़ती जा रही है कि सरकार कठोर कदम उठाने से बच रही है। प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई का ढोल जरूर पीटा जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत में बस हल्की-फुल्की औपचारिकता दिखाई दे रही है। कोटखाई में कुछ माह पहले हुई कार्रवाई के बाद से कोई बड़ा अभियान सामने नहीं आया। पेड़ कटे, आदेश जारी हुए, मगर बेदखली की कार्रवाई वहीं से ठंडी पड़ गई जहां से शुरू हुई थी।

अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया अब जलेबी की तरह गोल-गोल घूम रही है। कभी हलफनामा जमा करने का आदेश, कभी नए नोटिस, कभी अगले महीने की तारीख, इस क्रम ने आम जनता में यह भावना जगाई है कि प्रशासन जान-बूझकर मामले को टाल रहा है। नाप-तोल की औपचारिकताओं ने जनता में भरोसे की बजाय निराशा ही बढ़ाई है। अदालत द्वारा कड़े शब्दों में फटकार लगाने के बावजूद, समान दृष्टि से और समान कठोरता से कार्रवाई होते नहीं दिख रही है।

### जंगलों को बचाने की पुकार के बीच समान कार्रवाई की मांग

**यह** मामला केवल अवैध कब्जे का नहीं है, यह हिमाचल की आत्मा कहे जाने वाले जंगलों के भविष्य का प्रश्न है। वर्षों से लोगों ने हरी भूमि को साफ कर निजी बगीचे और निर्माण खड़े किए, और अब जब कानूनी कार्रवाई का समय आया है, तो राजनीति और प्रक्रियाओं की परतें इसे लगातार जकड़ रही हैं। समाज का स्पष्ट मानना है कि चाहे कोई कितना बड़ा, प्रभावशाली या रसूखदार क्यों न हो, इस अपराध पर एक समान प्रहार होना चाहिए।

### न्याय की हांफती यात्रा में अतिक्रमण पर कड़ी कार्रवाई कब?

**अब** वक्त है कि अदालत के आदेश केवल फाइलों में न घूमें, बल्कि जमीनी सच्चाई पर उतरें। हिमाचल के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि जंगलों को बचाने की इस लड़ाई में राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई हो, ऐसी कार्रवाई जो केवल कुछ जगहों पर औपचारिक न बने, बल्कि पूरे प्रदेश में कानून का समान वर्चस्व स्थापित करे, क्योंकि प्रकृति से किया गया अतिक्रमण सिर्फ जमीन का नहीं, आने वाली पीढ़ियों का भी अतिक्रमण है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

# शिक्षित व्यक्ति की राष्ट्र निर्माण में होती है अहम भूमिका : रोहित ठाकुर



खद्दर स्कूल के पारितोषिक वार्षिक वितरण समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जिला**

शिमला के चौपाल उपमंडल के खद्दर में आयोजित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खद्दर के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य को सुसंस्कृत बनाती है और शिक्षित व्यक्ति राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी होता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वर्ष भर की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया और शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों व शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि खद्दर स्कूल के भवन निर्माण के लिए 30 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए गए हैं और जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए अनेक पहलें की हैं, जिनके तहत अब तक लगभग 7000 नियमित शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है, जबकि 9000 से अधिक पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। दिसंबर माह में टीजीटी की परीक्षा भी प्रस्तावित है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि विद्यालयों के नियमित निरीक्षण और नवीन शिक्षण पद्धतियों के उपयोग से शिक्षा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हिमाचल के पूर्ण साक्षर राज्य घोषित होने पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि एएसईआर और एनएएस सर्वे में भी प्रदेश का प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने स्कूल के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए और बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रशंसा की।

# युवाओं के भविष्य से खेल रही सुक्खू सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार का हर कदम प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि पहली कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरी और पांच लाख रोजगार देने की गारंटी करके सत्ता में आई कांग्रेस सरकार अब बिजली मित्रों को आउटसोर्स पर रखने की तैयारी कर रही है।

**सरकारी नौकरी के वादों और आउटसोर्स एजेंसियों के चयन पर भी उठाए गंभीर सवाल**



उन्होंने पूछा कि जब युवाओं से 58 साल वाली पक्की, पेंशनयुक्त नौकरी देने का वादा किया गया था, तो अब 'मित्र योजना' जैसी अस्थायी व्यवस्थाओं के जरिए उनका भविष्य क्यों दांव पर लगाया जा रहा है।

जयराम ठाकुर ने शिमला से जारी बयान में कहा कि सरकार न तो पक्की नौकरियां दे रही है और न ही आउटसोर्स में पारदर्शिता बरत रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में बैठे बड़े लोगों के इशारे पर पहले खास लोगों से आउटसोर्स कंपनियां खुलवाई गईं और बाद में इन्हीं एजेंसियों के माध्यम से युवाओं की भर्ती के नाम पर भारी वसूली का खेल शुरू हुआ। उन्होंने दावा किया कि आउटसोर्स भर्ती से जुड़े जिन लोगों पर गंभीर आरोप लगे, वे मुख्यमंत्री के बेहद करीबी हैं और इसी कारण उन एजेंसियों पर सवाल उठने के बावजूद संरक्षण जारी है। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय भी समय-समय पर इन एजेंसियों की कार्यप्रणाली और पृष्ठभूमि पर प्रश्नचिन्ह लगा चुका है।

### युवाओं के साथ छलावा बंद करे सरकार

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि 'स्वमित्र हितैषी' सरकार अपनी चुनावी गारंटियों को याद करे और युवाओं से किए गए वादों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि मित्र योजना के नाम पर युवाओं को नाममात्र का मानदेय देकर उनका शोषण किया जा रहा है, जबकि मुख्यमंत्री के करीबी लोगों को सभी सुविधाएं दी जा रही हैं। जयराम ठाकुर ने मांग की कि सरकार मित्र योजना को खत्म करे और युवाओं को उनकी गारंटी के अनुसार ठूंजा साल वाली पक्की नौकरी दे, ताकि उनके भविष्य को अस्थिरता और अनिश्चितता के अंधेरे से बाहर निकाला जा सके।

# एलएंडटी समूह ने आपदा राहत में दिया पांच करोड़ का योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लार्सन एंड टुब्रो समूह ने हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के बाद राहत और पुनर्वास कार्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार को पांच करोड़ रुपए का उदार सहयोग प्रदान किया। एलएंडटी के वरिष्ठ अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल रविवार को हिमाचल सदन, नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला और यह चेक भेंट किया।

प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी उपाध्यक्ष एआर सोनी, उप-महाप्रबंधक सचिन राणा और प्रशासन प्रमुख तरुण कुमार दत्त शामिल थे। बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि हिमाचल की आपदा प्रभावित जनता के साथ उनके समूह की पूरी संवेदनाएं हैं और कठिन समय में सहयोग देना सामाजिक दायित्व के रूप में उनकी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस योगदान के लिए एलएंडटी समूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग राहत और पुनर्वास कार्यों को और अधिक गति देगा।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आपदा राहत के लिए पांच करोड़ रुपए का चेक भेंट करता एलएंडटी समूह का प्रतिनिधिमंडल।

# बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सत्य श्री साईं बाबा को किया याद

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** रामपुर के अयोध्या नाथ मंदिर में श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा बाल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कोयल, रामपुर, दकोलड और कल्याणपुर के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सत्य श्री साईं बाबा को याद किया।

श्री सत्य साईं सेवा समिति रामपुर के कन्वीनर श्यामलाल गुप्ता ने बताया कि श्री सत्य सेवा समिति का प्रयास है कि बच्चों को अपने संस्कारों के बारे में जागरूक किया जाए, क्योंकि बाबा जी का संदेश है कि बच्चे कल के नागरिक हैं, इसलिए उन्हें संस्कारवान बनाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि इस बारे मुख्य कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के पुट्टापर्थी बाबा जी के जन्म स्थान पर आयोजित किया जा रहा है। वहां पर 140 देशों के हजारों बाबा भक्त मौजूद हैं।

इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर के उपप्रधानाचार्य पीपी डोलता ने किया। उन्हें कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इस मौके पर समिति सदस्य कमलजीत, दिलीप शर्मा, लेखराज, करण कनैन, राम सिंह, नीलकमल, उषा गुप्ता, सुषमा कौशल, सरिता, शकुंतला विमल, राधा कश्यप विशेष रूप से मौजूद रहे कार्यक्रम के बाद भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।



मुख्यातिथि को सम्मानित करते श्री सत्य साईं सेवा समिति के सदस्य।



जुन्गा स्कूल के वार्षिक समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करती मुख्यातिथि सोनिया सिंह मान।

# आर्यन सूद को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' खिताब से किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि समाजसेविका सोनिया सिंह मान ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आर्यन सूद को स्टूडेंट ऑफ द ईयर के खिताब से सम्मानित किया गया। छात्रों ने नाटी, गिद्दा, करियाला और एकल गायन जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नशा मुक्ति संदेश पर आधारित लघु नाटक ने सभी की सराहना बटोरी। विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों और खेल प्रतिभाओं को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि चार सदनों में टैगोर सदन को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रधान बंसीलाल कश्यप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रेस में पारदर्शिता लोकतंत्र की मजबूती का आधार : धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज के वंचित वर्गों की आवाज को मजबूत करने के साथ-साथ पारदर्शिता बढ़ाने में अहम योगदान देता है। एआई और डीप फेक जैसी तकनीकों के चलते बढ़ती भ्रामक सूचनाओं पर चिंता जताते हुए धर्माणी ने कहा कि सही और तथ्यपरक सूचना ही लोकतंत्र को जीवंत और जीवित रख सकती है।

**नरेश चौहान बोले-मीडिया सरकार और जनता के बीच करता है सेतु का कार्य**

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने कहा कि मीडिया, सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि सरकार के जनहितैषी कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाना और जनता की प्रतिक्रिया को सरकार तक पहुंचाना मीडिया का दायित्व है। चौहान ने तथ्य-आधारित पत्रकारिता को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए मीडिया को आत्ममंथन करते रहना चाहिए। समारोह में निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क राजीव कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और मीडिया कर्मियों को प्रेस दिवस की बधाई दी।

# राष्ट्रीय प्रेस दिवस मीडिया की स्वतंत्रता का प्रतीक : कर्ण नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर मीडिया जगत को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकारिता का मूल मंत्र हमेशा से रहा है, जनता की आवाज को सशक्त बनाना और लोकतंत्र को मजबूत बनाना। उन्होंने कहा कि 16 नवंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय प्रेस दिवस भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना का प्रतीक है, जो पत्रकारिता को स्वतंत्र, उच्च मानकों और निष्पक्षता की राह दिखाने वाला प्रमुख स्तंभ है। नंदा ने बताया कि देश में पंजीकृत प्रकाशनों की संख्या 2004-05 में 60,143 से बढ़कर 2024-25 में 1.54 लाख तक पहुंचना दर्शाता है कि भारत में पत्रकारिता का विस्तार और प्रभाव लगातार बढ़ रहा है।



उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रेस एवं पत्रिका पंजीकरण अधिनियम 2023 सहित कई महत्वपूर्ण मीडिया सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये कानून पत्रकारों की सुरक्षा, अधिकारों और मीडिया पारदर्शिता को मजबूत करते हैं। नंदा ने बताया कि श्रमजीवी पत्रकार अधिनियम 1955 में हुए सुधारों ने पत्रकार हितों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की है। साथ ही भारतीय प्रेस परिषद की 1979 में नई संरचना के बाद इसकी भूमिका और प्रभाव और अधिक बढ़ा है, ताकि मीडिया किसी भी बाहरी दबाव से मुक्त रहकर कार्य कर सके।

नंदा ने पत्रकार कल्याण योजना के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2001 में शुरू हुई इस योजना में 2019 में संशोधन किया गया और आज यह कठिन परिस्थितियों में पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए बड़ा सहारा है। योजना में मृत्यु अथवा स्थायी विकलांगता की स्थिति में 5 लाख रुपए तक की सहायता, गंभीर बीमारियों के उपचार पर 3 लाख रुपए तक, तथा दुर्घटनाओं में गंभीर चोटों के लिए 2 लाख रुपए तक की वित्तीय मदद का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की रीढ़ हैं और उनके हितों की रक्षा करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।

## शिमला में 6.910 ग्राम चिट्टे समेत 3 युवक दबोचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में पुलिस की नशा-विरुद्ध कार्रवाई के तहत लोअर खलीनी के फौजी शॉप क्षेत्र के पास एसआईयू टीम ने शनिवार देर शाम संदिग्ध गतिविधि के आधार पर तीन युवकों को पकड़कर उनकी तलाशी में कुल 6.910 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की। आरोपियों में अंबाला (हरियाणा) के रजत कुमार (30) व शुभम घई (29) तथा शिमला के रामपुर के कमलेश वर्मा (25) शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि ये नशे की खेप शिमला में सप्लाई करने आए थे। थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों के मोबाइल व संपर्कों की जांच कर पूरे नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास जारी है।

**आस्था** | शांत महायज्ञ में दिखेगा परंपरा, श्रद्धा और देव-संस्कृति का विराट उत्सव

# ऊपरी शिमला की झड़ग पंचायत में 55 साल बाद होगा शांत महायज्ञ

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** ऊपरी शिमला की पर्वतीय वादियों में सदियों पुरानी देव-परंपराओं की सुगंध आज भी उसी पवित्रता के साथ बहती है, जैसे हिमालय की शीतल हवाएं। यहां के गांवों में देवता केवल आस्था नहीं, जीवन का हिस्सा हैं, उनके पर्व, अनुष्ठान और यज्ञ लोक-जीवन की धड़कन को संचालित करते हैं। इन्हीं परंपराओं में से एक है शांत महायज्ञ, जो सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि सुख, समृद्धि और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जाता है। वर्षों बाद जब यह महायज्ञ किसी क्षेत्र में पुनः आयोजित होता है, तो ग्रामीणों में एक विशेष उत्साह और गहन श्रद्धा जागृत हो उठती है।

जानकारी के अनुसार इस बार शांत महायज्ञ ऊपरी शिमला के झड़ग में आयोजित होने जा रहा है, जहां यह लगभग 55 वर्षों बाद पूर्ण परंपरागत विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। बुशहर राज्य की देव-संस्कृति में देवता नागेश्वर का अत्यंत विशेष स्थान है। पांच पंचायतों के लोग इन्हें ग्राम-रक्षक के रूप में पूजते हैं और जब उनके सम्मान में शांत महायज्ञ होता है, तो इसे पूरे क्षेत्र में शुभता और रक्षा का पर्व माना जाता है। इस महायज्ञ में दूर-दूर से श्रद्धालुओं के आने की परंपरा रही है और अनुमान है कि इस बार हजारों लोग इस पवित्र अनुष्ठान के साक्षी बनेंगे।

शांत महायज्ञ तीन दिनों तक चलता है। पहला दिन संघेडा के नाम से जाना जाता है, जिसमें देवता का आगमन और सामूहिक मंगलाचार होता है। दूसरा दिन शिखा पूजन का दिवस है, जहां गांव का पूरा समुदाय देवताओं के सम्मुख अपनी श्रद्धा और संकल्प अर्पित करता है और विशेष प्रक्रिया के तहत देवी-देवताओं की पूजा संपन्न होती है। तीसरे दिन उछड़-पाछड़ की पावन क्रिया होती है, जिसे महायज्ञ का अंतिम अहम हिस्सा माना जाता है। इन तीनों दिनों में पूरा क्षेत्र देव-परंपराओं, धूप-धूणी, नगाड़ों और नृत्य-गान की सामूहिक स्वर-लहरियों से प्रतिध्वनित होता है। विशेष बात यह है कि इस आयोजन में रामपुर बुशहर, रोहडू, चढगांव और जुब्बल क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन देवी-देवताओं को आमंत्रित किया गया है, रामपुर बुशहर, चढगांव और अन्य देवस्थानों से देव-मंडलियों के पहुंचने की तैयारी शुरू हो गई है। देवताओं के आगमन के साथ समूची घाटी में जो अलौकिक वातावरण बनता है, उसे स्थानीय लोग देव-धूम कहते हैं, जो शांत महायज्ञ के आकर्षण और आध्यात्मिक गरिमा को कई गुना बढ़ा देता है।

इन विशाल व्यवस्थाओं को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और देवता कमेटी ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। पार्किंग, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ बनाया जा रहा है ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### तैयारियों को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**अंत** में, इस महायज्ञ को शांतिपूर्ण और सफल बनाने के लिए हाल ही में एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता झड़ग में हुई चर्चा के दौरान राज्य के शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय विधायक रोहित ठाकुर ने अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ की। उन्होंने सभी विभागों से समय पर तैयारी सुनिश्चित करने और ग्रामीणों से समन्वय रखने का आग्रह किया, ताकि यह ऐतिहासिक महायज्ञ परंपराओं की चमक और सार्वजनिक सहभागिता के साथ सौहार्दपूर्वक संपन्न हो सके।

**देवपरंपरा का दिखेगा अनोखा लोक-उत्सव**

अनंत ज्ञान स्पैशल

# कुटाखर के फायदे अनेक



**हमारे** स्वास्थ्य को ठीक रखने में कई जंगली पेड़-पौधे मददगार होते हैं और ऐसा ही एक पेड़ है कुटाखर, जिसको हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर खानोट भी कहा जाता है। यह वनस्पति परिवार सैपिन्देसी का सदस्य है और इसका वैज्ञानिक नाम एसकूलस इंडिका है। कुटाखर का पेड़ अमूमन 2000 मीटर की अधिक ऊंचाई से ऊपर के स्थानों पर मिलता है। कुटाखर, मंडी, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, शिमला, सोलन आदि जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों मे पाया जाता है। कुटाखर के एक नहीं, कई फायदे हैं। यह स्थानीय लोगों के लिए एक बहुदेशीय वृक्ष है तथा भोजन, चारा, इंधन, दवाई, साबुन, खिलौनों एवं मूर्ति निर्माण, आय के साधन या सजावटी पेड़ के रूप में निम्न प्रकार से उपयोग किया जाता है।

| क्रम | पारंपरिक उपयोग | उपयोग की विधि | लाभ |
|---|---|---|---|
| बीज | अकाल या कठिन समय में भोजन के रूप में | बीजों को उबालकर या धोकर विषैले तत्वअ हटाकर सुखाकर आटा बनाया जाता है | ऊर्जावान, शरीर को गर्म रखने वाला, सर्दियों में लाभकारी |
| बीज | साबुन | बीजों को छोटे- छोटे टुकड़ों में काटकर पानी में उबाला जाता है | बाल, शरीर और कपड़े धोने के लिए |
| बीज पाउडर | गठिया, जोड़ों का दर्द | बीजों का पेस्ट या चूर्ण प्रभावित भाग पर लगाया जाता है | सूजन व दर्द में राहत |
| बीज | दुधारू पशुओं को दिया जाता | बीजों का आटा | दुग्ध उत्पादन में वृद्धि |
| छाल | बुखार, दस्त, त्वचा रोग | छाल का काढ़ा तैयार कर सेवन किया जाता है | कसैला, रोगाणुनाशक, पाचन सुधारक |
| पत्तियां | पशु चारे के रूप में | सुखाकर या ताजी पत्तियां दी जाती हैं | पाचन में सहायक, ऊर्जा प्रदान करने वाली |
| फूल | सौंदर्य व सजावटी उपयोग | वृक्ष वसंत ऋतु में सुंदर पुष्पों से ढक जाता है | मधुमक्खी पालन (बी-फॉरेज) हेतु उपयोगी |
| लकड़ी | खिलौने एवं मूर्ति निर्माण | शेहतूत, देवदार, अखरोट की लकड़ी के साथ उपयोग की जाती है | मूर्ति बनाने में उपयोगी गुणवता के हिसाब से 30,000 से 1,00,000 रुपए रहती है कीमत |

## खाद्य महत्व

इसके बीज से बनने वाला आटा, जिसे तत्तवाखर भी कहा जाता है, इतना गुणकारी है कि इसका दाम 1000 रुपए से 1200 रुपए किलो तक रहता है। इसमें पाए जाने बाले पोषक तत्व महिलाओं को महामारी से होने वाली परेशानियों से बचाते हैं तथा यह बबासीर एवं नाड़ियों में सूजन की समस्या को दूर करने में भी बहूत लाभकारी है। आमतौर पर महिलाएं इसका हवला या बबरु बनाकर खाती हैं। कुटाखर के पके हुए बीज खाने योग्य होते हैं। इन्हें अच्छी तरह से धोने और सुखाने के बाद आटे में पीसा जाता है, जिसे तत्तवाखर कहते हैं। इसका सेवन भूख कम करता है, इसलिए इसे आमतौर पर उपवास में खाया जाता है। तत्तवाखर को मुख्य रूप से हलवे के रूप में या अन्य मीठे व्यंजन सीक के रूप में बनाया जाता है। हलवा बनाने के लिए आटे को पानी में डुबोया जाता है और पकाने से पहले इसकी कड़वाहट को दूर करने के लिए अच्छी तरह से धोया जाता है। बेहतर स्वाद के लिए इसे गेहूं के आटे के साथ चपाती या हलवा बना कर खाया जा सकता है। पुराने समय में इसे आपातकालीन भोजन के रूप में इस्तेमाल किया जाता था।



## स्वास्थ्य और समृद्धि का खजाना

**कुटाखर** में फ्लैवोनॉइड और ग्लाइकोसाइड होते हैं, जो शरीर की संरचना को मजबूत बनाते हैं। इसके बीजों में प्रचुर मात्रा में सेपोलिन, एसकुलिन और पाइसल आदि कैमिकल पाए जाते हैं। इसमें मिलने वाला एसकुलिन अल्सर तथा महामारी के समय होनी वाली परेशनियों (जैसे कि अधिक रक्त बहने की समस्या) को दूर करता है। कुटाखर में पाए जाने वाले तत्व नाड़ियों की सूजन, बबासीर तथा पेट के विकारों को दूर करते हैं। इसके बीजों से बनने वाला तेल जोड़ों के दर्द के लिए कारगर है तथा गठिया रोग में यह तेल बाह्य रूप से लगाया जाता है। आधुनिकता के इस दौर में कुटाखर जैसे पौधे जिनके उत्पाद बनाने में अधिक समय और मेहनत लगती है, उनका उपयोग नाममात्र ही रह गया है और इनके महत्वपूर्ण हिस्से स्थानीय स्तर पर ही बर्बाद हो जाते हैं। हालांकि, सामाजिक वानिकी कार्यक्रमों के अंतर्गत भी इसको बड़े पैमाने पर जंगलों तथा सड़क के किनारे उगाया जाता है, परंतु बहुत ही कम लोग इसको भोजन या औषधीय के रूप में उपयोग करते हैं।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

## आटा इसलिए होता है महंगा

**बीजों** से तैयार किया हुआ कुटाखर का आटा औषधीय एवं पौष्टिक गुणों से भरपूर होता है। इसे तैयार करने के लिए स्थानीय लोग बोरी में भरकर जंगल से बीज लेकर आते हैं, लेकिन 30 से 35 किलो बीजों से केवल दो से तीन किलो आटा ही निकलता है। बीजों को तोड़ने के बाद पीसा जाता है और एक घड़े (छडोलू) में डालकर इन्हें सात से आठ बार अलग-अलग पानी से धोया जाता है। कुटाखर में सैपोनींन होता है, जिसकी वजह से बीज कड़वे होते हैं और इसे धोकर ही निकाला जाता है। धोने के बाद इसे पानी में अलग से बड़े बर्तन जिसे परात कहते हैं, में रखा जाता है। इसमें आटा पानी की स्तह पर बैठ जाता है, जबकि गंदा पानी ऊपर तैरता है, जिसे निकालने के बाद बचे हुए आटे को अलग करके सूखाया जाता है। आटे के निर्माण में लगने वाली अधिक मेहनत और इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों के कारण इसका दाम 1000 रुपए से 1200 रुपए किलो तक रहता है।

### औषधीय उपयोग एवं उपयोग की विधि

| क्र. | उपयोग | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | शिराओं की सूजन | बीज का अर्क रक्त संचार को सुधारता है व शिराओं की दीवारों को मजबूत करता है। |
| 2 | सूजन और दर्द निवारण | बीजों और छाल से बने लेप को सूजन वाले स्थानों पर लगाया जाता है। |
| 3 | गठिया एवं जोड़ों के दर्द में | बीजों का चूर्ण या अर्क दर्द और कड़न को कम करता है। |
| 4 | पाचन तंत्र की कमजोरी में | कम मात्रा में इसका काढ़ा पेट की गैस, अपच और कब्ज को दूर करता है। |
| 5 | त्वचा रोगों में | पत्तों का रस खुजली और चर्मरोगों में उपयोगी माना जाता है। |
| 6 | हृदय और रक्तवाहिनी तंत्र के लिए | आधुनिक हर्बल चिकित्सा में इसे रक्त संचार सुधारक के रूप में प्रयोग किया जाता है। |



डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी



### पौष्टिक मूल्यः बीजों का पोषण मूल्य (100 g)

| क्रम | पोषक तत्व | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | ऊर्जा | 340-360 kcal |
| 2 | कार्बोहाइड्रेट | 55-60 g |
| 3 | प्रोटीन | 6-8 g |
| 4 | वसा | 2-3 g |
| 5 | फाइबर | 4-6 g |
| 6 | कैल्शियम | 90-120 mg |
| 7 | फॉस्फोरस | 180-200 mg |
| 8 | आयरन | 2.5-3 mg |
| 9 | पोटैशियम | 300-350 mg |
| 10 | मैग्नीशियम | 40-50 mg |
| 11 | विटामिन सी | 8-10 mg |
| 12 | विटामिन बी1 | 0.18 mg |
| 13 | नमी | 10-12 g |



# डायबिटीज 'साइलेंट बोन किलर' हड्डियों को अंदर से करती खोखला



**डायबिटीज** को केवल ब्लड शुगर की बीमारी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि सच्चाई इससे कहीं अधिक गहरी है। डॉक्टरों और कई अंतरराष्ट्रीय शोधों के अनुसार, डायबिटीज एक 'साइलेंट बोन किलर' बन चुकी है, जो बिना किसी शोर-शराबे के हड्डियों को अंदर से खोखला करती जा रही है। खराब जीवनशैली, असंतुलित खानपान, तनाव और बढ़ते वजन ने इस बीमारी का दायरा इतना फैलाया है कि अब इसका असर केवल किडनी, आंखों और दिल पर ही नहीं, बल्कि हमारी हड्डियों की मजबूती पर भी सीधा पड़ रहा है। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि लंबे समय तक बढ़ा हुआ ब्लड शुगर शरीर में हड्डियों के बनने और टूटने की प्राकृतिक प्रक्रिया को बिगाड़ देता है। यही कारण है कि डायबिटीज रोगियों में फ्रैक्चर का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में लगभग दो गुना अधिक पाया गया है। हड्डियों का मजबूत रहना पूरी तरह इस बात पर निर्भर करता है कि शरीर में उनका निर्माण और टूट-फूट का चक्र कितनी संतुलित अवस्था में चल रहा है। लेकिन जब ब्लड शुगर लगातार ऊंचा बना रहता है तो यह संतुलन टूटने लगता है। हड्डियों का घनत्व कम होने लगता है, वे खोखली और नाजुक होती जाती हैं और हल्की चोट भी फ्रैक्चर का कारण बन सकती है। चिकित्सा विशेषज्ञ बताते हैं कि ब्लड शुगर बढ़ने से ओस्टियोआर्थराइटिस, जोड़ों की सूजन, लिगामेंट में स्ट्रेन और घुटनों की कमजोरी की समस्या तेजी से बढ़ती है। यह स्थिति आगे चलकर आर्थराइटिस में भी तब्दील हो सकती है।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र





मस्त राम
स्वास्थ्य पर्यवेक्षक क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर

## संकेतों को न करें अनदेखा

**डायबिटीज** का एक और गंभीर प्रभाव है- हाइपरग्लाइसेमिया द्वारा पैदा होने वाली शरीर की सूजन। शरीर में लगातार बनी यह इंफ्लेमेशन जोड़ों में दर्द, अकड़न और चलने-फिरने में मुश्किल पैदा करती है। मरीज धीरे-धीरे शारीरिक गतिविधियों से दूर होने लगता है, जिससे मासपेशियां भी कमजोर पड़ने लगती हैं, और यह स्थिति हड्डियों को और अधिक नुकसान देती है। लोग डायबिटीज में हड्डियों की कमजोरी की शुरुआती चेतावनियों पर ध्यान नहीं देते। यदि लगातार घुटनों या कंधों में दर्द, जोड़ों में सूजन, हल्की चोट में भी फ्रैक्चर या बोन डैंसिटी कम होने के लक्षण दिखाई दें, तो यह संकेत हो सकता है कि डायबिटीज आपकी हड्डियों को नुकसान पहुंचा रही है। इन संकेतों को अनदेखा करना भविष्य में गंभीर समस्याएं खड़ी कर सकता है।

## सही जीवनशैली अपनाना जरूरी

डायबिटीज के मरीजों को अपनी लाइफस्टाइल और खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम और विटामिन डी का सेवन जरूरी है। भोजन में दूध, दही, पनीर, दालें और हरी सब्जियां शामिल करनी चाहिए। हल्की सुबह की धूप में 20-25 मिनट टहलना विटामिन डी का प्राकृतिक और प्रभावी स्रोत है। रोजाना हल्की फिजिकल एक्टिविटी, योग और नियमित व्यायाम हड्डियों के घनत्व को बेहतर बनाए रखते हैं। मीठे और हाई कार्बोहाइड्रेट भोजन का सेवन कम करें और वजन को नियंत्रित रखना न भूलें।

# क्रोध और होम्योपैथिक उपचार

**क्रोध एक स्वाभाविक भावना है, जो हर व्यक्ति में होती है, लेकिन जब यह अत्यधिक या बार-बार आने लगे तो यह मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, तनाव, असफलताएं, पारिवारिक या पेशेवर दबाव के कारण कई लोग 'एंगर इश्यूज़' यानी क्रोध नियंत्रण की समस्या से जूझ रहे हैं।**

## क्रोध के कारण

क्रोध का मुख्य कारण केवल बाहरी परिस्थितियां नहीं होतीं, बल्कि व्यक्ति के अंदर की मानसिक स्थिति भी होती है। कुछ सामान्य कारण इस प्रकार हैं

**मानसिक तनावः** लगातार तनाव, चिंता और असुरक्षा की भावना से व्यक्ति जल्द गुस्सा करने लगता है।

**हार्मोनल असंतुलनः** विशेषकर युवाओं या महिलाओं में हार्मोनल बदलाव के दौरान चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है।

**नींद की कमीः** पर्याप्त नींद न मिलने से मानसिक थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ता है।

**आत्म-सम्मान की समस्याः** खुद को कम आंकना या दूसरों से तुलना करना भी क्रोध को जन्म देता है।

**नशे का सेवनः** शराब या नशे की लत व्यक्ति को नियंत्रण खोने पर मजबूर कर देती है।

## क्रोध के प्रभाव

अत्यधिक क्रोध केवल मानसिक ही नहीं बल्कि शारीरिक रूप से भी हानिकारक होता है-

- उच्च रक्तचाप
- हृदय गति का तेज़ होना
- सिरदर्द, माइग्रेन
- पाचन की समस्या
- नींद न आना
- रिश्तों में दूरी व सामाजिक अलगाव
- लंबे समय तक अनियंत्रित क्रोध व्यक्ति को डिप्रेशन, चिंता या अन्य मानसिक विकारों की ओर ले जा सकता है।



## क्रोध को नियंत्रित करने के उपाय

गहरी सांस लेना और ध्यान करनाः मेडिटेशन और प्राणायाम क्रोध पर नियंत्रण के लिए अत्यंत प्रभावी हैं।

**नियमित व्यायामः** इससे शरीर में तनाव कम होता है और मस्तिष्क शांत रहता है।

**अपनी भावनाओं को व्यक्त करेंः** गुस्से को दबाने के बजाय शांतिपूर्वक अपनी बात रखें।

**अच्छी नींद लेंः** नींद की कमी से चिड़चिड़ापन बढ़ता है।

**सकारात्मक सोच अपनाएंः** परिस्थितियों को शांत मन से देखने की आदत डालें। क्रोध एक सामान्य भावना है, लेकिन जब यह नियंत्रण से बाहर हो जाए तो यह आपके स्वास्थ्य, रिश्तों और जीवन के संतुलन को बिगाड़ सकता है। होम्योपैथिक दवाएं न केवल क्रोध को नियंत्रित करती हैं, बल्कि व्यक्ति के मानसिक और भावनात्मक संतुलन को भी बहाल करती हैं। हालांकि, किसी भी औषधि का सेवन योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक की सलाह से ही करना चाहिए ताकि दवा आपके स्वभाव, लक्षण और परिस्थिति के अनुसार दी जा सके। इस प्रकार, क्रोध का उपचार केवल दवाओं से नहीं, बल्कि आत्म-नियंत्रण, सकारात्मक सोच और होम्योपैथिक चिकित्सा के समन्वय से संभव है।



डॉ. निधि जोशी, गांधीधाम कच्छ (गुजरात)

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

## होम्योपैथिक उपचार

होम्योपैथी शरीर और मन दोनों पर संतुलित रूप से कार्य करती है। यह केवल लक्षणों को नहीं, बल्कि व्यक्ति के स्वभाव और भावनात्मक स्थिति को ध्यान में रखकर दवा देती है। क्रोध से संबंधित कुछ प्रमुख होम्योपैथिक औषधियां इस प्रकार हैं-

### Chamomilla

**यह** औषधि उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो बहुत चिड़चिड़े, असहिष्णु और बात-बात पर भड़कने वाले होते हैं। छोटे बच्चों में अत्यधिक रोना या जिद्दी व्यवहार के लिए भी उपयोगी है।

### Nux Vomica

यह दवा उन लोगों के लिए है जो काम का दबाव, तनाव और अधिक मानसिक परिश्रम के कारण गुस्से में रहते हैं। ऐसे व्यक्ति जल्दी चिड़चिड़े हो जाते हैं और छोटी बातों पर भी नाराजा हो जाते हैं।

### Staphysagria

यह औषधि उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो अपमान या दबे हुए क्रोध को अंदर ही अंदर सहते रहते हैं। बाहर से शांत दिखने वाले लेकिन भीतर से खिन्न व्यक्ति के लिए यह बहुत प्रभावी है।

### Ignatia Amara

**भावनात्मक** रूप से संवेदनशील व्यक्ति, जो दुख, निराशा या अपमान के कारण उदासी और गुस्से में रहते हैं, उनके लिए यह दवा अत्यंत लाभकारी है।

### Belladonna

**अचानक** गुस्सा आने वाले, आंखें लाल होने वाले और क्रोध में नियंत्रण खो देने वाले लोगों के लिए यह औषधि लाभदायक होती है।

### Lycopodium


उन लोगों के लिए जो अंदर से असुरक्षित महसूस करते हैं, आत्मविश्वास की कमी रखते हैं और बात-बात पर दूसरों पर हावी होने की कोशिश करते हैं।

# सर्वाइकल कैंसर का उपचार संभव

**सर्वाइकल** कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर, लेकिन रोके जा सकने वाला कैंसर है। यह गर्भाशय के निचले हिस्से, जिसे ग्रीवा कहा जाता है, में विकसित होता है। यदि समय रहते इस बीमारी का पता चल जाए, तो इसका इलाज संभव है। इस लेख में हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. राजेश कश्यप से सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, कारण, निदान और बचाव के उपायों पर चर्चा करेंगे। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर रोग है, जिससे हर साल देश में कई महिलाएं प्रभावित होती हैं। इससे हमारा हिमाचल प्रदेश भी अछूता नहीं है। जानकारी के अभाव में यह बीमारी अधिक घातक साबित होती है। डॉ. राजेश कश्यप का कहना है कि सर्वाइकल कैंसर की पहचान उसके शुरुआती लक्षणों से की जा सकती है।

## सामान्य लक्षण

**असामान्य** योनि रक्तस्राव, विशेष रूप से माहवारी के बीच या रजोनिवृत्ति के बाद संभोग के दौरान या बाद में रक्तस्राव (पोसकोयटल ब्लीडिंग) योनि स्राव में दुर्गंध और असामान्यता पैल्विक दर्द या संभोग के दौरान असहजता अगर इनमें से कोई भी लक्षण नजर आए, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। सर्वाइकल कैंसर गंभीर बीमारी है, लेकिन यदि सही समय पर इसकी पहचान हो जाए, तो इसका उपचार संभव है। महिलाओं को नियमित जांच करानी चाहिए और एचपीवी वैक्सीन लगवानी चाहिए। जागरूकता और सतर्कता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है।




- बचाव व निदान के लिए डॉक्टर का परामर्श जरूरी
- स्वस्थ आहार व व्यायाम से प्रतिरक्षा प्रणाली होती है मजबूत



डॉ. राजेश कश्यप ।

## सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख कारण

**यह** कैंसर मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है। इसके अलावा कुछ अन्य जोखिम कारक भी हैं। इसमें मुख्यतः असुरक्षित यौन संबंध और एक से अधिक यौन साथी, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, धूम्रपान और तंबाकू का सेवन, लंबे समय तक ओरल कॉन्ट्रासेप्टिव का उपयोग और अनियमित चिकित्सा जांच और खराब स्वच्छता।

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

## बचाव के उपाय

**एचपीवी वैक्सीनः** 9 से 26 वर्ष की महिलाओं को यह वैक्सीन लगवानी चाहिए।

**नियमित पैप स्मीयर टेस्टः** प्रारंभिक जांच से बीमारी को जल्दी पकड़ा जा सकता है।

**सुरक्षित यौन संबंधः** कंडोम का उपयोग करें और अनावश्यक जोखिम से बचें।

**धूम्रपान और तंबाकू से दूरीः** यह आदतें कैंसर के खतरे को बढ़ा सकती हैं।

## ऐसे करें निदान

हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. राजेश कश्यप ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर का निदान विभिन्न परीक्षणों के माध्यम से किया जाता है।

**पैप स्मीयर टेस्ट :** यह टेस्ट तीन साल में एक बार प्रत्येक यौन सक्रिय महिला को कराना चाहिए।

**एचपीवी टेस्टः** यह जांच वायरस की उपस्थिति का पता लगाती है।

**कोलपोस्कोपीः** यदि पैप स्मीयर टेस्ट में असामान्यता दिखती है, तो यह टेस्ट किया जाता है।

**बायोप्सीः** कैंसर की पुष्टि के लिए ऊतक का नमूना लिया जाता है।



# साइबर शातिरों ने अब तक की साढ़े छह करोड़ से अधिक की ठगी

## नवंबर तक पिछले वर्ष की अपेक्षा 35 लाख से अधिक चपत लगा चुके हैं शातिर

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** प्रदेश के सबसे बड़े कांगड़ा जिले में साइबर शातिर अब तक लोगों को अपने झांसे में लेकर साढ़े छह करोड़ से अधिक की चपत लगा चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष शातिरों द्वारा ठगी गई राशि से 35 लाख अधिक है।

स्टॉक ट्रेनिंग में जागरूकता व उचित जानकारी के अभाव में लोग शातिरों के झांसे में आकर अपनी खून पसीने की कमाई से हाथ धोने को मजबूर हो रहे हैं। हालांकि, साइबर टीम, पुलिस द्वारा लोगों को समय-समय पर प्रलोभन में आकर किसी से भी जानकारी साझा न करने के बारे में जागरूक करते रहते हैं, लेकिन शातिर किसी न किसी तरह लोगों को अपना शिकार बना ही लेते हैं। शातिरों द्वारा असली ऑनलाइन इन्वेस्मेंट प्लेटफॉर्म

**स्टॉक ट्रेनिंग में जागरूकता का अभाव बन रहा ठगी का कारण**

की भांति फेक प्लेटफॉर्म बनाकर लोगों को दोगुनी राशि कमाने का प्रलोभन दिया जाता है, जिसके चलते लोग शातिरों के झांसे में आ जाते हैं।

अनंत ज्ञान स्पैशल

जानकारी के अनुसार, नवंबर माह तक शातिरों द्वारा बीते साल के मुकाबले अब तक ऑनलाइन 35 लाख रुपए से अधिक राशि ठगी जा चुकी है। वर्ष 2024 में कुल 6,19,05,893 रुपए की राशि ऑनलाइन शातिरों ने लोगों को झांसे में लेकर ठगी थी, लेकिन इस बार नवंबर माह तक ही ठगी का यह आंकड़ा 6,54,19,515 रुपए के पार पहुंच गया है, जो बीते साल के मुकाबले अभी तक ही करीब 35 लाख रुपए से अधिक है।

### पिछले वर्ष एक करोड़ से अधिक और इस साल करीब साढ़े छह लाख रिकवर

**पिछले** वर्ष शातिरों से साइबर थाना की टीम की ओर से 1,09,83,744 रुपए की राशि रिकवर की गई थी, लेकिन इस साल अब तक कुल 6,45,105 रुपए की राशि ही शातिरों से रिकवर करने में सफलता मिल पाई है। हालांकि, साइबर ठगों पर शिकंजा कसने में साइबर टीमें सफल रही हैं। अभी हाल ही में टीमों द्वारा राजस्थान में दबिश देते हुए ऑनलाइन शातिरों को अपने शिकंजे में लिया गया है। साथ ही मौके पर से लाखों रुपए की राशि भी रिकवर की गई है।

### ठगी से बचने के लिए सभी का जागरूक होना जरूरी : एएसपी प्रवीण

**एएसपी** साइबर थाना नार्थन रेंज धर्मशाला प्रवीण धीमान का कहना है कि साइबर ठगों की ठगी से बचने के लिए सभी का जागरूक होना जरूरी है। ठग, लोगों को अपने झांसे में लेने के लिए कई तरीके अपनाते हैं, ऐसे में कोई व्यक्ति ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाए, तो इसकी रिपोर्ट साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करने के साथ साइबर क्राइम के नेशनल पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाएं।

# न्यूज ब्रीफ

## बैजनाथ में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विद्युत उपमंडल बैजनाथ के तहत बिजली के आवश्यक रखरखाव के चलते सोमवार को सुबह 9:30 से लेकर कार्य समाप्ति तक बैजनाथ, तारापुरी, गणेश बाजार, पटेल रोड व आशापुरी आदि स्थानों की बिजली बाधित रहेगी।

## गोपाल बने अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के सदस्य



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के सरदार हर गोपाल सिंह को प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड का सदस्य बनाया गया है। सरदार हर गोपाल पठानकोट ट्रक यूनियन के लंबे समय तक अध्यक्ष भी चुके रह चुके हैं। गोपाल ने जिम्मेदारी सौंपने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा विधायक किशोरी लाल आभार जताया।

## स्कूल प्रवक्ता संघ ने की मुद्दों पर चर्चा

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ उपमंडल कांगड़ा की बैठक राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लंज में उपमंडल प्रधान चंद्रजीत गिल की अध्यक्षता में हुई। जिला प्रधान सिकंदर मिन्हास ने प्रवक्ताओं की समस्याएं सुनीं और संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रवक्ताओं पर थोपे गए आदेश स्वीकार नहीं होंगे। उन्होंने मांग की कि जहां टीजीटी व सीएंडवी पद भरे हों, वहां प्रवक्ताओं को न पढ़ाया जाए और प्रधानाचार्य पदोन्नति शीघ्र की जाए ताकि शिक्षा पर असर न पड़े।

## अवतार सिंह बने धीमान कल्याण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश धीमान कल्याण महासभा की बैठक आयोजित की गई। मुख्यातिथि के रूप में धीमान संघर्ष कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी धीमान उपस्थित रहे, जबकि पूर्व विधायक मनोहर धीमान भी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में सरदार अवतार सिंह को प्रदेश धीमान कल्याण महासभा का प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया और यह जिम्मेदारी निभाने का वायदा किया। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता धीमान परिवार को एकजुट करना और धीमान कल्याण बोर्ड का गठन करना है। बैठक में आर.के. धीमान, बृजेश धीमान, सुरिंदर धीमान सहित कांगड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## गद्दी, धोगरी व लोहार समुदाय ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर में गद्दी, धोगरी व लोहार बिरादरी की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्ष सुभाष देओलिया की अगुवाई में नुआला 2024 की समीक्षा और नुआला 2026 की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार की गई। समुदाय की एकता, संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। अगले महीने स्वास्थ्य, रक्तदान और शिक्षा शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और बैठक को सफल बनाने में कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डरोह स्कूल में मेधावी किए सम्मानित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डरोह में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। मुख्यातिथि संजय सिंह चौहान ने कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार व स्टाफ ने उन्हें शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत किए। वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और स्कूल उपलब्धियों को साझा किया गया। वहीं, मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए।

## नगरोटा में कोटपा एक्ट के तहत 11 चालान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** स्वास्थ्य खंड नगरोटा बगवां में कोटपा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाया। बीएमओ डॉ. रूबी भारद्वाज के नेतृत्व में टीम ने नगरोटा बगवां व आसपास के गांवों में दुकानों व सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया। धूम्रपान निषेध नियमों का उल्लंघन करने पर 11 चालान जारी किए गए। टीम ने लोगों को धूम्रपान के दुष्प्रभावों व कोटपा एक्ट के प्रावधानों के बारे में जागरूक भी किया।

## लदवाड़ा में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर थाना के अंतर्गत एक युवक अभिजीत (35) पुत्र हेमराज निवासी लदवाड़ा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी करतार सिंह ने बताया कि इस व्यक्ति के परिवार तथा ताया आदि के परिवार में अब तक पांच लोग फंदा लगाकर आत्महत्या कर चुके हैं। आत्महत्या करने के कारणों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। प्रधान व अन्य लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने कोई भी शक जाहिर नहीं किया। पुलिस ने धर्मशाला में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## नगरोटा कॉलेज की कोमल ने जीता रजत पदक

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल ने अंतर महाविद्यालय महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर में हुई। कोमल की उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी, कोच प्रो. ऋषि दिलवारिया और प्रो. मिनोद गुलेरिया ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोमल की सफलता कॉलेज और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

## लगडू गांव चौकी में भगवान के 24 अवतारों का वर्णन

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** लगडू गांव चौकी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य भवानी शंकर की वाणी ने भक्तों को भक्ति और रोमांच से भर दिया। उन्होंने भगवान के 24 अवतार, मैत्रेय-विदुर संवाद और दक्ष-सती-शिव प्रसंग का प्रभावी वर्णन किया। सती के आत्मदाह और शिव की जटा से वीरभद्र के प्रकट होने का प्रसंग सुनकर पंडाल भावविह्वल हो उठा। अंत में शिव द्वारा दक्ष को जीवनदान देने के संदेश ने क्षमा और करुणा का भाव जगाया।

## धर्मशाला में दंत चिकित्सकों की 23वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश डेंटल एसोसिएशन की 23वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस धर्मशाला के निजी होटल में आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक विपिन सिंह परमार और विशेष अतिथि विधायक पवन काजल शामिल हुए। प्रदेशभर से दंत चिकित्सकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परमार ने दंत चिकित्सकों को मुस्कान और आत्मविश्वास के शिल्पी बताया, जबकि काजल ने उन्हें समाज को मुस्कान लौटाने वाले वास्तुकार कहा। सम्मेलन में दंत स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर विस्तृत चर्चा हुई।

## प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने प्रदेश की राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी और आउटसोर्स कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मेडिकल बिल वर्षों से लंबित हैं तथा ठेकेदारों को भुगतान न होने से पहली बार वे सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए हैं। लगातार कर्ज लेने के बावजूद भुगतान न होना प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से कर्जों पर श्वेत पत्र जारी कर पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि वास्तविक खर्च का पता चल सके।

## ब्रेन ऑफ हिमाचल परीक्षा के टॉप टेन में अवनी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सिंहुवा की कक्षा पांचवीं की छात्रा अवनी कौशल ने ब्रेन ऑफ हिमाचल 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले के शीर्ष 10 विद्यार्थियों में स्थान प्राप्त किया है। अवनी ने इस प्रतियोगिता में पांचवां स्थान हासिल किया है। यह अवनी की पहली राज्य स्तरीय परीक्षा रही। अवनी कौशल के पिता भूपेंद्र कौशल सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं तथा माता गृहिणी हैं।

## पूर्व विधायक अर्जुन का कोठी बंडा में शक्ति प्रदर्शन

**ऊषा जरियाल, अनंत ज्ञान, जवाली।** जवाली विधानसभा क्षेत्र की कोठी बंडा पंचायत के धडू में पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन ठाकुर का रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। पूर्व विधायक अर्जुन ने शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने बिहार में भाजपा की प्रचंड जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याण नीतियों की सफलता बताया। अर्जुन ने आरोप लगाया कि कोटा बेल्ट के लोगों को पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र बंद कर दिए गए, जिससे सैकड़ों ग्रामीणों को सुविधा नहीं मिल रही। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र में नया विकास कार्य नहीं हुआ।

## 8वें वेतन आयोग के टर्म ऑफ रेफरेंस में पेंशन पुनर्निर्धारण का उल्लेख न होना पेंशनर्स के साथ अन्याय : भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** 8वें वेतन आयोग को लेकर भारत सरकार की ओर से जारी गैजेट नोटिफिकेशन में महत्वपूर्ण पहलू को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। जनवरी, 2026 से पहले सेवानिवृत्त हो चुके केंद्रीय कर्मचारियों के पेंशन पुनर्निर्धारण का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। यह तथ्य न केवल भ्रम, अनिश्चितता और चिंता की स्थिति पैदा करता है, बल्कि केंद्रीय और राज्य सरकारों के करोड़ों पेंशनर्स के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है।



रविवार को जारी प्रेस बयान में प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने बताया कि 7वें वेतन आयोग की अधिसूचना में यह स्पष्ट रूप से दर्ज था कि आयोग सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों की संरचना की समीक्षा करेगा, लेकिन हैरत की बात है कि 8वें वेतन आयोग के से यह पूरा प्रावधान गायब है। इसका सीधा अर्थ है कि 1 जनवरी, 2026 से पहले रिटायर हुए केंद्र और राज्य सरकारों के करोड़ों पेंशनर्स के हितों पर अनिश्चितता गहरा गई है और पेंशन पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया अब अस्पष्ट और अधूरी प्रतीत होती है। साथ में पेंशनर्स की आर्थिक सुरक्षा, जिसे सरकार की संवैधानिक एवं नैतिक जिम्मेदारी माना जाता है, उस पर प्रश्नचिन्ह लग गया है।

## उपमुख्य सचेतक ने युवाओं को स्पोर्ट्स किट्स, महिला मंडलों को दी प्रोत्साहन राशि

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर** के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुंदला पंचायत के वार्ड-4 में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की ओर से निर्मित जोल पुल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा का सर्वांगीण विकास ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पंचायत की चंबड़ बस्ती में बाड़बंदी की जाएगी, ताकि किसानों की फसलें जंगली जानवरों से सुरक्षित रहें। उन्होंने बताया कि कोहले वाले रास्ते के निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि शीघ्र उपलब्ध करवाई जाएगी। पूरे क्षेत्र में उचित सोलर लाइटें स्थापित कर लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान की जाएगी। युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए पठानिया ने पांचों वार्डों के युवाओं को एक-एक स्पोर्ट्स किट भेंट की। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चिन्मय, उपाऊ, रधेश्याम, जागरूकता और मुंदला महिला मंडलों को 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

### केवल पठानिया ने नागबाड़ी के नाग मंदिर में की पूजा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** विधानसभा उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने नागबाड़ी स्थित प्राचीन नाग मंदिर जठेरे पठानिया में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर स्थानीय विधायक रणवीर सिंह निक्का भी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने पठानिया के समक्ष मांग रखी कि फोरलेन निर्माण कार्य के कारण मंदिर तक पहुंचने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। केवल पठानिया ने श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए आश्वासन दिया कि मंदिर तक सुरक्षित और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए अंडरपास या फुटओवर ब्रिज निर्माण की संभावनाएं तलाशने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी। मंदिर कमेटी को 5 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि यह राशि मंदिर परिसर में आवश्यक मरम्मत, सौंदर्यीकरण तथा अन्य विकास कार्यों में उपयोग की जाएगी।

## भाजपा थुरल मंडल का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा थुरल मंडल की ओर से रविवार को ग्राम केंद्र गढ़ के सामुदायिक भवन में संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री अजय कबीर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार भी रहे। मंडलाध्यक्ष विकास धीमान ने बिहार में एनडीए की जीत पर बधाई।

उन्होंने कहा कि बिहार की महिलाएं प्रदेश की महिलाओं की तरह 1500 रुपए के झांसे में नहीं आईं। अजय कबीर ने कहा कि जब प्रदेश में जयराम ठाकुर की सरकार थी तो उन्होंने ऐसी घोषणाएं नहीं की थीं, जो पूरी न की हों। विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि मोर्चों का यह संयुक्त सम्मेलन भाजपा के किले को और मजबूत बनाएगा। इस दौरान महामंत्री भवानी राम, विजय राणा व और भी बहुत से कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कैप्टन पराशर ने दी 21 हिमाचली युवाओं को नौकरी की स्पांसरशिप



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**युवाओं** की ऊर्जा और आकांक्षाएं किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होती हैं। जब इन सपनों को सही दिशा और अवसर मिलते हैं, तो वे जीवन बदलने के साथ पूरे समाज को नई राह भी दिखाते हैं। आज की चुनौतियों के बीच कैप्टन संजय पराशर की ओर से रोजगार सृजन के अवसर पैदा किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में कैप्टन संजय पराशर ने मुंबई स्थित अपनी कंपनी वीआर मेरीटाइम सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 24 युवाओं को नौकरी की स्पांसरशिप प्रदान की है, जिसमें 21 युवा हिमाचली हैं। कार्यक्रम में पराशर ने कहा कि आज की सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। ऐसे में उनका प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को वैश्विक स्तर पर रोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि मर्चेंट नेवी के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में पिछले पांच वर्ष से रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए हैं और यह मुहिम निरंतर जारी है। जसवां-परागपुर क्षेत्र के कूहना से आशीष कौंडल, अनीष, अमन कौंडल व अंकुश, रक्कड़ के टिक्कर गांव से अक्षय कुमार, ठाकुर आरव सिंह व निशांत धीमान, घाटी विलवां से मोहित, नाहन नगरोटा से मुनीष, नवीन कुमार व अंशुल धीमान, नारी-घाटी से गगन कौशल, मनियाला से कृष्ण राणा, शांतला के लेर गांव साहिल से राणा, परागपुर से रोहित शर्मा, देहरा के बेह गांव से अभय कुमार, न्याड़ से आदित्य ठाकुर, चौली गांव से अनुज, सेहरी से शुभम डोगरा, बल्ह हमीरपुर से दीपक गुलेरिया और नादौन के साई गांव से मनीष ठाकुर को स्पांसरशिप मिली है। अभिभावकों में बबली देवी, मंजीत कौर, वेद प्रकाश, प्यार सिंह, अरुण कुमार और निर्मला देवी ने बताया कि कैप्टन संजय पराशर से अपने बेटों के रोजगार को लेकर बात की तो लगा जैसे कोई अपना है। वहीं, कैप्टन पराशर ने कहा कि युवाओं के सपनों की उड़ान ही उनके विश्वास की ताकत है।

## धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया खड़ा डंडा मार्ग बहाल

**राज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मैक्लोडगंज।** जिला मुख्यालय धर्मशाला को पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज से जोड़ने वाला खड़ा डंडा मार्ग बहाल कर दिया गया है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन अब वाहन चालकों व काम में जुटे श्रमिकों को धूल की परेशानी पेश आ रही है। अनंत ज्ञान ने इस संबंध में रविवार को प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। 3 माह के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू होने से संबंधित क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

बरसात के दौरान भारी बारिश व भूस्खलन के चलते यहां सड़क बैठ गई थी। इसके चलते यहां वाहन चालकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस मार्ग की बहाली को लेकर पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों की ओर से लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता से मिलकर गुहार लगाई गई थी, जिसे अब विभाग ने बहाल कर दिया है। गौरतलब है कि लोक निर्माण विभागने 15 नवंबर तक इस मार्ग को बहाल करने का दावा किया था, जिसे पूरा किया है। अब बहाल किए गए मार्ग पर धूल उड़ने की समस्या का समाधान जल्द इसे पक्का करने की बात विभाग कह रहा है। उधर, लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर विकास सूद ने कहा कि खड़ा डंडा मार्ग के हिस्से को बहाल कर वाहनों की आवाजाही के लिए चालू कर दिया गया है। जनता की सुविधा को देखते हुए इस पैच को जल्द पक्का करवाया जाएगा।




अनंत ज्ञान में छपी खबर की कटिंग।

फोटो : शुभांजलि।

3 माह के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू होने से लोगों ने ली राहत की सांस।

## कोली कल्याण बोर्ड में जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र से एक भी सदस्य नहीं : कालिदास

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश कोली समाज पंजीकृत, जिला कांगड़ा इकाई के अध्यक्ष काली दास ने प्रेस बयान में प्रदेश सरकार द्वारा 17 अक्टूबर को जारी कोली कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि 75 सदस्यों में से कांगड़ा जिले से केवल 14 सदस्यों को शामिल किया गया, जबकि सबसे अधिक जनसंख्या वाले जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र से कोई सदस्य नहीं है, जबकि इस क्षेत्र से निर्वाचित विधायक भी कोली जाति से संबंधित हैं और वर्तमान में कैबिनेट मंत्री हैं।

उन्होंने कहा कि सभी जिलों की चुनी हुई कार्यकारिणी के सदस्य भी बोर्ड में शामिल नहीं किए गए, जबकि कांगड़ा से राज्य कार्यकारिणी में 3 सदस्य पहले से मौजूद हैं। उन्होंने सरकार, विभागीय मंत्री, डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल और स्थानीय विधायक एवं मंत्री यादविंदर गोमा से सवाल किया कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र से किसी को क्यों शामिल नहीं किया गया। ऐतराज जताया कि बोर्ड में अन्य जातियों के लोग शामिल किए गए हैं, जो नियमों के खिलाफ है।

उन्होंने मांग की कि केवल कोली समाज के लोग ही कोली कल्याण बोर्ड के सदस्य बनें और चुनी हुई राज्य व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी बोर्ड में शामिल किए जाएं, ताकि समाज का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

## निजी अस्पताल और चिकित्सकों को उपचार में लापरवाही का दोषी ठहराया

**उपभोक्ता आयोग ने किया पीड़िता को साढ़े सात लाख का मुआवजा देने के आदेश जारी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एक** निजी अस्पताल व उसके चिकित्सकों को लापरवाह उपचार का दोषी ठहराते हुए अस्पताल की बीमा कंपनी द्वारा पीड़िता को 7.50 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता को 20,000 रुपए वाद-व्यय के रूप में भी देने होंगे। यह आदेश उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा व सदस्य आरती सूद की अदालत ने जारी किए हैं। आयोग में दर्ज शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया था कि 9 जुलाई 2022 में बाएं किडनी में पत्थरी की समस्या लेकर एक निजी अस्पताल पहुंची थीं। अस्पताल द्वारा आरआईआरआर सर्जरी की गई और कुछ दवाइयां दी गई। सर्जरी के बाद पीड़ित महिला का क्रिएटिनिन बढ़ता गया, तेज दर्द, उल्टी, कमजोरी और अन्य दिक्कतें बढ़ती गईं।

बाद में उन्हें डायलिसिस तक करवाना पड़ा। अस्पताल ने 21 जुलाई व 18 अगस्त को उन्हें उपचार के दौरान एक दवाई दी। आयोग के अनुसार विशेषज्ञों की रिपोर्ट के तहत इस दवाई का संयोजन शरीर पर दुष्प्रभाव डालने के साथ किडनी व लिवर को नुकसान पहुंचाने वाला माना जाता है। साथ ही यह भी पाया गया कि




2022 में इस दवा को लेकर गंभीर चिंताएं दर्ज थीं और 2023 में इसे प्रतिबंधित कर दिया गया था। आयोग ने माना कि बढ़े हुए क्रिएटिनिन स्तर को जानते हुए भी यह दवा फिर से लिखना गंभीर चिकित्सीय लापरवाही है। इस मामले में आयोग द्वारा नियुक्त चिकित्सा विशेषज्ञ ने कहा कि यह दवा नियमित रूप से लेने पर किडनी और लिवर दोनों को गंभीर क्षति पहुंचाती है। किडनी रोगी को यह दवा किसी भी स्थिति में नहीं दी जानी चाहिए। पीड़ित उपभोक्ता के उपचार के मामले में अस्पताल और चिकित्सक उचित सावधानी बरतने में असफल रहे। साथ ही बढ़े हुए क्रिएटिनिन स्तर के बावजूद खतरनाक दवा देना प्रमाणित लापरवाही है। ऐसे में अस्पताल की बीमा कंपनी दायित्व अनुसार मुआवजा देने के लिए बाध्य है। आयोग ने कहा कि दवा लिखने में की गई गंभीर लापरवाही के कारण महिला को नुकसान हुआ, जिसके लिए अस्पताल व डॉक्टर जिम्मेदार हैं। 41 वर्षीय पीड़िता डायलिसिस पर निर्भर है, इसलिए उचित मुआवजा दिया जाना जरूरी है।

## नौरा स्कूल में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रेम सागर ने की, जबकि मुख्यातिथि एसएमसी प्रधान नीलम शर्मा रहीं। शिविर में 40 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिनमें 21 लड़कियां और 19 लड़के शामिल थे। 7 दिनों के दौरान बच्चों ने स्कूल और ग्राम पंचायत नौरा की सफाई की, बावड़ियों की सफाई की और पॉलीथीन एकत्रित की। झुंगा देवी माता मंदिर का भ्रमण कर वहां भी सफाई की गई। समापन आयोजन के लिए प्रधानाचार्य और मुख्यातिथि ने अध्यापकों एवं बच्चों को बधाई दी और बच्चों से नशे से दूर रहने का आग्रह किया।

## हैप्पी बर्थडे



भनबाड़ (सुंदरनगर) के परस राम को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## विदेशों तक हिमाचली युवाओं ने बनाई पहचान : सुधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुंबई में हिमाचल मित्रमंडल के 74वें स्थापना दिवस पर हिमाचली संस्कृति का शानदार प्रदर्शन हुआ। धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिमाचलियों ने भाग लिया और इसे अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर बताया। नाटी किंग कुलदीप शर्मा की प्रस्तुतियों ने माहौल को और जीवंत बना दिया। सुधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचली युवा देश-दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में नई पहचान बना रहे हैं। मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि उनका उद्देश्य मुंबई में बसे हिमाचलियों को एक मंच पर जोड़ना है।

## मूहल स्कूल के बच्चों ने लोकनृत्य से बांधा समां

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** मूहल स्कूल में रविवार को वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि राजेश पटियाल रहे। प्रधानाचार्य गोविंद सिंह के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बच्चों ने लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, पहाड़ी नृत्य, नाटक और समूह गानों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया और कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ समाप्त हुआ।

## डाक पेंशनर्स संघ का सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डाक पेंशनर्स संघ जिला कांगड़ा का सम्मेलन रविवार को मटौर स्थित निजी होटल में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने की। मुख्यातिथि के रूप में बालक राम ठाकुर उपस्थित रहे। सम्मेलन की शुरुआत दिवंगत पेंशनर्स को याद कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि से हुई। भूतपूर्व उप डाकपाल छज्जू राम को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने आर्थिक परिदृश्य, सरकारी नीतियों और वित्तीय विधेयक पर विचार व्यक्त किए।

## 57 युवा नेताओं ने दिए समावेशिता के संदेश

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** से तपोवन में राज्य युवा नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया। इसमें सात जिलों से आए 57 युवा नेताओं ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में एक संरक्षक, एक दिव्यांग एथलीट और एक एकीकृत एथलीट शामिल थे, जिनका उद्देश्य स्कूलों में समावेशिता का संदेश व्यापक रूप से पहुंचाना था। कार्यक्रम में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना को बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यशालाएं और सामूहिक गतिविधियां आयोजित की गईं। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. क्षमा मैत्रे ने युवाओं को समावेशी समाज निर्माण की दिशा में प्रेरित किया।

## महिला मंडलों के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे विशेष प्रयास : आरएस बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक महिला मंडलों के सशक्तिकरण करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हों। आरएस बाली रविवार को लाखामंडल पंचायत के अंतर्गत मतेहर महिला मंडल पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि महिला मंडल आपस में मिलकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेकर अपने आप को सुदृढ़ कर सकते हैं और अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकते हैं।

महिलाओं के लिए सरकार की ओर से अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनकी जानकारी महिलाओं को होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि उनका वे लाभ उठा सकें। उन्होंने महिला मंडल के अतिरिक्त भवन की छत के निर्माण कार्य को लेकर अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व आरएस बाली ने महिला मंडल की समस्त सदस्यों के साथ बातचीत की और उनके कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की। आरएस बाली ने लाखामंडल में धार्मिक कार्यक्रम में हवन के आयोजन में भी भाग लिया। आरएस बाली ने सरदार श्री हरभजन सिंह जी के श्रद्धांजलि समारोह में भाग लिया और अरदास की। आरएस बाली इससे पूर्व लोटस सैलून का उद्घाटन करने पहुंचे। उन्होंने रिबन काटकर सैलून का उद्घाटन किया और शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा किसान मोर्चा श्री नयना देवी अपर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के श्री नयना देवी अपर मंडल के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ठाकुर ने नई मंडल कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा की है। उन्होंने छकोह पंचायत के उपप्रधान हरि राम शर्मा, छड़ोल पंचायत के उपप्रधानभगत राम ठाकुर, सैंकली से प्रेम लाल ठाकुर व चंदपुर से जगदीश ठाकुर को उपाध्यक्ष बनाया है। मंडलाध्यक्ष ने बाड़नू-दिगथली पंचायत के प्रधान देश राज व जुखाला पंचायत के प्रधान जगदीश ठाकुर को महामंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्योला से भगवान दास, मैथी से राजकुमार, नालग से कृष्ण लाल, पलोग से मनोज कुमार व साथर से श्री गगन पाल सचिव का दायित्व निभाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि पंजौल से श्री मदन लाल कोषाध्यक्ष व साईं ब्राह्मणा से आदेश राज कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी निभाएंगे तथा कोठीपुरा से रविंद्र कुमार बिंदु मीडिया प्रभारी, निहारकण से छोटा राम व लुहारडा से सोहन लाल प्रवक्ता, कोहल काटल से हेमंत कुमार आईटी संयोजक व साईं ब्राह्मणा से धरी प्यारे लाल सोशल मीडिया प्रभारी रहेंगे। मंडलाध्यक्ष ने कहा कि घ्याल से जोगिंदर सिंह, बाड़नू से रतन लाल, नम्होल से कमल लाल, पड़ा से रूप लाल, जामली से धनी राम, छड़ोल से हरि लाल, जुखाला से राजेश कुमार, बाड़नू से दिला राम, छकोह से रामरतन, हम्बार दयोथ से कर्म सिंह, मैथी से देश राज, गलौड़ से धर्मपाल, निहारकण से सुरेश कुमार भड़ोल, नेरी से कृष्ण लाल व डडोग से श्याम लाल कार्यकारिणी सदस्य के पद की जिम्मेदारी निभाएंगे।

### साईं नोड़ूवा में वार्ड मेंबर धनी राम का निधन

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** ग्राम पंचायत सिकरोहा के गांव साईं नोड़ूवा में उस समय शोक की गहरी लहर दौड़ गई जब क्षेत्र के सम्मानित वार्ड मेंबर धनी राम ठाकुर (68) का हृदय गति रुकने से अचानक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में मातम का माहौल बन गया। पड़ोसी, रिश्तेदार और परिचित इस क्षति को अपूरणीय बताते हुए स्तब्ध रह गए। धनी राम ठाकुर वर्ष 2017 में लोक निर्माण विभाग नम्होल से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवा निवृत्ति के बाद भी वे समाज कार्यों में सक्रिय रहे और लोगों की भलाई के लिए निरंतर कार्य करते रहे। जनहित के प्रति उनकी निष्ठा और ईमानदार छवि को देखते हुए ग्रामीणों ने उन्हें अपना वार्ड मेंबर चुना। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, सड़क सुधार, जनसमस्याओं के निपटारे और पंचायत विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए। उनका स्वभाव अत्यंत सरल, मिलनसार और सौम्य था। वे हर वर्ग के लोगों में समान रूप से लोकप्रिय थे। गांव के लोगों का कहना है कि धनी राम ठाकुर हमेशा जरूरतमंदों की सहायता के लिए हाथ बढ़ाते थे तथा पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव पहल करने में अग्रणी रहते थे। उनकी समाजसेवा और कर्तव्यनिष्ठा के कई उदाहरण आज भी लोगों की जुबान पर हैं। अंतिम संस्कार के दौरान उनके बेटे प्रवीण कुमार ने मुखाग्नि दी। भारी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी और एक सच्चे जनसेवक को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बंदला स्कूल में मनाया पहाड़ी भाषा दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में पहाड़ी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा 15 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंदला में 'पहाड़ी दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहेली, भाषण, निबंध लेखन, लोकोक्तियां-मुहावरे तथा बाल कवि सम्मेलन जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहेली प्रतियोगिता में मानसी ठाकुर (कोठीपुरा) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि आस्था ठाकुर और नीतिका ठाकुर (कन्या पाठशाला बिलासपुर) क्रमशः द्वितीय और तृतीय रहीं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में हर्षिता (बंदला) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सृष्टि (कोठीपुरा) दूसरे स्थान पर और मुस्कान (रघुनाथपुरा) तीसरे स्थान पर रहीं। लोकोक्तियां एवं मुहावरे प्रतियोगिता में बंदला स्कूल की शिवानी ने पहला, मीनाक्षी ने दूसरा और कन्या पाठशाला बिलासपुर की आंचल ने तीसरा स्थान जीता। भाषण प्रतियोगिता में भी बंदला विद्यालय का दबदबा रहा, जहां प्रिया ने प्रथम, पलक भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान कन्या पाठशाला बिलासपुर की वैष्णवी ने हासिल किया। निर्णायक मंडल में सुशील पुंडीर, जीत राम सुमन, सुरेंद्र मिन्हास और अमरनाथ धीमान शामिल रहे, जिन्होंने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में आयोजित बाल कवि सम्मेलन ने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया। नन्हे कवियों ने रोचक कविताएं प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

# फोरलेन तो बना, लेकिन सूनी हो गईं गांवों की राहें

## सात पंचायतों के ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, बोले-अब राष्ट्रीय उच्च मार्ग-205 से नहीं जा रहीं बसें

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** फोरलेन निर्माण को विकास की नई पहचान बताने वाली सरकार अब ग्रामीणों के भारी गुस्से के बीच घिर गई है। बिलासपुर जिले की सात पंचायतों कुटेहला, तनबौल, छड़ोल, कल्लर, कचौली, राजपुरा और कोठीपुरा के लोगों ने जिला उपायुक्त को एक सामूहिक ज्ञापन सौंपकर यह स्पष्ट कहा है कि फोरलेन बनने के बाद से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी बेहद कठिन हो गई है, क्योंकि बसें राष्ट्रीय उच्च मार्ग एनएच-205 से लगभग गायब हो चुकी हैं।

ग्रामीणों के अनुसार पहले सरकारी और प्राइवेट बसें नियमित रूप से गांवों के पास से गुजरती थीं, जिससे छात्र आसानी से स्कूल-कॉलेज पहुंचते थे, मरीज समय पर अस्पताल तक आते-जाते थे, महिलाएं और बुजुर्ग बिना परेशानी के बाज़ार और दफ्तर पहुंच जाते थे। लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। कई बस रूट विभाग ने खुद ही बदल दिए हैं और जो रूट बदले नहीं गए, वे भी ड्राइवरों की मनमर्जी से अब सीधे फोरलेन पर दौड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि फोरलेन तेज यातायात के लिए अच्छा हो सकता है, लेकिन इससे गांवों का दैनिक जीवन ठप हो गया है।



समस्या को लेकर डीसी राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपता सात पंचायतों का प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान मुद्दा

बसें अब गांवों के बीच से गुजरने वाले एनएच-205 को छोड़कर फोरलेन का रास्ता पकड़ लेती हैं, जिससे ग्रामीणों को बस पकड़ने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। इससे सबसे ज्यादा मुश्किल छात्रों, बीमार लोगों, बुजुर्गों और दिहाड़ी मजदूरों को हो रही है। अब गेंद जिला प्रशासन के पाले में है।

जनता की भारी नाराजगी और सात पंचायतों के संयुक्त दबाव के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि डीसी बिलासपुर इस गंभीर समस्या को कितनी प्राथमिकता देते हैं और एनएच-205 पर बस सेवाओं को बहाल करने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

### लोगों को चुकाना पड़ रहा विभागीय लापरवाही का खामियाजा : रणधीर



**नयना** देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने ग्रामीणों की दिक्कतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी का ठप पड़ जाना किसी भी सरकार के लिए शर्म की बात है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही और प्रशासनिक सुस्ती ने लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें समस्याओं के समाधान के लिए चुना है, न कि अधिकारियों की मनमर्जी और सुस्ती का बोझ सहने के लिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई नहीं की तो वह इस पूरे मामले को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाएंगे और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार और विभाग दोनों को यह समझ लेना चाहिए कि जनता की आवाज दबाई नहीं जा सकती और न ही समस्याओं को ढक कर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'लोगों की तकलीफ मेरी लड़ाई है–इस बार समाधान करके ही दम लूंगा।'

### सरकार समाधान लेकर खड़ी, विपक्ष राजनीति करने में व्यस्त : रामलाल



**नयना** देवी से पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक रामलाल ठाकुर ने ग्रामीण क्षेत्रों में बस रूटों की अनियमितता को लेकर उठे शोर पर सरकार का स्पष्ट रूप से बचाव करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने न सिर्फ इस समस्या को गंभीरता से लिया है, बल्कि इसका स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि फोरलेन बनने के बाद रूटों में तकनीकी बदलाव स्वाभाविक थे, लेकिन सरकार ने किसी भी पंचायत को आवागमन की समस्या से जूझने नहीं दिया। रामलाल ने बताया कि पुराने राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर नियमित बस सेवाओं की बहाली के लिए विशेष रूट-ऑडिट शुरू किया जा चुका है और जिन रूटों पर निजी बसों की लापरवाही सामने आई है, उन पर सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ नेता बिना तथ्य जाने सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए स्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, जबकि सरकार हर पंचायत के प्रतिनिधियों से ग्राउंड इनपुट लेकर ही निर्णय ले रही है।

### ग्रामीणों का प्रशासन से आग्रह भी, चेतावनी भी

**ज्ञापन** में ग्रामीणों ने कहा कि फोरलेन बनने का मतलब यह नहीं कि पुराने मार्ग को खत्म समझ लिया जाए। ग्रामीणों ने मांग की है कि सभी सरकारी और प्राइवेट बसों को प्रतिदिन अपने निर्धारित रूट के अनुसार पुराने राष्ट्रीय उच्च मार्ग एनएच-205 पर चलाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि बसें फोरलेन पर न भागें, बल्कि तय मार्ग का पालन करें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वे सामूहिक आंदोलन की राह अपनाने के लिए मजबूर होंगे।

## सहकारिता को गांव-गांव तक पहुंचा रही है सरकार : धर्माणी



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के जिला स्तरीय समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार सहकारिता को गांव-गांव तक पहुंचाने और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कृषि, बागवानी, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन और उपभोक्ता सेवाओं में सहकारी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और किसानों, महिलाओं व युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि दूध के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी और धारा 118 में संशोधन से सहकारी क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा। मंत्री ने सहकारी समितियों को पारदर्शी, डिजिटल और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार के आगामी कदमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक रजिस्ट्रार भास्कर कालिया ने जिले की सहकारी संस्थाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रदर्शनी लगाई गई और उत्कृष्ट कार्य करने वाली सोसायटियों को सम्मानित किया गया।

## घुमारवीं कॉलेज में मनाया प्रेस दिवस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा सोशल साइंस सोसायटी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया। डिजिटल युग में मीडिया की भूमिका जिम्मेदारियां, चुनौतियां एवं नैतिकता विषय पर निबंध व लेख लेखन प्रतियोगिता व राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पोस्टर निर्माण व नारा लेखन द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। निबंध लेखन में तमन्ना ने प्रथम, रेहान और प्रियंका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं लेख में सचिन ने प्रथम, विवेक कुमार और निखिलेश्वरी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में भ्रामक और झूठी खबरें सोशल मीडिया और एआई द्वारा बड़ी तेजी से फैलती है जिसके लिए पत्रकारिता के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम में इन चुनौतियों के विषय में और उससे निपटने के उपायों को भी पढ़ाया जाना चाहिए।

## 'जल तरंग जोश' महोत्सव में करवाए जाएंगे 6 वाटर स्पोर्ट्स इवेंट : एडीसी

### 21 से 23 नवंबर तक गोबिंदसागर झील में होगा महोत्सव का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जल तरंग जोश महोत्सव का आयोजन आगामी 21 से 23 नवंबर तक गोबिंदसागर झील क्षेत्र में किया जाएगा। इस महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने की। बैठक में महोत्सव की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, यातायात, प्रचार-प्रसार और आयोजन से संबंधित सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी तैयारी कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं, ताकि महोत्सव में आने वाले पर्यटकों और प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि महोत्सव के प्रचार-प्रसार को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जल तरंग जोश महोत्सव के बैनर जिला के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन की जानकारी मिले। इसके अतिरिक्त उन्होंने झील के आस-पास सफाई व्यावस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि महोत्सव में छह वाटर स्पोर्ट्स इवेंट आयोजित किए जाएंगे और इनमें पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग श्रेणियां रखी जाएंगी। समीक्षा बैठक में महोत्सव से जुड़ी विभिन्न समितियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी-अपनी तैयारियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर रेड क्रॉस मेला, स्थानीय आजीविका मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।, जिनमें स्वयं सहायता समूह और स्थानीय उद्यमी अपने उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री करेंगे। आगंतुकों के मनोरंजन के लिए विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित होंगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम 18 नवंबर से पहले तैयार कर लिया जाए, ताकि आयोजन का सुचारु समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में सहायक उपायुक्त, एसडीएम सदर, एएसपी, बीडीओ सदर के अतिरिक्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शिक्षक कांप्लेक्स प्रणाली के खिलाफ

### प्रदेशभर में टीचरों में भारी रोष, सरकार से अधिसूचना वापस लेने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने राज्य सरकार द्वारा जारी की गई कांप्लेक्स प्रणाली का पुरजोर विरोध किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने कहा कि 23 सितंबर को जारी किए गए इस नोटिफिकेशन ने पूरे प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों में भारी रोष उत्पन्न कर दिया है। शिक्षक संघ ने स्पष्ट शब्दों में मांग की है कि सरकार इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से वापस ले। बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने कहा कि कांप्लेक्स प्रणाली लागू होने से शिक्षकों के कार्य-व्यवहार, दायित्वों और विद्यालय प्रबंधन पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा, जिससे प्राथमिक शिक्षा का पूरा ढांचा प्रभावित होगा। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था न तो विद्यालयों की वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप है और न ही प्राथमिक स्तर की विधागत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों में प्राथमिक शिक्षक इस नए मॉडल का विरोध कर रहे हैं। शिक्षकों का मत है कि कांप्लेक्स प्रणाली के लागू होने पर स्कूलों के बीच समन्वय की जटिलताएं बढ़ेंगी, दूर-दराज के क्षेत्रों में शिक्षण कार्य बाधित होगा और सबसे अधिक नुकसान बच्चों की पढ़ाई को झेलना पड़ेगा। संघ अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों से किसी प्रकार की राय-मशविरा किए बिना यह निर्णय लिया, जबकि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े बड़े बदलावों में शिक्षकों की भागीदारी जरूरी होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने नोटिफिकेशन वापस नहीं लिया तो प्राथमिक शिक्षक राज्य भर में आंदोलन की राह अपनाने पर मजबूर हो जाएंगे। रमेश शर्मा ने सरकार से अपील की कि वह शिक्षकों की दिक्कतों को गंभीरता से लेते हुए इस नोटिफिकेशन पर पुनर्विचार करे, ताकि प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था सुचारु और संतुलित बनी रहे। इस अवसर पर जिला बिलासपुर के प्रधान राकेश पटियाल प्रदेश के वरिष्ठ उपप्रधान राम सिंह राव मंडी के प्रधान बाबू राम कौंडल तथा घुमारवीं वन के प्रधान होशियार सिंह भी उपस्थित थे।

## शिक्षा उपनिदेशक को बताईं समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ जिला बिलासपुर की कार्यकारिणी तथा जिला के सभी छह खंडों की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने जिला प्रधान राकेश पटियाल की अगुवाई में शिक्षा उपनिदेशक नरेश चंदेल से शिष्टाचार भेंट की। नवनियुक्त जिला प्रधान राकेश पटियाल ने उपनिदेशक को सम्मानित किया तथा विश्वास दिलाया कि वे प्राथमिक शिक्षा तथा शिक्षकों के हितों के लिए सदैव सहयोग करेंगे तथा वर्तमान समय में प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे जेबीटी से पदोन्नति, कुछ प्रधानाचार्यों द्वारा प्राथमिक शिक्षकों पर बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव तथा उनके द्वारा की जा रही अनावश्यक प्रताड़ना बारे भी विस्तृत चर्चा की। इस पर उपनिदेशक ने आश्वासन दिया कि इस प्रकार के मामलों शीघ्र संज्ञान लिया जाएगा तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु मिलजुल कर कार्य करने के लिए निर्देश दिए जाएंगे। उपनिदेशक ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी।

## टोबा सांगवान में मनाया जनजातीय गौरव दिवस

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट**

ग्राम पंचायत टोबा सांगवान के अंतर्गत नीलां गांव में जनजातीय गौरव दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। स्थानीय प्रशासन और जनजातीय कल्याण विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन टोबा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम का मकसद आदिवासी नायकों के योगदान को याद करना और समृद्ध आदिवासी विरासत और आदिवासी कल्याण के लिए सरकारी पहलों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम का एक मुख्य पहलू जनजातीय समुदायों के कल्याण के उद्देश्य से सरकारी योजनाओं, विशेष रूप से जनजातीय जन कल्याण योजना के बारे में जानकारी का प्रसार था। यह कार्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आवास और रोजगार के अवसरों तक बेहतर पहुंच प्रदान करके जनजातीय आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने पर केंद्रित है। कार्यक्रम के दौरान, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग , राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याओं की अधिकारियों द्वारा जन सुनवाई भी की गई। कार्यक्रम का समापन लोगों को आदिवासी सांस्कृतिक और मूल्यों के प्रति एकता, गौरव और सम्मान की भावना को बनाए रखने की सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

## एसआई देव ने छात्रों का नशे से दूर रहने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना स्वारघाट के एसएचओ एसआई देव आनंद ने शनिवार को अपनी टीम के साथ जीएसएसएस कथला में आयोजित वार्षिक समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने छात्रों, अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों और विद्यालय के शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित किया। एसएचओ ने उपस्थित सभी लोगों को नशे के दुष्प्रभावों, खासकर युवाओं में बढ़ रही ड्रग एडिक्शन की समस्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों पर भी जागरूक किया।

**सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन की भी की अपील**

उधर, उसी दिन जीएसएस स्कूल टोबा में एसएचओ इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार ने छात्रों को चिट्टा और अन्य नशे के खतरों पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के भविष्य, स्वास्थ्य और परिवार तीनों को बर्बाद कर देता है और इससे दूर रहना ही सबसे बड़ा समाधान है। अभिभावकों ने एसपी संदीप धवल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की यह पहल छात्रों में जागरूकता बढ़ाने और नशामुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

**पत्रकारिता** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा–

## समाज को सही, संतुलित और विश्वसनीय जानकारी ही दें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर रविवार को सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग जिला बिलासपुर के सौजन्य से जिला स्तरीय प्रेस दिवस कार्यक्रम का आयोजन लेकव्यू होटल बिलासपुर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सूचनाओं के साथ-साथ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को समाज के सबसे निचले स्तर तक पंहुचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने मीडिया कर्मियों से समाचारों का संप्रेषण करते समय मूल्यों और नैतिकता पर बल दिया, ताकि समाज को सही, संतुलित और विश्वसनीय सूचना की पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने समाज को जागरूक बनाने में मीडिया की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रेस समाज का दर्पण है, जो जन-समस्याओं, जन-आकांक्षाओं और सरकार की विकासात्मक पहलों को जनता तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि समाचारों का संकलन करते समय होने वाली गलतियों को भी मीडिया समय-समय पर तथ्यों के साथ दुरुस्त कर लोगों तक पहुंचाने में भी तत्परता के साथ कार्य करे, ताकि तथ्यहीन एवं भ्रामक जानकारी लोगों तक न पंहुचे। उन्होंने मीडिया कर्मियों से समाचारों के माध्यम से सामाजिक बदलाव की दृष्टि से भी कार्य करने का आह्वान किया ताकि समाज में व्याप्त विभिन्न तरह की सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध लोगों को जागरूक बनाया जा सके। उन्होंने मीडिया कर्मियों से समाचारों के संप्रेषण के दौरान जवाबदेही सुनिश्चित बनाने का भी आह्वान किया तथा समाचार प्रस्तुत करते समय दोनों पक्षों को उचित स्थान दिया जाना चाहिए। उन्होंने तथ्यपरकता सत्य, निष्पक्षता, संतुलन तथा जवाबदेही के साथ खबरों पर जोर दिया। साथ ही बिना पुष्टि किए किसी भी सूचना का प्रसार न करने का आह्वान किया तथा समाचारों के संकलन के दौरान व्यक्तिगत हितों के बजाए पेशेवर दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। राहुल कुमार ने कहा कि प्रेस की विश्वसनीयता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है, और इसे बनाए रखने के लिए नैतिक पत्रकारिता, सत्यापन-आधारित रिपोर्टिंग तथा फेक न्यूज की पहचान में दक्षता अनिवार्य है।



राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर मुख्यातिथि उपायुक्त राहुल कुमार के साथ पत्रकार।

**बिना पुष्टि किए किसी भी खबर को प्रकाशित न करें**

इस अवसर पर भारतीय प्रेस परिषद द्वारा इस वर्ष चर्चा के लिए सुझाए गए विषय 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण' विषय पर विभिन्न मीडियाकर्मियों ने विस्तारपूर्वक चर्चा में भाग लिया तथा कई अहम सुझाव दिए। वरिष्ठ पत्रकार अजय उपाध्याय, अरुण डोगरा रीतू, बंशीधर, विजयराज उपाध्याय, अनूप शर्मा, सुनील ठाकुर, शुभम राही, रेखा चंदेल, रणजीत सहित अन्य उपस्थित पत्रकारों ने भी चर्चा में भाग लिया। जिला लोक संपर्क अधिकारी राजेश जसवाल ने मुख्यातिथि तथा सभी मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय प्रेस परिषद द्वारा सुझाए 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण' विषय को चर्चा के लिए मीडियाकर्मियों के मध्य रखा। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि डिजिटल माध्यमों पर तेजी से प्रसारित होने वाली भ्रामक एवं अपुष्ट जानकारियां सामाजिक भ्रम और अविश्वास को बढ़ाती हैं। ऐसे समय में प्रेस की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह तथ्यों की पुष्टि कर सत्य, निष्पक्ष और संतुलित जानकारी जनता तक पहुंचाए। इस मौके पर विभिन्न मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

## बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देना ही वास्तविक शिक्षा: विवेक चंदेल

### मिनर्वा स्कूल घुमारवीं में वार्षिकोत्सव मंगलम का भव्य आयोजन

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** मिनर्वा स्कूल घुमारवीं में रविवार को वार्षिकोत्सव मंगलम समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इसमें एलकेजी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईएएस अधिकारी विवेक चंदेल डायरेक्टर मत्स्य विभाग, मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने उनका स्वागत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही वास्तविक शिक्षा है। बच्चे अपने माता-पिता का धन्यवाद करें जिन्होंने उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए इस विद्यालय में भेजा। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर स्टडी सर्कल के सीएमडी राकेश चंदेल, एमडी स्वदेश, उपप्रधानाचार्य विनय शर्मा, अनु चंदेल, आरती चंदेल आदि मौजूद रहे।




### समारोह में इन बच्चों को मिला सम्मान

**कार्यक्रम** में अनिका शर्मा, अनाया सोनी, प्रीशा गौतम, आरव , कृष्णा ठाकुर, रुद्रांश भभौरिया, अनिका शर्मा, आराध्या पटियाल, इशिता, मनस्वी शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, समायरा, सृष्टि, भाव्या, काश्वी, अमायरा ठाकुर, अनाया सोनी, अर्शिता नाइक, देवांशी, इस्तजा, प्रकृति शर्मा, प्रीशा गौतम, वेदांशी शर्मा, आर्शभ शर्मा, अमोघ शर्मा, अर्शिल वर्धन, चाणक्य शर्मा, माधवन शर्मा, काव्यांश चंदेल, कृष्णा ठाकुर, नक्श शर्मा, ओजस पुन्न, प्रणव वर्धन, प्रत्युष शर्मा, रिहान ठाकुर, सक्षम, वेदांत ठाकुर, आरव ठाकुर, आरव शर्मा, आश्विक ठाकुर, आयांश कौशल, अनिरुद्ध शर्मा, अर्शिव गर्ग, अथर्व अत्री, अथर्व शर्मा, ध्रुव कृष्णा शर्मा, माधव भारद्वाज, रिजुल शर्मा, रुद्रांश भभौरिया, रियांश बंसल आदि बच्चों को सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### 3 विभूतियों व मेधावी छात्रों को मिलेगा सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** रविवार को हिमोत्कर्ष जनकल्याण परिषद चंबा शाखा की बैठक कैफ़ेटेरिया चंबा में परिषद के अध्यक्ष युगल किशोर पुरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परिषद का वार्षिक महोत्सव 30 नवंबर 2025 को भव्य रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान चंबा की तीन विशिष्ट विभूतियों और विभिन्न कक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में संस्था में हाल ही में शामिल हुए डॉ. ओमप्रकाश पुरी का परिषद की ओर से औपचारिक स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण शेखरी, सचिव बुदीया राम, संयुक्त सचिव भुवनेश पुरी, लीला ठाकुर, स्वास्थ्य संयोजक हरीश बागलवान, डॉ. डीके सोनी, राजेश सिंह तथा केवल धिमान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### चकोली में 8 वाहनों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** किहार थाना की पुलिस टीम ने रविवार को चकोली क्षेत्र में वाहनों की रूटीन चेकिंग आयोजित की। सहायक थाना प्रभारी अनिल वालिया के नेतृत्व में टीम ने नियमों का पालन न करने वाले 8 वाहन चालकों के चालान काटे और उन्हें यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की चेतावनी दी। पुलिस ने चालकों को वाहनों में संदिग्ध व्यक्तियों या सामान न लेने, अधिक भार न चढ़ाने और तेज गति से वाहन न चलाने की नसीहत दी। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के महत्व और सुरक्षित ड्राइविंग के तरीकों की जानकारी दी। टेक्सी चालकों को बर्दी पहनकर गाड़ी चलाने, संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट देने और अपने वाहन की जांच करने की सलाह दी गई। थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि रूटीन चेकिंग से वाहन चालक सुरक्षित रहेंगे और दुर्घटनाओं व तस्करी जैसी गतिविधियों को रोकने में मदद मिलेगी।

### युद्धवीर ने नवाचारों पर शोध पत्र किया प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय पांगी एवं पांगी प्रशासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक श्री युद्धवीर टंडन ने अपने शोध पत्र का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। उद्घाटन सत्र में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा सचिव राकेश कंवर मुख्य अतिथि रहे। युद्धवीर टंडन ने अपने शोध में 'आदिवासी ज्ञान पर केंद्रित विरासत और राष्ट्र निर्माणः भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और जनजातीय प्राथमिक शिक्षा में नवाचार' विषय पर प्रकाश डाला। अपने शोध में उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की शिक्षाओं और उनके योगदान को आधुनिक प्राथमिक शिक्षा में लागू करने के उपाय बताए। उन्होंने प्रकृति की पाठशाला, बाल संसद, बाल संविधान और पर्यावरण राखी जैसी नवाचारी पहलों का उदाहरण देते हुए बच्चों में नेतृत्व, सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरणीय चेतना बढ़ाने पर जोर दिया। शोध में यह भी दिखाया गया कि जनजातीय शिक्षा में नवाचार न केवल सीखने की क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि बच्चों को अपनी सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत के संरक्षक के रूप में सशक्त बनाते हैं। उनके कार्यों और शोध को सम्मेलन के सभी अतिथियों और शोधार्थियों ने सराहा।

### स्वयंसेवकों को सफल होने की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री राजकीय बालकृष्ण माध्यमिक विद्यालय चंबा में सातवां एनएनएस विशेष कैंप का काश मापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अभिनव शल्य चिकित्सा विशेष अतिथि तथा प्रधानाचार्य श्री दीपक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ अभिनव ने बच्चों को प्राथमिक उपचार और जीवन में अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवकों को जीवन में सफल होने और समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तिगत विकास के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक पुष्पेंद्र व पंकज को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सातवां एनएनएस विशेष कैंप सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### सरकाघाट में 37 ग्राम चरस सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट की टीम ने ASI अनिल कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान एक युवक को चरस सहित पकड़ा है। पुलिस टीम सिविल अस्पताल सरकाघाट के पास गश्त कर रही थी कि इसी दौरान मोर्चरी के समीप निर्माणाधीन भवन के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह घबराने लगा और इधर-उधर देखने लगा, जिस पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। युवक की पहचान अजीत निवासी गांव वैहड, वार्ड नंबर 7, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी बताया, जिसकी उम्र 20 वर्ष है। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 37 ग्राम चरस बरामद हुई। इस पर पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है। मामले की पुष्टि एसएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने की है।

### आत्महत्या के लिए दुकानदार ठहराया जिम्मेदार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की देव ब्राडता पंचायत मुख्यालय पर 15 वर्षीय स्कूली छात्रा द्वारा अपने पुराने घर में फंदा लगाकर जान देने पर उसके पिता विनोद कुमार ने स्कूल के निकट दुकान चलाने वाली महिला बबली देवी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि बबली ने उसकी बेटी पर चोरी करने का आरोप लगाने और बार-बार फोन कर धमकाने एवं प्रताड़ित करने से फंदा लगाया है। मृतक लड़की के पिता ने बताया कि बबली देवी ने बार-बार फोन पर उसकी बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जिससे उसने यह अप्रत्याशित कदम उठाया है। उसने पुलिस से अनुरोध किया है कि बबली देवी के विरुद्ध मौत को उकसाने का मामला दर्ज किया जाए और उसे कानूनसार दंडित किया जाए। डीएसपी संजीव सूद ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने बबली देवी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कौंसल में मृत अवस्था में मिला नेपाली युवक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत पैंहड के कौंसल गांव में मंगलवार को एक नेपाली नागरिक मृत अवस्था में पाया गया। मृतक की पहचान हिम बहादुर शाही (36) पुत्र धीरज शाही, निवासी टिलुखाना, जिला दालेखा, कानाली प्रदेश नेपाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हिम बहादुर पिछले कुछ समय से नानक चंद पुत्र शंकर दास, निवासी कौंसल, डाकघर पैंहड, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के मकान में रह रहा था। स्थानीय लोगों ने जब उसके कमरे का दरवाज़ा काफी देर तक न खुलने पर संदेह जताया, तो मौके पर जाकर देखा गया कि वह अंदर मृत पड़ा है। इसकी सूचना तुरंत पंचायत प्रतिनिधियों और पुलिस को दी गई। पुलिस दल मौके पर पहुंच चुका है और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी गई है। मामले की पुष्टि डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने की है।

### ओआरओपी विसंगतियों को लेकर आक्रोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व सैनिकों ने ओआरओपी (वन रैंक वन पेंशन) में उत्पन्न विसंगतियों को लेकर केंद्र सरकार पर नाराजगी जताई है। संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन के चेयरमैन कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि 2014 से लागू ओआरओपी का सही लाभ पूर्व सैनिकों को नहीं मिला। आठवें वेतन आयोग के हालिया नोटिफिकेशन में इन विसंगतियों को दूर करने का कोई निर्देश नहीं दिया गया, जिससे समस्याएं और जटिल हो सकती हैं। कैप्टन वर्मा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से हस्तक्षेप कर आयोग को आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया है।

### अश्वनी बने पंडोल कृषि सेवा सोसायटी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, जोगिंदनगर।** पंडोल सहकारी कृषि सेवा सोसायटी में रविवार को आयोजित शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति चुनाव में जटेहड़ निवासी और कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी अश्वनी कुमार पराशर को अध्यक्ष चुना गया। उनके साथ ही सोसायटी की नई कार्यकारिणी का गठन भी बिना किसी विरोध के संपन्न हुआ। उपप्रधान पद के लिए कल्याण सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए कश्मीर सिंह, जबकि सदस्य पद पर चमेल सिंह, प्रताप चंद, ईश्वर दास और सरवन कुमार का चयन किया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद अश्वनी कुमार ने सभी सदस्यों और समर्थकों का धन्यवाद किया।

### मेले में विजेता पहलवानों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंदनगर।** मार्गशीर्ष संक्रांति के अवसर पर किला करणपुर स्थित श्री माता बंडेरी मंदिर में एक दिवसीय मेले का आयोजन हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि जीवन ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्थानीय स्कूली बच्चों और महिला मंडलों ने पारंपरिक गीत व नृत्यों की प्रस्तुति देकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मेले में पारंपरिक कुश्तियों का आयोजन भी हुआ और विजेताओं को सम्मानित किया गया। जीवन ठाकुर ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए और मेले को तीन दिवसीय बनाने का सुझाव दिया।

# एचआरटीसी की दुर्दशा पर फूटा जनाक्रोश

## भाजपा नेता बोले- बसों की भारी कमी और स्पेयर पार्ट्स न मिलने से जनता परेशान

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**



एचआरटीसी की दुर्दशा पर चंबा में फूटा जनाक्रोश।

**पनेला/चंबा।** गांव पनेला में रविवार को आयोजित एक तीखी और जनभावनाओं से जुड़ी नुक्कड़ सभा में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता जय सिंह ने चंबा जिले में एचआरटीसी की भयावह स्थिति पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने कहा कि छह लाख से अधिक आबादी वाले पूरे चंबा जिले के लिए मात्र एक एचआरटीसी डिपो होना सरकार की गंभीर विफलता है, जबकि जिले को तुरंत 200 अतिरिक्त बसों की आवश्यकता है।

जय सिंह ने खुलासा किया कि चंबा डिपो के पास इस समय 131 बसें ही उपलब्ध हैं, जबकि 160 रूटों पर परिवहन सेवाएं देनी होती हैं। इसके बावजूद स्थिति और खराब होने वाली है, क्योंकि केंद्र की जीरो ब्लू बुक (जेएनआर) योजना के तहत आई 65 बसों सहित कुल 95 बसों का कार्यकाल इसी नवंबर में समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि 'पहले ही बसें कम हैं, ऊपर से 95 बसें और बंद होने जा रही हैं... यह चंबा की जनता के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। उन्होंने यह भी बताया कि चंबा एचआरटीसी स्टोर में स्पेयर पार्ट्स की भारी कमी है। 'टूटी बसों से पुर्जे निकालकर दूसरी बसों में लगाए जा रहे हैं... ये प्रबंधन नहीं, बल्कि जनता की जान के साथ खिलवाड़ है।

ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रियों को बसों के लिए दो-दो घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है, और कई बार बसें रास्ते में ही खराब हो जाती हैं। इसी के साथ 20-सीटर चार टेंपो, एक भरमौर में और तीन चंबा में काफी समय से खराब खड़े हैं, लेकिन प्रशासन की कोई सुध नहीं। जय सिंह ने कहा कि इस बदहाली के लिए 'स्थानीय विधायक और हिमाचल प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपेक्षा जिम्मेदार है।'

उन्होंने आरोप लगाया कि एचआरटीसी चंबा के आर एम ने बिना पूछे दर्जनों रूट बंद कर दिए हैं, जिसके कारण लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जय सिंह ने हाल ही में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से एक नया सब-डिवीजन डिपो खोलने, कम से कम 100 नई बसों का प्रावधान करने, एचआरटीसी स्टोर को प्रयाप्त स्पेयर पार्ट्स से पूर्ण रूप से सुसज्जित करने की मांग उठाई है, ताकि मैकेनिक्स को मरम्मत कार्य में कोई बाधा न आए।

### 12 तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो करेंगे आंदोलन

**जय** सिंह ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 12 दिसंबर तक हमारी जायज मांगें पूरी नहीं हुईं, तो चंबा में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। उनकी इस चेतावनी ने चंबा जिला राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, और आने वाले दिनों में परिवहन मुद्दा जिले की राजनीति का बड़ा केंद्र बनने के आसार साफ दिखाई दे रहे हैं।

# छह महीने से ठप पठानकोट-भराड़ी बस सेवा, सैकड़ों लोगों की दिनचर्या प्रभावित

**अनंत ज्ञान, ककीरा ( चंबा )**

ककीरा से भराड़ी तक चलने वाली हिमाचल पथ परिवहन निगम की पठानकोट-भराड़ी बस सेवा पिछले छह महीनों से ठप पड़ी हुई है। इस रूट के ठप्प होने से ककीरा, लाहड़ू, बकलोह, घटासनी और भराड़ी क्षेत्र के लोगों की रोजमर्रा की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। कामकाज, पढ़ाई और जरूरी सरकारी कार्यों से लौटने वाले यात्रियों के लिए शाम के समय यह मार्ग परिवहनहीन बन गया है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि बस सेवा न होने के कारण उन्हें महँगी टैक्सियों पर निर्भर होना पड़ता है। टैक्सी चालक अक्सर मनमाना किराया वसूलते हैं, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। खासकर छात्र, बुजुर्ग और रोजमर्रा के मजदूर इस स्थिति से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

इस बस रूट का मार्ग ठेड़-कुठेड़, लाहडू और बकलोह होते हुए भराड़ी तक जाता था और यह कॉलेज, तहसील कार्यालय चुवाड़ी

### ककीरा-लाहड़ू-बकलोह में बस सेवा बंद, महंगी टैक्सियों का सहारा मजबूरी

तथा अन्य सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने का प्रमुख और सुरक्षित साधन था। स्थानीय निवासी संजय, अनिल, कमल, ललित, कुसुम, मनोज, धनिराम, रमेश और रोशन सहित सैंकड़ों लोग प्रतिदिन इस सेवा पर निर्भर थे। लोगों ने परिवहन विभाग से मांग उठाई है कि इस रूट को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके और उनकी सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित हो सके।

पठानकोट डिपो के आरएम गोपाल किशन ने बताया कि कुछ कारणों से बस संचालन बाधित है, लेकिन विभाग इसे शीघ्र पुनः आरंभ करने के प्रयास कर रहा है। लोगों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि इस रूट को तत्काल बहाल किया जाए, ताकि उनकी सुरक्षा, सुविधा और रोजमर्रा की जरूरतों में राहत मिल सके।

# प्रेस ने आपदा और विभिन्न मौकों पर पेशेवर क्षमता व विश्वसनीयता की सराहनीय मिसाल पेश की: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिलास्तरीय राष्ट्रीय प्रेस दिवस के दौरान उपायुक्त मुकेश रेपसवाल व पत्रकार।

चंबा में जिलास्तरीय राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय चंबा के बचत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला चंबा के वरिष्ठ संवाददाताओं के अलावा सभी प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया के संवाददाताओं तथा सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि समाचारों को प्रसारित करने से पूर्व उनकी पुष्टि करना व समाचारों से संबंधित दूसरे पक्ष को समाचारों में स्थान देना प्रेस की विश्वसनीयता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला चंबा की प्रेस की कार्यप्रणाली बेहद शालीन, जिम्मेदार व विश्वसनीय है तथा जिला की प्रेस ने आपदा सहित अन्य विभिन्न मौकों पर अपनी पेशेवर व अनुशासित कार्य क्षमता का बेहतर परिचय देते हुए विश्वसनीयता की सराहनीय मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि जिला चंबा की प्रेस की विश्वसनीय कार्यप्रणाली का ही परिणाम है कि उनके द्वारा समाचारों के माध्यम से उठाई गई जन समस्याओं व अन्य विषयों पर जिला प्रशासन तुरंत संज्ञान लेता है। उन्होंने जिला की प्रेस को जिला में आपदा सहित कई विभिन्न मौकों पर सरकार व प्रशासन को जनहित के दृष्टिगत सकारात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उपायुक्त ने ओल्ड पुलिस चौकी के समीप चंबा प्रेस क्लब के लिए दो कमरे उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। इस मौके पर उपायुक्त ने कार्यक्रम में शामिल जिला के विभिन्न क्षेत्रों के आए सभी मीडिया कर्मियों व प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया। इससे पूर्व प्रातः 9:00 बजे राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक चौगान मैदान में डीसी-11 तथा प्रेस 11 के मध्य एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच भी आयोजित किया गया। 15-15 ओवर के इस मैच में डीसी-11 की टीम विजेता रही।

इससे पूर्व जिला लोक संपर्क अधिकारी बलबीर सिंह ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय प्रेस दिवस आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए परिचर्चा के विषय के संबंध में अपने विचार रखे तथा राष्ट्रीय प्रेस दिवस आयोजन के मुख्य अतिथि का विधिवत स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में जिला चंबा के विभिन्न क्षेत्रों से आए विभिन्न मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## अंबेडकर भवन चंबा में जिलास्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न

# तीसा केंद्र की टीम ने जीता प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, चंबा**



प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर डॉ. अंबेडकर के जीवन और विचारों से जोड़ा गया।

अंबेडकर मिशन सोसायटी चंबा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता अंबेडकर भवन चंबा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। यह प्रतियोगिता प्रबुद्ध भारत परीक्षा के अंतिम परिणाम के आधार पर आयोजित की गई थी। इसमें जिले के छह परीक्षा केंद्र चंबा, तीसा, सलूणी, डलहौज़ी, साहू और सिहुंता के कनिष्ठ वर्ग (छठी से आठवीं) के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

सोसाइटी की महासचिव अनूप राही ने बताया कि प्रबुद्ध भारत फाउंडेशन फगवाड़ा, पंजाब द्वारा आयोजित 16वीं बहुविकल्पीय परीक्षा का विषय इस बार 'डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष' रहा। चम्बा जिले के करीब 370 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और विचारों से जोड़ना था। कार्यक्रम के मुख्यातिथि वन निगम चंबा के क्षेत्रीय प्रबंधक रघु राम मानव रहे। सोसायटी के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर ने उन्हें सम्मानित किया। प्रतियोगिता का संचालन प्रो. अविनाश पाल ने किया, जबकि निर्जला राही और रोहित रामोत्रा स्कोरर रहे।

प्रतियोगिता में हिमाचल और भारत का सामान्य ज्ञान, विश्व ज्ञान, समसामयिक घटनाक्रम, विज्ञान, खेलकूद, संविधान, बुद्ध और डॉ. अंबेडकर से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कड़ी प्रतिस्पर्धा में तीसा केंद्र की टीम राहुल, जतिन और सोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डलहौजी केंद्र की टीम द्वितीय रही और सिहुंता केंद्र की टीम तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को क्रमशः 2100, 1500 और 1200 रुपए के पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में गुरू रविदास सभा, अंबेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ, भीमा बाई महिला मंडल, अम्बेडकर यूथ क्लब और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता ने न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारा, बल्कि डॉ. अंबेडकर के जीवन एवं विचारों से नई पीढ़ी को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।

# युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला: पवन नैय्यर



साहू मंडल के युवा सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व विधायक पवन नैय्यर।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भाजपा मंडल साहू द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में सदर चंबा के पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम में युवाओं की ऊर्जा, संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की राजनीतिक दिशा को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

पवन नैय्यर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। जब युवा संगठित होते हैं, तो संगठन और समाज दोनों नई ऊंचाइयों को छूते हैं। उन्होंने युवाओं से राजनीति, विकास और सामाजिक सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। युवा सम्मेलन के माध्यम से मंडल स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा आगामी चुनावों में युवाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया गया।

सम्मेलन में प्रदेश युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव एडवोकेट नेकराज ठाकुर, मंडल अध्यक्ष साहू, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नाबालिग अपहरण व मारपीट के 3 मामले

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चम्बा ने 16 नवंबर को तीन गंभीर मामलों में अभियोग दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार सभी मामलों में नियमानुसार जांच जारी है। पहला मामला चरस बरामदगी का है। थाना सदर चम्बा में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक व्यक्ति से 420 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि नशा नेटवर्क के अन्य कड़ियों तक पहुँचा जा सके। दूसरा मामला नाबालिग लड़की के अपहरण का है। थाना भरमौर में धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत 16 वर्ष की नाबालिग के अपहरण की शिकायत मिलने पर पुलिस ने इलाके में खोज अभियान तेज कर दिया है। तकनीकी निगरानी के जरिए आरोपी तक पहुंचने का प्रयास जारी है। तीसरा मामला मारपीट और जान से मारने की धमकी का है। थाना सदर क्षेत्र में खेत की ओर जाते समय आरोपित ने शिकायतकर्ता और उसके भतीजे पर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विभिन्न जन संगठनों ने असंतुलित विकास व आपदाओं पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश में बढ़ती आपदाओं और पर्यावरणीय चुनौतियों के मद्देनजर मंडी के साक्षरता भवन में विभिन्न जन संगठनों की दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सुरक्षित हिमाचल के लिए सामूहिक रणनीति बनाना था। जागोरी ग्रामीण की चंद्रकांता ने कहा कि हाल की भूस्खलन, बाढ़ और भारी बारिश प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि असंतुलित विकास मॉडल का परिणाम हैं। हिमालय नीति अभियान के गुमान सिंह ने बताया कि बिलासपुर-लेह रेल लाइन और लेह ट्रांसमिशन लाइन जैसी परियोजनाएं हिमाचल के पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

हिमधरा पर्यावरण समूह के प्रकाश भंडारी ने कहा कि सामुदायिक जमीनों—जंगल, घास के मैदान, नदी-नाले—की रक्षा करना आवश्यक है। मंडी के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्याम सिंह ने कहा कि

### बैठक में स्थानीय समुदाय व सामुदायिक संसाधनों की सुरक्षा पर दिया जोर

किसी भी निर्माण या परियोजना की अनुमति देने से पहले स्थानीय लोगों और पंचायतों की सहमति जरूरी है। लोकतांत्रिक राष्ट्रनिर्माण अभियान के अशोक सोमल ने बताया कि हिमाचल की 67 प्रतिशत जमीन वन क्षेत्र में है, इसलिए आपदाओं से विस्थापित परिवारों के स्थायी पुनर्वास में बाधा आती है।

पद्मश्री नेकराम शर्मा ने कहा कि हिमाचल की पहाड़ी अर्थव्यवस्था को जलवायु परिवर्तन के अनुसार ढालने और स्थानीय समुदायों को सामुदायिक संसाधनों के प्रबंधन में सक्रिय करने की आवश्यकता है। बैठक में एकल नारी शक्ति संगठन, हिमालय नीति अभियान, हिमधरा पर्यावरण समूह, लोकतांत्रिक राष्ट्रनिर्माण अभियान सहित कई संगठनों ने भाग लिया।

### बकानी में घर लौटते वक्त पैर फिसलने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** ग्राम पंचायत बकाणी में घर लौटते वक्त युवक की ढांक से गिरकर मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब मृतक युवक शनिवार शाम को रोजाना की तरह काम करने के बाद घर लौट रहा था मृतक की पहचान चनालू राम गांव धारना के तौर पर की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कालेज के शव गृह में रखवा दिया है। जहां आज शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस ने घटना की रपट रोजनामचे में डालकर विस्तृत कारणों की जांच आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार धारना गांव का चनालू राम शनिवार शाम को रोजमर्रा की भांति मेहनत-मजदूरी करने के उपरांत वापस घर को लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में पांव फिसलने के कारण गहरी ढांक से नीचे लुढ़क गया। चनालू राम जिसकी उम्र करीब 35 वर्ष बताई गई है,गरीब परिवार से संबंध रखता था और अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गया है। परिणामस्वरूप चनालू राम की मौके पर ही मौत हो गई। चनालू राम को ढांक से गिरता देख ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचित किया। सूचना पाते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। इसी बीच घटना की सूचना पुलिस को देने के साथ ही शव को ढांक से उठाकर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कालेज चंबा भिजवाया। उधर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा हितेष लखनपाल ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर नियमानुसार आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कागजी औपचारिकताएं निपटाने के साथ ही शव परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

# मान्यता ठाकुर ने एथलेटिक्स में जीता सिल्वर

## हिमाचल का नेशनल स्तर पर प्रतिनिधित्व करेगी हराबाग स्कूल की छात्रा



मान्यता ठाकुर का स्कूल पहुंचने पर स्वागत करती प्रधानाचार्य व अन्य स्टाफ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला के जोगिंदरनगर उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग की मान्यता ठाकुर ने हाई जंप स्पर्धा में प्रदेशभर में दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बीते दिनों धर्मशाला में 40वीं अंडर-14 स्कूली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन हुआ था, जिसमें हराबाग स्कूल की मान्यता ठाकुर ने सिल्वर मैडल जीतकर नेशनल के लिए क्वालिफ़ाई किया। इसके अलावा मान्यता ठाकुर राज्य स्तर पर 400 मीटर दौड़ में चौथे स्थान पर रहने के अलावा शाटपुट में मंडी जिला का प्रतिनिधित्व किया।

मान्यता ठाकुर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के शारीरिक शिक्षक परस राम के उत्कृष्ट प्रशिक्षण व मार्गदर्शन सहित प्रधानाचार्य निधि शर्मा व अन्य स्टाफ के सहयोगपूर्ण व्यवहार को दिया है। मान्यता ठाकुर ने कहा कि उनका सपना भारत का प्रतिनिधित्व करने का है, जिसके लिए शारीरिक शिक्षक के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर रही है। बता दें कि मान्यता ठाकुर गरीब परिवार से संबंध रखती है। उनके पिता मिस्त्री का काम करते हैं और माता गृहणी है।

महेश ठाकुर ने राज्य स्तरीय अंडर-14 में 200 मीटर दौड़ स्पर्धा में मंडी जिला का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा कृतिका ठाकुर ने हमीरपुर में हुई राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट के हाई जंप जबकि सोलन में आयोजित अंडर-19 खो-खो स्पर्धा में अंशल ने मंडी जिला की टीम में खेलकर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं अंडर-14 खो-खो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल के ईशान ठाकुर, महेश ठाकुर व सक्षम ठाकुर ने स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन कमेटी व विद्यार्थियों ने हार पहनाकर गर्मजोशी के साथ खिलाड़ियों का स्वागत किया। स्कूल की प्रधानाचार्य निधि शर्मा ने बताया कि स्कूल के बहुत से खिलाड़ी विभिन्न खेलों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने इसका श्रेय शारीरिक शिक्षा परस राम, बच्चों की कड़ी मेहनत व अभिभावकों के सहयोग को दिया है। स्कूल की प्रधानाचार्य निधि शर्मा, स्कूल स्टाफ व स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने बच्चों के प्रदर्शन को खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# गोहर की अंजली और अजय का चमका सितारा, वर्ल्ड बोशिया चैलेंजर्स में रजत



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिले के उपमंडल गोहर की जनयाणी पंचायत से ताल्लुक रखने वाली प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंजली ठाकुर और उनके साथी अजय ने ऑस्ट्रेलिया के केनबरा में हुए वर्ल्ड बोशिया चैलेंजर्स टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए मिश्रित युगल वर्ग में भारत के लिए रजत पदक हासिल कर नया इतिहास रच दिया।

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में यह उपलब्धि प्रदेश और देश दोनों के लिए उल्लेखनीय मानी जा रही है। इससे पहले भी अंजली और अजय राज ने भारत को कांस्य पदक दिलाकर अपनी क्षमता साबित की थी और अब लगातार दूसरी बार पोडियम पर पहुंचकर उन्होंने यह दिखा दिया कि लक्ष्यों के प्रति समर्पण और लगातार अभ्यास किसी भी खिलाड़ी को वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा कर सकता है। अंजली ठाकुर ने अपनी सफलता पर कहा कि वह आगामी बोशिया गेम्स और पैरा ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक जीतने का सपना रखती हैं और इस दिशा में तैयारी और भी तेज कर रही हैं। स्थानीय समुदाय, खेल प्रेमियों और प्रशासन ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि इनकी मेहनत आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी और प्रदेश के पैरा स्पोर्ट्स को नई पहचान दिलाएगी।

अनंत Classifieds

## नाम दुरुस्ती

**मैं** सुदर्शन कुमार सपुत्र स्व. श्री हरी चरन निवासी गांव जदरांगल (पटोला) तह. धर्मशाला, जिला कांगड़ा हि.प्र., घोषणा करता हूं कि मेरे भारतीय स्टेट बैंक शेयर सर्टिफिकेट में मेरा नाम गलती से सुदर्शन कुमार शर्मा लिखा गया है जब कि मेरा सही नाम सुदर्शन कुमार है। कृप्या नोट करें।

कला भ्रष्ट भी हो जाय, योगी पतित भी हो जाय, तो भी उसमें बड़प्पन का कुछ अंश तो रहता ही है।

-वृन्दावन लाल

## संपादकीय

# अमानवीय कदम

हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर में एक पति ने जिस तरह से अपनी पत्नी पर तेजाब फेंककर उसे लगभग 50 प्रतिशत तक झुलसा दिया वह किसी भी दृष्टि से मानवीय कृत्य नहीं कहा जा सकता। यह घटना महज त्रासदी नहीं, बल्कि उस सामाजिक विफलता का संकेत है जहां क्रोध, असहिष्णुता और हिंसा ने मानवीय रिश्तों की जगह ले ली है। इस वीभत्स वारदात के बाद सवाल उठता है कि आरोपी तक तेजाब पहुंचा कैसे? सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2013 में तेजाब की खुली बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था, स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे, लेकिन फिर भी तेजाब उपलब्ध है, बिक रहा है, और अपराधी बिना किसी भय के इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। यह केवल एक व्यक्ति की मानसिकता का सवाल नहीं, बल्कि व्यवस्था की उस ढील का प्रमाण है जो ऐसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है।

आखिर वह कौन-सी परिस्थितियां थीं जिनके चलते एक पति अपनी पत्नी पर तेजाब फेंकने जैसा अमानवीय कदम उठाने पर उतारु हो गया? आपसी कहासुनी किसी भी दांपत्य जीवन का हिस्सा हो सकती है, मतभेद हर घर में होते हैं, लेकिन किसी मतभेद का अंत इस कदर भयावह हिंसा पर होना इस बात का प्रमाण है कि समाज में सहिष्णुता तेजी से खत्म हो रही है। सहिष्णुता का अर्थ है दूसरों के विचार, मान्यताएं और व्यवहार को सम्मानपूर्वक स्वीकार करना, भले ही वे हमारे विचारों से भिन्न हों। मतभेदों को संवाद, धैर्य और समझदारी से हल करना ही सभ्य समाज की निशानी है, लेकिन मंडी की इस घटना ने सहिष्णुता, मानवीयता और संवेदनाओं की सारी परिभाषाओं को ही ध्वस्त कर दिया है। यह भी सोचने वाली बात है कि आरोपी ने पत्नी को पहली मंजिल से धक्का भी दिया। इसका मतलब साफ है कि वह केवल घायल करना नहीं, बल्कि जान लेना चाहता था। प्रश्न यह भी है कि व्यक्ति इतना निडर, इतना बेखौफ कैसे हो गया कि उसे कानून का कोई भय ही नहीं रहा? क्या यह हमारी कानून-व्यवस्था की विफलता नहीं है कि अपराधी को लगता है कि वह जो चाहे कर सकता है और बच निकलने की पूरी गुंजाइश है? अपराध तभी बढ़ते हैं जब कानून का प्रभाव कमजोर पड़ता है और दोषियों को उचित दंड नहीं मिलता।

साल 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने एसिड अटैक को 'दहलाने वाला अपराध' बताते हुए तेजाब की बिक्री पर कड़े निर्देश जारी किए थे। दुकानदारों को लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया था, खरीदार की पहचान और उद्देश्य दर्ज करना जरूरी था, 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को तेजाब बेचने पर पूरी तरह रोक लगाई गई थी, लेकिन आज वास्तविकता यह है कि इन नियमों का पालन कागजों में तो दिखता है, जमीन पर नहीं। मंडी की यह घटना उसी ढील की देन है, जहां तेजाब की उपलब्धता अब भी आसान है और नियंत्रण लगभग नाममात्र, लेकिन केवल कानून की कमजोरी ही इस त्रासदी की वजह नहीं है। यह घटना हमारे पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने की भी एक कड़वी तस्वीर है। यह सवाल उठाना लाजिमी है कि लड़कों के भीतर महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और संवेदनशीलता जैसे मूल्यों का विकास क्यों नहीं हो पा रहा? परिवार, समाज और शिक्षा के स्तर पर कहीं न कहीं गंभीर चूक हो रही है। नारी को देवी का स्वरूप कहने भर से सम्मान नहीं मिल जाता, उसके अधिकारों और गरिमा को जीवन के हर क्षेत्र में स्वीकार करना ही वास्तविक सम्मान है, लेकिन जब समाज में पुरुषवादी सोच, अधिकार जताने की प्रवृत्ति और असहिष्णुता को बढ़ावा मिलता है, तब ऐसी अमानवीय घटनाएं जन्म लेती हैं।यह भी चिंताजनक है कि पति-पत्नी के बीच विवाद लंबे समय तक चल रहा था, लेकिन किसी रिश्तेदार या पड़ोसी ने हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की कोशिश नहीं की। हमारे समाज में पहले परिवार और समुदाय मिलकर छोटी-मोटी समस्याओं को सुलझा लेते थे, रिश्तों को टूटने से बचा लेते थे,लेकिन आज सबको अपने-अपने दायरे में सिमटने की आदत पड़ गई है, नतीजतन विवाद बढ़ते-बढ़ते हिंसा का रूप ले लेते हैं। यह सामाजिक दूरी भी अपराध को बढ़ाती है।

ऐसे मामलों में पुलिस और न्याय प्रक्रिया की धीमी चाल अपराधियों को और भी दुस्साहसी बना देती है। अक्सर झगड़े को घरेलू मामला कहकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिसकी परिणति बाद में गंभीर अपराध के रूप में सामने आती है। यदि पहली शिकायत के समय ही कानून सख्ती से दखल दे, पीड़ित को सुरक्षा मिले और आरोपी पर निगरानी रहे, तो कई अपराध रोके जा सकते हैं, लेकिन अक्सर होता यह है कि शिकायतों को हल्के में लिया जाता है, कार्रवाई टलती जाती है और अपराधी हिम्मत पकड़ लेता है। मंडी की यह घटना केवल एक महिला पर हमला नहीं, बल्कि पूरे समाज पर हमला है । उस सोच पर, जो मानवता को कमजोर कर रही है, उस व्यवस्था पर, जो अपराध रोकने में नाकाम हो रही है, और उस संवेदनहीनता पर, जो किसी को चीखते हुए इंसान की पीड़ा भी नहीं सुना पाती। इस घटना ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कानून बने रहना काफी नहीं, उनका प्रभावी क्रियान्वयन ही वास्तविक सुरक्षा दे सकता है। तेजाब की बिक्री पर पूर्ण नियंत्रण, दोषियों को कड़ा दंड, पीड़िता के पुनर्वास की मजबूत व्यवस्था और समाज में संवेदनशीलता का पुनर्निर्माण -इन सब पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बहरहाल, इस मामले में आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि समाज में यह संदेश जाए कि महिलाओं पर अत्याचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर व्यक्ति का जीने का अधिकार है, और कोई भी इंसान यूं ही बेवजह मौत के मुंह में नहीं धकेला जाना चाहिए। मंडी की यह घटना एक चेतावनी है कि यदि हम आज नहीं जागे, तो कल बहुत देर हो जाएगी। समाज को, कानून व्यवस्था को, और परिवारों को मिलकर ऐसी हिंसक मानसिकता को रोकने के लिए काम करना ही होगा। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी

**लाला** लाजपत राय भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों और उग्र राष्ट्रवादी नेताओं में गिने जाते हैं। उन्हें उनके अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति के कारण 'पंजाब केसरी' तथा 'पंजाब का शेर' कहा जाता है। बचपन से ही उनमें राष्ट्रीय चेतना थी। लाहौर में पढ़ाई के दौरान वे आर्य समाज से जुड़े और स्वामी दयानंद के विचारों से अत्यधिक प्रभावित हुए। शिक्षा और समाज सुधार के कार्यों में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं तथा लाहौर में डीएवी कॉलेज की स्थापना में अग्रणी योगदान दिया।



लाला लाजपत राय
जन्म : 28 जनवरी,1865
मृत्यु : 17 नवंबर, 1928

लाला जी ने हिसार और लाहौर में सफल वकालत की, किंतु उनका रुझान सामाजिक सेवा और राजनीति की ओर अधिक था। 1888 में वे पहली बार कांग्रेस अधिवेशन में शामिल हुए और बाद में बाल गंगाधर तिलक तथा विपिन चंद्र पाल के साथ मिलकर कांग्रेस में गरमदल की विचारधारा को मजबूत किया।

वे अमेरिका और इंग्लैंड भी गए, जहां उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के पक्ष में जनमत तैयार किया और 'इंडियन होमरूल लीग' स्थापित की। 1920 में उन्होंने असहयोग आंदोलन को पंजाब में शक्ति दी और बाद में स्वराज्य पार्टी तथा नेशनलिस्ट पार्टी में सक्रिय रहे। श्रमिक अधिकारों के लिए भी उनका बड़ा योगदान है और वे 'अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस' (एटक) के प्रथम अध्यक्ष बने। 30 अक्तूबर 1928 को लाहौर में साइमन कमीशन के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में वे गंभीर रूप से घायल हुए। 17 दिन बाद 17 नवंबर 1928 को उनका निधन हो गया। उनकी शहादत ने भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव जैसे अनेक क्रांतिकारियों को प्रेरणा दी। ■



कविता

## कहां जा रहा है मेरा देश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

प्रवीण कुमार, गांव बाड़ां दा घाट, जिला बिलासपुर, मो. 8219080021

**कहां** जा रहा है मेरा देश, वोटों की राजनीति है
देश का किसको ख्याल, कुर्सी का प्रेम देशप्रेम पर भारी है
जात-पात पर, धर्म-संप्रदाय पर वोटों के लिए ध्यान
देशप्रेम, देश की बात बाद में, यही तो मेरे भारत की
सबसे बड़ी बीमारी है
आते हैं चुनाव, बांट के रवड़ियां खरीद लिए जाते वोट
यही तो मेरे प्यारे देश का है दुर्भाग्य, जागो मेरे वतन के लोगों
करो कुछ ऐसा, रेवड़ियां बांटने वालों की साजिशें
न हो सकें कामयाब, जो हों काबिल, जिनमें सेवा का हो भाव
उन्हीं को मिले सत्ता, उन्हीं का हो हमारे हृदय में सम्मान
तभी बनेगा मेरा भारत महान।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'चिट्टा मुक्त हिमाचल': देवभूमि की नई लड़ाई, नई उम्मीद

हमारे देश में नशे की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जिस तेजी से यह सामाजिक जीवन को खोखला कर रही है, वह अत्यंत चिंताजनक है। हिमाचल प्रदेश को कभी देश का सबसे शांत, सुरक्षित और संस्कारी राज्य माना जाता था, लेकिन अब इसी हिमाचल के लिए पंजाब की तर्ज पर 'उड़ता हिमाचल' जैसे शब्द उपयोग होने लगे हैं। यह परिवर्तन समाज की बदलती मानसिकता, वातावरण और परिस्थितियों का दर्पण है। हिमाचल में पिछले कुछ वर्षों के भीतर जिस रफ्तार से नशे का जाल फैला है, वह न केवल युवा पीढ़ी को खोखला कर रहा है, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करने लगा है। यही वजह है कि राज्य सरकार से लेकर प्रशासन, पंचायतों से लेकर अध्यापकों तक और अस्पतालों से लेकर सामाजिक संगठनों तक-हर कोई नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में जुट चुका है।

नशामुक्त भारत की दिशा में केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई 'एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी' यानी एटीएफ स्कीम भी इसी संघर्ष का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह स्कीम उन राज्यों के लिए शुरू की गई थी जहां नशे की निर्भरता बहुत अधिक थी और इलाज के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं थे। हिमाचल में भी इस स्कीम के अंतर्गत कई केंद्र संचालित हैं, जहां डॉक्टरों के साथ मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, काउंसलर, सोशल वर्कर्स और ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट मिलकर नशे से जूझ रहे व्यक्तियों को ठीक करने का प्रयास करने में जुटे हैं। नशे से मुक्ति संभव है, लेकिन इसके लिए धैर्य, उपचार और निरंतर सहयोग की आवश्यकता होती है।

अक्सर देखा गया है कि नशे से बाहर निकलने के बाद लोग जीवन में असाधारण उपलब्धियां हासिल करते हैं। कई युवक पढ़ाई में वापसी कर बैंकिंग, यूपीएससी, आईएएस, एचएएस तथा एलाइड सर्विसेज जैसी कठिन परीक्षाएं पास कर चुके हैं, जबकि कुछ युवा पुलिस और सेना में भी भर्ती हुए हैं। यह दर्शाता है कि यदि उचित समर्थन, मार्गदर्शन, इलाज और वातावरण मिले तो व्यक्ति दोबारा मुख्यधारा में लौटकर एक सफल जीवन जी सकता है। ऑक्यूपेशनल रिहैबिलिटेशन इसी लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है, जहां व्यक्ति की रुचि, दक्षता और क्षमता के आधार पर उसे सही दिशा में प्रेरित किया जाता है, लेकिन इस सकारात्मक संभावना के बावजूद एक कड़वी सचाई यह भी है कि हिमाचल में नशे का प्रचलन चिंताजनक स्तर तक बढ़ चुका है। प्रदेश के कोने-कोने में नशे की उपलब्धता अब आसान हो गई है। हिमाचल के विभिन्न जिलों में चिट्टे के नशे के मामले साल-दर-साल बढ़ते ही जा रहे हैं। शिमला जिला इस मामले में सबसे आगे है, उसके बाद दूसरे नंबर पर है कांगड़ा। इसके बाद नंबर आता है बिलासपुर और मंडी जिले का। लाहौल-स्पीति ही एकमात्र ऐसा जिला है, जहां यह नशा आज भी अपेक्षाकृत नहीं पहुंचा है, जिसका मुख्य कारण वहां की कठिन भौगोलिक परिस्थितियां और कम जनसंख्या है। बाकी जिलों में स्थिति अत्यंत गंभीर है।

माता-पिता अपने बच्चों को नशे की दलदल से बचाने के लिए परेशान हैं और अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं। पहले जहां नशेड़ियों को मुख्यधारा में वापस लाना कठिन काम था, वहीं अब जागरूकता इतनी बढ़ गई है कि कई युवा खुद ही अस्पताल पहुंचकर इलाज शुरू कर रहे हैं। निश्चित रूप से यह सकारात्मक परिवर्तन है और उम्मीद जगाता है कि हिमाचल में नशामुक्ति अभियान सफल हो सकता है।



हिमाचल सरकार ने इस दिशा में गंभीर पहल की है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के रिज मैदान से 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' अभियान की शुरुआत कर राज्यव्यापी मुहिम को गति दी है। एंटी-चिट्टा जागरूकता वॉकथॉन इसका प्रतीक बना, जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत कर चिट्टे को जड़ से खत्म करने की शपथ ली जो बताता है कि सरकार अब केवल कानून-व्यवस्था पर नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता पर भी जोर दे रही है। सच यह है कि नशे की समस्या केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की समस्या है, और उसका समाधान भी सामूहिक प्रयास से ही संभव है।

यथार्थ



समरजीत

हिमाचल में नशे के बढ़ने का एक बड़ा कारण पर्यटन भी है, क्योंकि यह राज्य विश्वभर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का खास केंद्र है। खासकर मलाणा क्रीम नामक उच्च गुणवत्ता वाली भांग के लिए दुनियाभर से लोग यहां आते हैं। यह न सिर्फ स्थानीय स्तर पर एक 'कल्चर' बन गया है, बल्कि पर्यटक कई बार भांग के साथ-साथ हेरोइन, एलएसडी, एमडीएमए (मेथिलीन डाइऑक्सीमेथैम्फेटामाइन), एक्स्टसी जैसी अन्य सिंथेटिक ड्रग्स भी अपने साथ ले जाते हैं। पर्यटन स्थलों पर होने वाली रेव पार्टियों ने भी इस समस्या को बढ़ावा दिया है। यहां आने वाले युवा पर्यटक अक्सर उत्सुकतावश इन नशों को आजमाते हैं, जिससे वे 'गेटवे ड्रग्स' में फंस जाते हैं। गेटवे ड्रग्स का मतलब है वह नशा जो शुरुआत तो हल्के रूप में करता है, लेकिन धीरे-धीरे व्यक्ति को अधिक तीव्र और खतरनाक नशों की तरफ धकेल देता है। एक बार यह चेन शुरू हो जाए तो व्यक्ति को लगातार बढ़ती मात्रा चाहिए होती है और अंततः वह चिट्टे जैसे घातक नशे तक पहुंच जाता है।

यह भी बेहद गंभीर तथ्य है कि पहले 30-35 साल के युवा अस्पतालों में चिट्टे से मुक्ति के लिए इलाज करवाने आते थे, लेकिन अब 12-13 साल की उम्र के बच्चे भी इलाज के लिए रहे हैं। यह स्थिति किसी भी समाज के लिए सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि बचपन में पड़े नशे के दाग कई बार जीवनभर पीछा नहीं छोड़ते। पहले सिंथेटिक ड्रग्स का इस्तेमाल कम था, लेकिन अब यह सिगरेट और बियर जैसे सामान्य नशों के बाद अगला कदम बन चुका है। बच्चे अक्सर जिज्ञासा में सिगरेट या बियर से शुरुआत करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे भांग और गांजा तक पहुंचते हैं और फिर सिंथेटिक ड्रग्स तक भी उनकी पहुंच हो जाती है। प्रदेश में भांग का सामूहिक रूप से सेवन बढ़ रहा है और उसकी सहनशक्ति का लेवल बढ़ते ही व्यक्ति अगली स्टेज के नशों की ओर बढ़ जाता है। सिंथेटिक ड्रग्स दिमाग को इस कदर हाईजैक कर देती हैं कि व्यक्ति का व्यवहार, सोच, भावनाएं और निर्णय क्षमता सब कुछ नियंत्रित हो जाता है। चिट्टा यानी हेरोइन की छोटी-सी मात्रा भी व्यक्ति को इसका आदी बना देती है। इसके बाद शरीर में दर्द, उल्टी, दस्त, घबराहट, पसीना और बेचैनी जैसे लक्षण बार-बार उभरते हैं, जिन्हें शांत करने के लिए वह दोबारा ड्रग्स की खोज में निकल पड़ता है। ड्रग्स का यह चक्र शरीर को अंदर से तोड़ देता है, जिससे लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन सहित लगभग हर अंग प्रभावित होता है। नीडल्स के बार-बार इस्तेमाल से हेपेटाइटिस और एचआईवी का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। वर्षों तक ड्रग्स लेने के बाद स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि व्यक्ति को नशा चढ़ता ही नहीं और वह ओवरडोज ले लेता है, जिससे उसकी मौत तक हो जाती है।

यह समस्या सिर्फ हिमाचल की नहीं, बल्कि पूरे भारत की है। देशभर में लगभग 275 जिलों को उच्च-जोखिम वाले ड्रग जिले के रूप में चिन्हित किया गया है। मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस दौर में ड्रग्स की उपलब्धता आसान हो गई है और पेडलर्स इसका बड़ा फायदा उठा रहे हैं। शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले स्कूलों और कॉलेजों के बाहर भी चिट्टा आसानी से उपलब्ध है। पुलिस और प्रशासन को इन स्थानों पर विशेष निगरानी करनी चाहिए, क्योंकि युवा पीढ़ी का पहला संपर्क अक्सर यहीं होता है।

नशे से लड़ाई में जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। हिमाचल सरकार ने डिमांड और सप्लाई दोनों को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पंचायतें, स्कूल, स्वास्थ्य विभाग और पर्यटन विभाग सभी अपने स्तर पर अभियान चला रहे हैं। रिवर राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग जैसे साहसिक खेलों से जुड़े प्रशिक्षकों के यूरिन टेस्ट किए जा रहे हैं, ताकि पर्यटकों को सुरक्षित वातावरण दिया जा सके। टैक्सी चालकों की गाड़ियों पर 'वी डू नॉट डू ड्रग्स' लिखा जा रहा है, ताकि बाहरी पर्यटक गाइड या ड्राइवर से नशे की जानकारी मांगने में झिझकें। कई बार ड्राइवरों का भी कमीशन इस अवैध धंधे में जुड़ा होता है, लेकिन जागरूकता बढ़ने से यह चेन टूट रही है। सरकारी और यहां तक कि निजी होटल के मालिकों को भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि परिसर में किसी भी तरह के नशे का सेवन बिलकुल वर्जित होना चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों के अध्यापकों की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। अब शिक्षक बच्चों के व्यवहार और गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखते हैं और जरा सा भी संदेह होने पर तुरंत चिकित्सकों से संपर्क स्थापित कर टेस्ट करवाते हैं। यह शुरुआती कदम कई बच्चों को गहरे नशे में धंसने से रोक सकता है।

हिमाचल की सुक्खू सरकार अब नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध (निवारण एवं नियंत्रण) विधेयक, 2025 के तहत नशा तस्करों को मृत्युदंड, आजीवन कारावास और अवैध संपत्ति कुर्क करने जैसे कठोर प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश ड्रग्स और नियंत्रित पदार्थ (रोकथाम, नशामुक्ति और पुनर्वास) विधेयक, 2025 के जरिए अवैध व्यापार करने वालों पर कठोर दंड, भारी जुर्माना और राज्यस्तरीय पुनर्वास कोष की स्थापना की गई है। पुनर्वास केंद्रों का व्यापक नेटवर्क स्थापित किया गया है, जिनमें कुल्लू, ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में पुरुषों के लिए चार केंद्र और कुल्लू में महिलाओं के लिए रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित एक केंद्र शामिल है। सिरमौर के कोटला बड़ोग में 100 बिस्तरों वाला आधुनिक नशामुक्ति केंद्र स्थापित किया गया है।

प्रदेश सरकार की ओर से उठाए गए इन कदमों का असर भी दिख रहा है। वर्ष 2023 में सरकार ने जहां 4.87 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी, तो वहीं 2024 में 24.42 करोड़ और 2025 में 6.66 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति सरकार ने कुर्क की है। इसके अलावा नशा तस्करों की 1214 संपत्तियां चिन्हित की जा चुकी हैं। पिछले तीन वर्षों में एनडीपीएस एक्ट के तहत 1114 मामले दर्ज हुए हैं और 1803 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रिकॉर्ड 1919 किलो चरस, 32.9 किलो हेरोइन, 1632 किलो पोपी हस्क, 89.6 किलो अफीम और 1.64 लाख प्रतिबंधित कैप्सूल व टैबलेट्स भी बरामद की गई हैं। वहीं, भांग के 69.76 लाख पौधे भी नष्ट किए गए। ये आंकड़े जितने डरावने हैं, उतनी ही राहत की बात यह भी है कि नशे के खिलाफ कार्रवाई लगातार तेज हो रही है।

बहरहाल, नशामुक्त हिमाचल का सपना तभी साकार होगा जब समाज इस लड़ाई में अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाएगा। सरकार कानून बनाएगी, पुलिस कार्रवाई करेगी, अस्पताल इलाज देंगे, लेकिन असली जीत तभी मिलेगी जब परिवार, अध्यापक, युवा और पंचायतें एकजुट होकर नशे के विरुद्ध खड़े होंगे। नशे की समस्या सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि सामाजिक, मानसिक और सांस्कृतिक समस्या बन चुकी है। यह लड़ाई सिर्फ अदालतों और पुलिस थानों में नहीं, बल्कि घरों, स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में भी लड़ी जाएगी। हिमाचल एक शिक्षित, जागरूक और सांस्कृतिक राज्य है। यदि यहां के लोग संगठित होकर नशे के खिलाफ खड़े हों तो 'उड़ता हिमाचल' की यह काली परछाई बहुत जल्द समाप्त हो सकती है। उम्मीद है कि सरकार की मुहिम और जनता की भागीदारी मिलकर हिमाचल को दोबारा उसी शांति, सौम्यता और पवित्रता से भर देंगी जिसके लिए यह पहाड़ी प्रदेश हमेशा जाना जाता रहा है।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# बिहार विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की करारी हार और उसके सबक

बिहार विधानसभा चुनावों में महागठबंधन की करारी हार ने कांग्रेस पार्टी को गंभीर सबक लेने की आवश्यकता दिखा दी है। चुनावों में भाजपा ने पांचवीं बार जीत दर्ज करके अपना परचम लहराया, जबकि महागठबंधन की अगुवाई करने वाली कांग्रेस हर मोर्चे पर असफल साबित हुई।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर (कांगड़ा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

महागठबंधन के नाम पर कांग्रेस ने हमेशा अपनी फजीहत करवाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वीकार किया कि कांग्रेस के दुष्प्रचार उनके लिए संजीवनी साबित हुए हैं। इस चुनाव में कांग्रेस की रणनीति और नेतृत्व दोनों पर सवाल खड़े हुए हैं।

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाकर देशभर में सनसनी फैलाने की कोशिश की, लेकिन जनता ने इसे खारिज कर दिया। कांग्रेस के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री, राफेल डील, ईवीएम मशीन और अन्य मुद्दों पर आरोप लगाने से पार्टी की विश्वसनीयता कमजोर हुई। यह साफ दिखा कि जनता केवल आरोपों और नकारात्मक प्रचार से प्रभावित नहीं होती। बिहार विधानसभा में भाजपा और जेडीयू की मजबूत स्थिति और व्यापक जनसमर्थन ने कांग्रेस के आरोपों की हवा निकाल दी।

लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस केवल 99 सीटों पर सीमित रह गई, जबकि एनडीए घटक दलों ने भाजपा को समर्थन देकर केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने में मदद की। राहुल गांधी के महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपए डालने के वादे और अन्य चुनावी घोषणाएं जनता के बीच भ्रम पैदा करने वाली साबित हुईं।

प्रियंका गांधी ने भी बिहार चुनाव में महिलाओं को गैस सिलेंडर पांच सौ रुपए में देने और युवाओं को नौकरियों के वादे किए, जो आज तक पूरे नहीं हुए। इन वादों की असफलता ने कांग्रेस की विश्वसनीयता को और कमजोर किया। कांग्रेस का संगठन कमजोर होना और महागठबंधन में भरोसे



की कमी ने पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को भी भ्रमित किया। सोशल मीडिया पर इस स्थिति को और तेज किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं के भीतर संगठनात्मक अनुशासन की कमी और अंदरूनी गुटबाजी ने भी कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया।

इसके विपरीत, भाजपा का मजबूत संगठन, बूथ स्तर पर सक्रियता और जनता तक सीधे पहुंचने की रणनीति ने कांग्रेस की कमजोरियों को और उजागर किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी ने जनता के बीच विश्वास बनाए रखा। आरक्षण और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर संतुलित दृष्टिकोण ने उन्हें लाभ पहुंचाया।

इसके विपरीत, कांग्रेस नेताओं का लगातार आरोप और नकारात्मक प्रचार जनता के बीच भ्रम और असंतोष पैदा करने वाला साबित हुआ। कांग्रेस को यह समझना होगा कि जनता केवल आरोपों और वादों के दम पर प्रभावित नहीं होती; संगठन की मजबूती और जनता से विश्वासपूर्ण संपर्क ही निर्णायक होता है। अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए अत्यधिक टैरिफ के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी दरों में कटौती करके जनता को राहत दी, जबकि कांग्रेस की आलोचनाएं केवल नकारात्मक और असंगत साबित हुईं

अब कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि 2029 लोकसभा चुनावों में उसका विकल्प क्या होगा? महागठबंधन से दूरी बनाकर कांग्रेस को स्वयं अकेले मैदान में उतरना और संगठन को सुदृढ़ करना होगा। हिमाचल प्रदेश में पिछले एक वर्ष से कांग्रेस संगठन की कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है, और अध्यक्ष पद को लेकर गुटबाजी चरम पर है।

यह न केवल संगठन की कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल को भी कमजोर कर रहा है। कुल मिलाकर, कांग्रेस को अपने संगठन को मजबूत करना, चुनावी वादों को व्यवहारिक बनाना और जनता के बीच विश्वास हासिल करना होगा। महागठबंधन के भ्रम और बाहरी आरोपों से बाहर आकर पार्टी को अपनी पहचान स्पष्ट करनी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'एक तू न मिला-मनुष्य की अनंत खोज और परमात्मा का आदि नाम'

सन 1965 में एक फिल्म आई थी 'हिमालय की गोद में'। उसमें गीतकार इंदिवर का एक गीत था जिसे स्व. लता जी ने गाया था-'एक तू न मिला सारी दुनिया मिले भी तो क्या है मेरा दिल न खिला सारी बगिया खिले भी तो क्या है।'

इंसान अपने जीवन में बहुत कुछ पाता है, मगर रहता हमेशा अतृप्त है, क्योंकि इंसान इस पृथ्वी का प्राणी ही नहीं है। यहां की कोई भी प्राप्ति उसे संतुष्ट नहीं कर सकती। इंसान को स्वर्ग से उतारा गया है। रामचरितमानस में आता है-'ईश्वर अंश यह जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशि' यूं मायाबस भयो गोसाईं, बंध्यो कीर मरकट की निहाई।' अर्थात मनुष्य परमात्मा का अंश है, मगर माया के वश में होकर अपना विवेक खो बैठा है।




एमएस मेहता
सीनियर कंसल्टेंट
राज्य वित्त आयोग हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जड़ संसार और चेतन आत्मा में गांठ पड़ गई है, जो मिथ्या होते हुए भी छूटती नहीं। जबसे यह गांठ बंधी है तबसे जीव निराकार से संसारी बना और अब न गांठ छूटती है न सुख मिलता है। इंसान इस धरती की मकलूख नहीं; इसलिए यहां के पदार्थ उसे संतुष्ट नहीं कर सकते। अब तो मनुष्य का पृथ्वी से मोह ही भंग हो चुका है, क्योंकि उसे आभास हो गया है कि इस धरती की कोई शै उसे मुतमईन नहीं कर सकती।

इंसान की नजर अब दूसरे ग्रहों पर जा टिकी है। इंसान की तलाश तब तक जारी रहेगी, जब तक 'वह' न मिल जाए-दुनिया बनाने वाला, क्योंकि अगर वही न मिला तो उसकी बनाई दुनिया मिलकर भी किस काम की? यह ऐसा है जैसे कोई अपने खोए हुए बाप को ढूंढ रहा हो और उसे उसके बाप द्वारा बनाई हुई कोई चीज पकड़ा दी जाए। उसे तो बाप चाहिए।

यह दुनिया न अपनी होती है, न साथ जाती है। यहां जो कुछ इंसान पाता है उसके लिए भी न जाने कितने झंझट उठाता है, उसूलों की बलि देता है। ग्रंथ साहब में आता है-'पापा बाझो होय नहीं, मोया साथ न जाई।' परमात्मा जिसने यह दुनिया



बनाकर हमें सौंपी, उसे हम याद ही नहीं करते-सिर्फ संकट में या कुछ मांगने के लिए। यह ऐसा है जैसे मां रोज भोजन बनाकर रख दे मगर खुद दिखाई न दे; यह तो बस पशुवत पेट भरना हुआ। भोजन तो वह है जो मां के सानिध्य में किया जाए। जो जीवनभर बस खाते रहें पर खिलाने वाले से मिलने का उद्यम न करें, वह खाना हराम है। ग्रंथ साहब में है-'देनंदा दे लेन्दा थक पा, जुगां जुगांतर खाई खाह।'

वह देता जा रहा है और इंसान लेता जा रहा है-न देने वाला थकता है न लेने वाला। इंसान पर दातों का बोझ इतना है कि वह दाता को भूल बैठा है। वह कभी यह नहीं सोचता कि देने वाले परमात्मा से ही विसाल हो जाए। कैसे पाएं परम पिता को? श्रीमद्भागवत में प्रभु-प्राप्ति का साधन बताया है-'कृते यद् ध्यायतो विष्णुंज कलौ तद् हरिकीर्तनात।' सतयुग में ध्यान, त्रेता में यज्ञ, द्वापर में उपासना और कलियुग में केवल नाम-स्मरण। रामायण भी यही कहती है-'नहिं कलि कर्म न भक्ति बिबेकु, राम नाम अवलंबन एकु।'

नाम-सुमिरन ही कल्पवृक्ष समान है। गुरु नानक देव जी कहते हैं-'इक दू जीभौ लख होहिज एक नाम जगदीस।' उसके नाम का सिमरन ही प्रभु-मिलन की सीढ़ी है। अब प्रश्न है-परमात्मा का सच्चा नाम क्या है? बाहरी नाम—राम, कृष्ण, अल्लाह, गॉड आदि मनुष्य-निर्मित हैं। प्रभु का आदि नाम जपना होगा। कबीर कहते हैं— 'कोठी नाम संसार में ताते मुक्ति न होई, आदि नाम जो गुप्त जप बिरला बूझे कोई।' वह आदि नाम क्या है? उसका रूप क्या है? वह कहां मिलता है? यही जानने पर भक्ति आरंभ होती है। इसके बिना मनुष्य बाहरी पूजा-पाखंड में जीवन नष्ट कर देता है। 'उस आदि नाम पर आगे कभी चर्चा करेंगे।'

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मूल सिद्धांतों से पत्रकारिता मजबूत : उपायुक्त

## अपूर्व देवगन ने की राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आयोजित जिलास्तरीय संगोष्ठी की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि आज के डिजिटल युग में पत्रकारिता के समक्ष अनेक अवसर हैं, साथ ही चुनौतियां भी अपार हैं। इन चुनौतियों से पार पाने व विश्वसनियता कायम रखने के लिए पत्रकारिता को अपने मूल सिद्धांतों और स्थापित नियमों की ओर लौटना होगा। वे आज यहां राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

भारतीय प्रेस परिषद की ओर से इस वर्ष संगोष्ठी का विषय 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनियता का संरक्षण' रखा गया था। इस अवसर पर उप निदेशक, सूचना एवं जन संपर्क कुमारी मंजुला विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उपायुक्त ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के इस दौर में उन्नत प्रौद्योगिकी ने मीडिया को अनेक सुविधाएं दी हैं। समाचार सम्प्रेषण से लेकर उसके प्रस्तुतिकरण तक में इसका उपयोग निरंतर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि एआई व अन्य संचार माध्यमों से सूचना प्रवाह बढ़ने से यह नागरिक समाज सहित पत्रकारिता जगत के लिए भी कई चुनौतियां लेकर आया है। पत्रकारों को समय सीमा के भीतर अपनी स्टोरी भेजने से लेकर सूचना की पुष्टि तक कई चरणों में कार्य करना होता है। ऐसे में कई बार भ्रामक सूचनाओं के जाल में फंसने की संभावनाएं रहती हैं।

### भ्रामक सूचनाओं के खिलाफ प्रेस की भूमिका अहम

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब गोहर ने 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण' विषय पर एक विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) गोहर सरवन कुमार कौंडल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विजय विशाल विशेष अतिथि रहे। यह आयोजन डिजिटल युग में मीडिया की चुनौतियों पर केंद्रित था, जहां सोशल मीडिया के विस्तार ने सूचना प्रसार को आसान बनाने के साथ-साथ फेक न्यूज की बाढ़ भी ला दी है।

### प्रेस की विश्वसनीयता बनाना पत्रकार की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर उपमंडल जोगिन्दर नगर में एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं वेटरन जर्नलिस्ट रमेश बंटा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी में बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई। रमेश बंटा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेस की विश्वसनीयता बनाए रखना प्रत्येक पत्रकार की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में भ्रामक समाचारों का प्रसार लोकतंत्र और समाज दोनों के लिए चुनौती है।

## सुंदरनगर में भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता पर हुई चर्चा



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सुंदरनगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब सुंदरनगर के मुख्य संरक्षक अदीप की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार सुंदरनगर अंकित शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जबकि प्रेस क्लब सुंदरनगर के प्रधान सुरेंद्र शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2025 की थीम 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण' पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें पत्रकारों ने अपने विचार साझा किए। तहसीलदार अंकित शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जाता है।

# नेरचौक मेडिकल कॉलेज में आवारा कुत्तों का आतंक

## मरीज और स्टाफ भयभीत, स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ा, तुरंत कार्रवाई की मांग

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** बल्ह के नेरचौक में स्थित सरकारी क्षेत्र का श्री लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज हाल ही में आवारा कुत्तों के आतंक का केंद्र बन गया है। अस्पताल परिसर में दिन-रात आवारा कुत्तों की उपस्थिति मरीजों, स्टाफ और आगंतुकों के लिए चिंता का विषय बन गई है। गंदगी से भरे मैदान और अस्पताल परिसर में बिखरे कूड़े-कचरे के बीच ये जानवर स्वतंत्र रूप से घूमते हैं। कभी-कभी यह कुत्ते जख्मों के साथ भी दिखते हैं, जिससे मरीज और अन्य लोग भयभीत महसूस करते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में आवारा कुत्तों का यह आतंक स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा है। कुत्तों के काटने और जख्मों से फैलने वाले रोगों के चलते अस्पताल का साफ-सुथरा और सुरक्षित वातावरण दूषित हो रहा है। इसके अलावा, मरीजों और स्टाफ के लिए आवारा कुत्तों के आ जाने से मानसिक तनाव और डर का माहौल भी बन गया है।

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। अस्पताल परिसर में जानवरों की अनियंत्रित उपस्थिति यह दर्शाती है कि व्यवस्थापन में गंभीर कमी है। लोगों का कहना है कि अस्पताल में मानव स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ साफ-सफाई और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए, लेकिन इस मामले में लापरवाही साफ दिखाई दे रही है।

हमीरपुर के रघु राम, सरकाघाट के कुलदीप वशिष्ठ, सिराज क्षेत्र के प्रवीण कुमार, कुल्लू के दर्शन कुमार, बल्ह क्षेत्र के लाल चंद, निहाल, प्रेम दास, वीणा, कौशल्या, दयमंती, अनन्या राजपूत और सुंदरनगर के पाल, सोनू व श्रवण कुमार सहित अन्य नागरिकों ने डीसी मंडी से इस समस्या के समाधान की मांग की है। उन्होंने अनुरोध किया है कि नेरचौक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आवारा कुत्तों से निजात दिलाने के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस ओर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो अस्पताल परिसर में रोगाणु फैलने का खतरा बढ़ेगा और मरीजों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा। नागरिक उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से लेगा और जल्द समाधान सुनिश्चित करेगा।

अनंत ज्ञान मुद्दा



अस्पताल परिसर में बैठा आवारा कुत्ता।

## न्यूज ब्रीफ

### पटड़ीघाट, कलखर में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट विद्युत उपमंडल सरकाघाट के कलखर अनुभाग के कनिष्ठ अभियंता रोशन लाल ने बताया बिजली की लाइनों की मुरमत को लेकर 33 कलखर के अंतर्गत आने वाले पटड़ीघाट, कलखर, ज्वाली आम्बलगलु, गुलेला, मझेड, में 18 नवंबर को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता भांबला रूप लाल ने बताया कि अगर 18 नवंबर को बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने इस दौरान जनता से सहयोग की अपील की है।

### मेगा फ्री आई कैंप में मरीजों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** कृष्णा और बेली राम बरवाल मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट संधोल तथा पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन के सहयोग से रोटरी क्लब ऑफ धौलाधार पालमपुर द्वारा सिविल हॉस्पिटल संधोल में एक मेगा फ्री आई चेक-अप कैंप का आयोजन रविवार को किया गया। इस कैंप में लगभग 600 से अधिक संख्या में लोगों ने नेत्र जांच करवाई। विधायक धर्मपुर चंद्रशेखर ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। विधायक ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाते हैं, बल्कि लोगों में जागरूकता भी पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि समय पर आंखों की जांच कराना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि कई नेत्र रोग शुरुआत में बिना किसी स्पष्ट लक्षण के बढ़ते रहते हैं। उन्होंने आयोजक संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब तथा सहयोगी ट्रस्ट वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### सरनी स्कूल में नशामुक्ति का संदेश दिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरनी में टिक्कर पंचायत के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ टिक्कर पंचायत के प्रधान महेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य मनोज शर्मा, एसएमसी प्रधान इंद्र देव, अध्यापक और लोग आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने युवाओं को नशे से दूर रहकर एक स्वच्छ समाज और स्वस्थ समाज की स्थापना का संदेश दिया।

### हटगढ़ में सात दिवसीय एनएसएस कैंप शुरू

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटगढ़ में सात दिवसीय एनएसएस कैंप आयोजित किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ स्थानीय पंचायत प्रधान पंकज चौधरी ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम अधिकारी पिंक राज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में 31 छात्रा स्वयंसेवक और 21 छात्र स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं और इन सात दिनों में सभी स्वंसेवक समाज में पनप रहे नशे के खिलाफ जागरूकता रैली व नुकड़ नाटक आदि के माध्यम से समाज को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर सभी 52 प्रतिभागियों का ब्लड ग्रुप टेस्ट करवाया गया। एसडीएएमओ एवं अध्यक्ष रोटरी क्लब छोटी काशी डॉ. हेमलता ने सभी स्वयंसेवियों को ब्लड ग्रुप की जांच करना सिखाया।

### कबड्डी में राजपुरा ने सिरमौर को दी मात

**आदर्श, आनंद ज्ञान, नेरचौक।** मंडी जिला के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के राजगढ़ में हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर लड़के और लड़कियों की दो दिवसीय प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। लड़कों की प्रतियोगिता में सोलन की टीम विजेता रही, जबकि लड़कियों में खेलो इंडिया सेंटर राजपुर की टीम ने फाइनल मुकाबला जीतकर प्रतियोगिता अपने नाम की। लड़कियों के पहले सेमीफाइनल में राजपुरा ने स्टेट हॉस्टल बिलासपुर को हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सिरमौर ने ट्राइबल हॉस्टल जुब्बल को पराजित किया। फाइनल मुकाबले में राजपुरा ने सिरमौर को मात दी। लड़कों के पहले सेमीफाइनल में सोलन ने साई हॉस्टल बिलासपुर को हराया, दूसरे सेमीफाइनल में उन्ना ने स्टेट हॉस्टल बिलासपुर को हराया और फाइनल में सोलन ने ऊना को पराजित किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने विजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार, सचिव कुलदीप राणा और नेहरू युवक मंडल राजगढ़ के सदस्यों ने किया। इस अवसर पर जिला कबड्डी एसोसिएशन के प्रधान श्यामलाल ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रमेश चंद, प्रो कबड्डी खिलाड़ी महेंद्र सिंह, बलदेव सिंह, शिवांश ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### डीएवी स्कूल मंडी में 'सिनर्जी-2025 : रिद्म एंड रेस' का आयोजन

## खेल, संस्कृति और उत्साह का मनमोहक संगम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पड्डल ग्राउंड में अत्यंत उल्लास और गरिमा के साथ डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल मंडी द्वारा वार्षिक महा-आयोजन 'सिनर्जी 2025- रिद्म एंड रेस' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की जोशपूर्ण भागीदारी, रंगारंग प्रस्तुतियों और विद्यालयी उत्साह से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्यातिथि के रूप डॉ. पदम गुलेरिया सेवा निवृत प्रधानाचार्य एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर एवं भारतीय कायकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष ने अपनी धर्मपत्नी डॉ. सुमन गुलेरिया के साथ शिरकत की और विशेष अतिथि के रूप में वंदना गुलेरिया उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में बहुत से डीएवी विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों के अनुशासन, ऊर्जा और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक, रिद्मिक और कोरियोग्राफ्ड प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। ईईडीपी से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए आयु-उपयुक्त अनेक रोचक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। हर प्रतियोगिता में बच्चों ने फुर्ती, उत्साह, टीम-वर्क और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। विद्यालय के शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ के समन्वित प्रयासों से सभी गतिविधियां सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न हुईं।

## धनोटू-करसोग मार्ग के चौड़ीकरण की मांग उठी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के लोअर नाचन इलाके के धनोटू और उसके आसपास की सड़कों को चौड़ा करने की मांग लगातार उठ रही है। वर्तमान में धनोटू से करसोग तक का मुख्य मार्ग बरसाती मलबे और संकरे हिस्सों से प्रभावित है, जिससे आम नागरिकों और यातायात को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग न केवल यातायात के लिए बल्कि सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह शिमला और किन्नौर जिलों को जोड़ता है और इस मार्ग पर दिन-प्रतिदिन आवागमन बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों और मार्ग के उपयोगकर्ताओं ने पुन: जोर देकर कहा है कि मार्ग का चौड़ीकरण समय की आवश्यकता है। लीलावती, द्रौपदी, नेहा, प्रज्ञा, माल्या चौहान, विनोद राणा, जोगिंदर, संतोष, मधुसूदन, विजय कुमार, सुंकू राम, मोहनलाल, लवली, नौरू, ओमप्रकाश, सीताराम, अक्षय, राजेन्द्र पाल, पालु, रमेश चंद, कंचन शर्मा, बुद्धी सिंह ठाकुर, सरला सहित अन्य लोगों ने संबंधित विभाग और हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि मार्ग के ऊंचाई वाले हिस्सों पर बरसात के मलबे को जल्द हटाकर धनोटू-करसोग मार्ग का कायाकल्प किया जाए। लोगों का कहना है कि मार्ग का चौड़ीकरण और मरम्मत न केवल आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक होगा बल्कि सुरक्षा और सामरिक दृष्टि से भी इसे महत्वपूर्ण बनाया जाएगा।

# पांगणा-सुकेत पहुंची शांतिकुंज हरिद्वार की ज्योति कलश यात्रा

- स्थानीय नागरिकों और विद्यालय कार्यकारिणी ने किया भव्य स्वागत
- यात्रा का उद्देश्य: ज्ञान प्रकाश व सांस्कारिक विकास का प्रचार

**अनंत ज्ञान, करसोग**

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार की ज्योति कलश यात्रा का पांगणा-सुकेत क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ भव्य स्वागत किया गया। शांतिकुंज के क्रियाकलाप विश्वभर में फैल रहे हैं और लोगों के जीवन में उज्ज्वलता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। टोली नायक मंगतराम शर्मा, बीसी पंत, डॉ. मनीराम राणा और सोनू ने बताया कि यह यात्रा अंधकार को परास्त कर ज्ञान और प्रकाश फैलाने का माध्यम है।

अखंड ज्योति और पूज्य गुरूदेव की दिव्य साधना, तप, पुण्य और व्यक्तित्व की ज्योति को जन-जन तक पहुंचाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। रविवार को सुबह 11 बजे यह यात्रा करसोग, चुराग, माहुंनाग और डंडापानी होकर पांगणा पहुंची।

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर की कार्यकारिणी, दीदी-भैय्या और नागरिकों ने ज्योति कलश का भव्य स्वागत किया। उन्होंने मां गायत्री और देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा का उद्देश्य बच्चों के सांस्कारिक विकास, पारंपरिक सुख-शांति, व्यक्तित्व निर्माण, जीवन लक्ष्य की प्राप्ति, राष्ट्रीय एकता और समानता के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर युग साहित्य, प्रपत्र और नैवेद्य का वितरण भी किया गया। ज्योति कलश यात्रा 2026 में शताब्दी वर्ष के रूप में आने वाले वर्ष की तैयारी का प्रतीक है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन और उज्ज्वल भविष्य की प्रेरणा देने का कार्य करती है।

# विधायक चंद्रशेखर ने किया नीलकंठ महादेव कांडापतन में सराय भवन का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**




नीलकंठ महादेव कांडापतन में सराय का शिलान्यास करते हुए विधायक चंद्रशेखर।

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर ने नीलकंठ महादेव कांडापतन में सराय भवन का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस दौरान विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि नीलकंठ महादेव मंदिर क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां सराय का निर्माण श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। विधायक कहा कि सराय भवन के लिए पहली किस्त 10 लाख रुपए जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 20 लाख रुपए से बनने वाले सोनखड़ के दोनों किनारों पर श्मशान घाट का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा होने वाला है। इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि सोनखड़ में बह गए दोनों फुट ब्रिज के निर्माण के लिए भी शीघ्र बजट प्रबंध किया जाएगा, जिससे आवागमन सुचारू हो सके।

उन्होंने कहा कि कांडापतन क्षेत्र तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। हमारी सरकार हर पंचायत और हर गांव तक सुविधाएं पहुंचाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। सराय के निर्माण से इस धार्मिक स्थल पर आने वाले भक्तों और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

विधायक ने स्थानीय जनता को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की सभी आवश्यक मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

धार्मिक आस्था और पर्यटन के लिहाज़ से अत्यंत महत्वपूर्ण इस स्थल पर सराय निर्माण की मांग लंबे समय से उठ रही थी, जिसकी आज आधिकारिक शुरुआत हो गई। स्थानीय लोगों और कमेटी पदाधिकारियों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि सराय निर्माण से क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी और धार्मिक पर्यटन को नया विस्तार मिलेगा।

इस दौरान एसडीएम जोगिन्द्र पटियाल, जलशक्ति विभाग के सहायक अभियंता अरविन्द, नीलकंठ महादेव कांडापतन कमेटी के प्रधान राज कुमार सोनी, मांचल देव शर्मा, हरि नंद शास्त्री, राज मल कटवाल, प्रेम सिंह कटवाल, सुंदर सिंह कटवाल, ज्ञान चंद, भगत राम ठाकुर, रोशन लाल, सुरेश और सतीश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# चोलथरा में नशे के खिलाफ दौड़े 60 बच्चे

## कला जत्थे ने नुक्कड़ नाटक और गीतों से जगाई नशे के खिलाफ अलख

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश ठाकुर को सम्मानित करते हुए आयोजक।

धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति व सर्वोदय जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में चोलथरा में आयोजित सड़क दौड़ में 60 बच्चों व युवाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परजीत सिंह ने की और मुख्य अतिथि मंडी जिला के मेडिकल अधीक्षक डॉ. दिनेश ठाकुर रहे, जबकि राष्ट्रीय कुश्ती पदक विजेता स्निग्धाराज ठाकुर, रुद्राक्षराज और रामविनय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दौड़ का संचालन एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी और अशोक आनंद ने किया।

कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह, सचिव सुनीता विष्ट, प्रधान मेहर चंद गारला, बख्शी राम गुलेरिया, सहायक जिला न्यायवादी डिंपल ठाकुर, कैप्टन ओंकार सिंह, राजीव आर्य, बीडीसी विजय कुमार, शिव कुमार, महिला मंडलों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पूर्व सैनिकों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विभिन्न आयु वर्गों में लड़कों में आयुष बन्याल, उत्कर्ष, सुजल, कार्तिक राठौर, अभिनव, आदित्य, राहुल, सूरज, अनमोल, हिमांशु, लक्ष्मण, पुनीत तथा लड़कियों में शिवंशी, नीलाक्षी, अंशिका, रिया, पायल, राधिमा, कल्पना और श्रेया विजेता रहे जिन्हें सर्वोदय समिति और कोच भूप्पी द्वारा 1100, 900, 700, 600 और 500 रुपए के नकद पुरस्कार दिए गए।

इसके बाद शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया स्कूल मैदान में हिमाचल ज्ञान विज्ञान एवं साक्षरता समिति के कला जत्थे ने नुक्कड़ नाटक व गीतों से युवाओं को सिंथेटिक नशे के खिलाफ जागरूक किया। कोच भूप्पी ने कहा कि 2030 कॉमनवेल्थ खेलों को देखते हुए युवाओं को फिटनेस और खेलों की ओर प्रेरित करना जरूरी है। मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश ठाकुर ने कहा कि नशे की शुरुआत बीड़ी-सिगरेट और शराब से होती है और चिट्टा जैसी खतरनाक लत इन्हीं का परिणाम है। उन्होंने नशे को बीमारी बताते हुए इलाज के लिए अस्पतालों में मनोचिकित्सकों की उपलब्धता का उल्लेख किया और समाज से नशा रोकने के लिए जागरूकता अभियान में सहयोग की अपील की।

# सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के यूथ फेस्ट में छाया सरकाघाट कॉलेज



कई प्रतियोगिताओं में द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल कर बढ़ाया महाविद्यालय का मान।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरदार पटेल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित यूथ फेस्ट ग्रुप-1 में रविन्द्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। यह आयोजन राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में किया गया था, जिसमें 19 महाविद्यालयों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया।

क्विज प्रतियोगिता में 13 टीमों में से छांटी गई 6 टीमों में सरकाघाट कॉलेज की टीम रोहित शर्मा, शिवानी कुमारी और नवजोत सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया। वाद-विवाद (हिंदी) में ऋषि प्रशरार और पायल गुलेरिया ने 12 टीमों के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान पाया। वाद-विवाद (अंग्रेज़ी) में भी आदित्य वशिष्ठ और अनिषा कुमारी ने 5 टीमों के मध्य दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी वकृत्व (Elocution) में कविता भाटिया ने 9 प्रतिभागियों में तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। महाविद्यालय प्रशासन और अध्यापकों ने सभी प्रतिभागियों को उनकी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई दी। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन ने उनका मनोबल बढ़ाया है और कॉलेज की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

**सफलता** प्राकृतिक खेती से आत्मनिर्भर हिमाचल की नई इबारत लिख रहे किसान

# लेख राम ने मक्की बेचकर कमाए 48 हजार

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** आत्मनिर्भर हिमाचल की दिशा में कदम बढ़ा रही सुक्खू सरकार की कृषि हितैषी नीतियां अब रंग लाने लगी हैं। प्राकृतिक खेती के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित होने से किसानों की आय बढ़ी है, वहीं लोगों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष मक्की का समर्थन मूल्य 30 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति किलो घोषित किया है, जिससे किसान काफी उत्साहित हैं।

ऐसे ही एक किसान हैं द्रंग विकास खंड की ग्राम पंचायत बल्ह टिक्कर के गांव तरेला (चौहार घाटी) निवासी लेख राम। वे पिछले तीन-चार वर्षों से प्राकृतिक खेती विधि अपना रहे हैं। लेख राम बताते हैं कि पिछले वर्ष उन्होंने कृषि विभाग को 5 क्विंटल गेहूं 60 रुपए प्रति किलो की दर से बेची। इस वर्ष उन्होंने प्राकृतिक खेती से पैदा 12 क्विंटल मक्की दी, जिसे विभाग ने 40 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदा। इससे उन्हें कुल 48 हजार रुपए की आय हुई।

रासायनिक खादों के प्रयोग के समय उनकी 10 बीघा भूमि से केवल 20-22 क्विंटल मक्की होती थी, लेकिन अब प्राकृतिक खेती से इसकी गुणवत्ता भी बेहतर हुई है और बाज़ार में अच्छे दाम भी मिल रहे हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में सराहनीय कदम उठा रही है। विभाग द्वारा भी समय-समय पर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया जाता है, जिससे खेती की गुणवत्ता और उपज में निरंतर सुधार हो रहा है।

कृषि विभाग के परियोजना उपनिदेशक हितेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 14 नवंबर से जिला में मंडी तथा सुंदरनगर संग्रह केंद्रों पर मक्की की खरीद आरंभ कर दी गई है। सुंदरनगर केंद्र में सुंदरनगर, धनोटू, बल्ह, धर्मपुर, निहरी और गोपालपुर विकास खंडों के 48 किसानों से अभी तक लगभग 142.25 क्विंटल मक्की खरीदी गई। वहीं मंडी केंद्र में सदर और द्रंग विकास खंडों के 16 किसानों से करीब 18.80 क्विंटल मक्की की खरीद हुई।



जिला मंडी में प्राकृतिक खेती से उपज बेचते हुए लाभान्वित किसान।

### कृषि विभाग ने खरीदी मक्की, हल्दी और गेहूं, किसानों के चेहरे खिले

**कृषि** विभाग के अनुसार, जिला मंडी में वर्ष 2024-25 भी प्राकृतिक खेती के लिए बेहद उत्साहजनक रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने प्राकृतिक खेती से तैयार अपनी उपज विभाग को बेची। 13 नवंबर से पहले 328 किसानों से प्राकृतिक खेती से तैयार 651.33 क्विंटल मक्की, 15 किसानों से 2.982 मीट्रिक टन कच्ची हल्दी तथा 152 किसानों से 290.67 क्विंटल गेहूं की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर की गई।

# गाड़ागुसैण व बालीचौकी में वन अधिकार अधिनियम पर लगेगी दो दिन कार्यशाला

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** उपमंडल में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा वन- निर्भर परिवारों के अधिकारों की मान्यता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यशाला/ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अध्यक्ष, उपमंडल स्तरीय समिति, एसडीएम बालीचौकी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। 18 नवंबर को ग्राम पंचायत थाचाधार, जुफरकोट एवं घाट तथा खौली पंचायत की 12 वन अधिकार समितियों के सदस्य पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस गाड़ागुसैण में प्रशिक्षण में भाग लेंगे इसी तरह ग्राम पंचायत बालीचौकी, खणी, देवदार, माणी, तथा कांढा की 12 वन अधिकार समितियों के सदस्य विकासखंड कार्यालय में प्रशिक्षण में भाग लेंगे इनके साथ राजस्व विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी, पंचायत सचिव तथा पंचायती राज के प्रतिनिधि भी प्रशिक्षण में शामिल होंगे। प्रशिक्षण का संचालन पीपुल्स फॉर हिमालयन डेवलपमेंट के विशेषज्ञ द्वारा किया जाएगा जिसमें संदीप मिन्हास संसाधन व्यक्ति (रिसोर्स पर्सन) रहेंगे इसके अतिरिक्त एफआरए कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्य संतराम, जो वन अधिकार के मुद्दे सक्रिय रूप से उठा रहे हैं भी प्रशिक्षण में भाग लेकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत वन अधिकार (आईएफआर) दावों की प्रक्रिया को सही त्वरित और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना है ताकि परंपरागत रूप से उपयोग की जा रही वन निर्भर परिवारों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत विधिक रूप से प्राप्त हो सके, साथ ही राजस्व, वन एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को दावों के संकलन, सत्यापन और अंतिम मान्यता की प्रक्रिया में प्रभावी समन्वय हेतु संवेदनशील बनाना भी इस प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण उद्देश्य है । यह पहल क्षेत्र में समुदाय अधिकार सुदृढ़ीकरण, पारदर्शिता बढ़ाने तथा वन निर्भर परिवारों के वैधानिक अधिकारों की मान्यता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मीडिया की विश्वसनीयता उसकी सबसे बड़ी पूंजी : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

डीसी जतिन लाल ने कहा कि मीडिया की विश्वसनीयता उसकी सबसे बड़ी पूंजी है और इसका अक्षुण्ण रहना आज के समय की प्रमुख आवश्यकता है। वे रविवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा ऊना में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। सम्मेलन में 'भ्रामक सूचनाओं के दौर में पत्रकारिता की विश्वसनीयता का संरक्षण' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई।

इसमें जिले के पत्रकारों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। उपायुक्त ने पत्रकारों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मीडिया समाज के छिपे हुए पक्षों को सामने लाने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता एवं जनहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच सूचना का मजबूत सेतु मीडिया ही है, जिसके माध्यम से समाज और सरकार के बीच संवाद स्थापित होता है। उन्होंने कहा कि यदि मीडिया व प्रशासन जनहित के उद्देश्य से समन्वयपूर्वक कार्य करें, तो जनता को वास्तविक और व्यापक लाभ मिल सकता है। जतिन लाल ने कहा कि सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के चलते कई बार लोग 'इन्फ्लुएंसर' बनने की होड़ में अपुष्ट या असत्य सूचनाएं प्रसारित कर देते हैं, ऐसे समय में पत्रकारों और संप्रेषकों को आत्मसंयम, जिम्मेदारी और तथ्यान्वेषण की भावना के साथ कार्य करना चाहिए।


राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित सम्मेलन।

उन्होंने कहा कि मीडिया पर किसी बाहरी नियंत्रण की बजाय जरूरी है कि उसका स्वत: आंतरिक अनुशासन, आत्मनियंत्रण और तथ्यों की पुष्टि का मैकेनिज्म हो, जो भी सूचना दी जाए, वह सार्थक, निष्पक्ष और समाजोपयोगी होनी चाहिए। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन रचनात्मक व तथ्याधारित आलोचना का स्वागत करता है, क्योंकि उसी के माध्यम से व्यवस्था में सुधार की दिशा तय होती है। लेकिन आलोचना तर्कसंगत, रचनात्मक और समाजहित की दृष्टि से होनी चाहिए। उन्होंने जिले में क्रियान्वित की जा रही बल्क ड्रग पार्क परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व की योजना है, जिसके अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार के सभी दिशानिर्देशों, एनजीटी नियमों और पर्यावरणीय मानकों का पूर्ण पालन किया जा रहा है। इसके संबंध में जिला प्रशासन अनेक बार स्थिति स्पष्ट कर चुका है फिर भी कुछ लोग सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करते हैं, जो उचित नहीं है। विकास-विरोधी मानसिकता से ऊपर उठकर रचनात्मक संवाद व सुधार की दिशा में आगे बढ़ना समय की मांग है। भ्रामक सूचनाएं समाज को नुकसान पहुंचा सकती हैं, इसलिए सोशल मीडिया के उपयोग में संयम, सत्यता और जिम्मेदारी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

## सत्यापन और जनहित पर आधारित रिपोर्टिंग बेहद जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला स्तरीय सम्मेलन में 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण' विषय पर एक सार्थक और प्रभावशाली परिचर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में वरिष्ठ और युवा पत्रकारों ने बदलते मीडिया परिवेश, चुनौतियों, जिम्मेदारियों और पत्रकारिता के मूल्यों पर अपने अनुभव व विचार साझा किए। वरिष्ठ पत्रकार सुरिंदर शर्मा ने कहा कि आज जानकारी तक पहुंच पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है, लेकिन इसके साथ फैक्ट चेकिंग की आवश्यकता भी उतनी ही बढ़ गई है।

उन्होंने बताया कि इंटरनेट, सरकारी पोर्टल्स, आधिकारिक दस्तावेज और डिजिटल वेरिफिकेशन टूल्स पत्रकारों को सही और सत्यापित जानकारी जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले उसके सभी तथ्य, आंकड़े और स्रोतों की जाँच करना हर पत्रकार का दायित्व है, ताकि समाज में गलत सूचनाओं का प्रसार न हो। वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र कंवर ने पत्रकारिता के मूल्यों के संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों और कई चुनौतियों के बावजूद भी पत्रकारिता निरंतर ईमानदारी, पारदर्शिता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। उन्होंने पत्रकारों की कठिनाइयों का भी उल्लेख किया, लेकिन कहा कि पत्रकारिता की प्रतिबद्धता इन चुनौतियों से कहीं बड़ी है। वरिष्ठ संवाददाता राजेश शर्मा ने कहा कि सूचना के आदान-प्रदान की प्रक्रिया में पत्रकार समाज का मार्गदर्शक होता है। उन्होंने बताया कि पत्रकार का कार्य केवल खबर लिखना नहीं, बल्कि सही, सटीक और जांची हुई जानकारी जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज सूचना की बाढ़ के बीच पत्रकारिता की विश्वसनीयता तभी कायम रह सकती है जब हर खबर को तथ्यों की कसौटी पर परखा जाए। वरिष्ठ संवाददाता सरोज मोदगिल ने युवाओं को संदेश दिया कि किसी भी खबर को प्रकाशित करने से पहले उसके स्रोत, प्रमाण और वास्तविकता की गहराई से जांच करना जरूरी है, क्योंकि पत्रकार की लेखनी ही उसकी वास्तविक पहचान होती है। अनंत ज्ञान के जिला प्रभारी राजेश शर्मा ने कहा कि विश्वसनीय पत्रकारिता वही है, जहां खबरें जनहित की भावना और तथ्यों की मजबूती के साथ प्रस्तुत की जाएं। उन्होंने कहा कि गलत खबरें न केवल समाज को भ्रमित करती हैं, बल्कि पत्रकारिता की साख पर भी प्रभाव डालती हैं। इसलिए पत्रकारों को संतुलित, तथ्यपरक और निष्पक्ष रिपोर्टिंग को हमेशा प्राथमिकता देनी चाहिए। पत्रकार जीवन शर्मा ने कहा कि सशक्त समाज की बुनियाद विश्वसनीय पत्रकारिता से ही खड़ी होती है। सही सूचना, निष्पक्ष दृष्टिकोण और सतत तथ्य-जांच ही वह आधार हैं जिनसे जनता का भरोसा मीडिया पर कायम रहता है। वरिष्ठ पत्रकार ने सोशल मीडिया से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि सोशल मीडिया आज सबसे तेज सूचना पहुंचाने वाला माध्यम बन गया है। इसका दायरा तेजी से बढ़ा है और लोगों को समय पर जानकारी उपलब्ध करने में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे में सोशल मीडिया की खबरों को भी जिम्मेदारी और सत्यापन के साथ प्रस्तुत करने की जरूरत है। डॉ. रणधीर जसवाल, सोशल मीडिया नेटवर्क के रणजीत राणा और वरिष्ठ पत्रकार किशोरी लाल बैंस ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना से परे रहते हुए सटीक और स्पष्ट खबरें समाज तक पहुंचाएं, ताकि जनता का विश्वास मीडिया पर बरकरार रहे।

# गांवों में युवा नेताओं का जोश, पंचायत चुनाव से पहले सियासी माहौल हुआ गरम

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

आगामी पंचायत चुनाव की आहट ने ग्रामीण राजनीति में नई ऊर्जा भर दी है। पंचायत समिति, जिला परिषद, पंचायत प्रधान व वार्ड सदस्य के लिए होने वाले चुनावों से पहले ही गांव-गांव में चुनावी हलचल तेज हो गई है। युवा नेताओं में उत्साह चरम पर है। वे न केवल मतदाताओं से संवाद स्थापित कर रहे हैं, बल्कि अपने क्षेत्रों में राजनीतिक समीकरण साधने में पूरी तत्परता से जुट गए हैं, अब हर चौपाल और सोशल मीडिया मंच पर युवा नेतृत्व चर्चा का मुख्य विषय बन चुका है।

रोस्टर जारी होने से पहले ही यह जानने की जिज्ञासा चरम पर है कि किस सीट से किस युवा को दावेदारी अवसर मिलेगा। इसी से तय होगा कि गांव की राजनीति में कौन नया चेहरा उभरता है। राजनीतिक विश्लेषकों और गांव के बुद्धिजीवियों का मानना है कि इस बार का पंचायत चुनाव पहले से कहीं अधिक प्रतिस्पर्धी और रोमांचक होगा। युवाओं की ऊर्जा, नई सोच और विकास की दृष्टि ग्रामीण राजनीति की दिशा बदलने की क्षमता रखती है। नई पीढ़ी अब केवल बदलाव की बातें नहीं कर रही, बल्कि उसे साकार करने के लिए सक्रिय रूप से मैदान में उतर चुकी है। इस बार का चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि गांव की तरक्की, पारदर्शिता और नई राजनीति की परिभाषा गढ़ने का अवसर भी बनता जा रहा है। जोश और उम्मीदों से भरे इस चुनावी मौसम में अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि युवा किसे जनसमर्थन में बदल पाते हैं और कौन अपने गांव की राजनीति को नई दिशा और दृष्टि दे पाता है।

### आगामी पंचायत चुनाव में प्रतिस्पर्धा और नई सोच

## न्यूज ब्रीफ

### शीतला माता मंदिर में 18 को मूर्ति स्थापना

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शीतला माता मंदिर में 18 नवंबर को हनुमान जी की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे महिला मंडल शीतला मंदिर सुंदरकांड का पाठ उपरांत साढ़े बारह बजे झंडारोहण आरती उसके उपरांत लंगर प्रसाद वितरण होगा। इस अवसर पर मंदिर के अधिष्ठाता पंडित जयदेव तिवाड़ी ने कहा कि कार्यक्रम में सभी आमंत्रित हैं।

### विधायक ने महिला मंडल भवन का किया लोकार्पण



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने ग्राम पंचायत बीनेवाल पूना में विधायक निधि से नवनिर्मित महिला मंडल भवन का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया। इस महिला मंडल भवन को बनाने के लिए विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने विधायक निधि से 10 लाख रुपए की राशि जारी की है। इस मौके पर विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने समस्त महिला मंडल व क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अब गांव के सामाजिक कार्यक्रम यहां आयोजित किए जा सकते हैं व सामाजिक कार्यक्रम में प्रयोग होने वाले सामान को महिला मंडल के इस भवन में रख सकते हैं। इस दौरान स्थानीय पंचायत प्रधान सुखराज कौर, उपप्रधान जीत राम, वार्ड पंच दर्शन कौर, गगनदीप कौर, देवरानी, सतविंदर कौर, अवतार सिंह, त्रिलोचन सिंह, मोहन सिंह संधु, गुरविंदर सिंह संधु, राजिंद्र सिंह झांगरा सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### दिल्ली ब्लास्ट केस से नाम जोड़ने से हड़कंप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** दिल्ली ब्लास्ट केस को लेकर शनिवार देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक पोस्ट ने चिंतपूर्णी क्षेत्र में अफवाहों का बाजार गर्म कर दिया। बताया जा रहा है कि फेसबुक पर किसी यूजर ने एक पोस्ट डालकर दावा किया कि दिल्ली ब्लास्ट मामले में चिंतपूर्णी अस्पताल के एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। पोस्ट वायरल होते ही लोगों में हड़कंप मच गया और तरह-तरह की चर्चाएं फैलने लगीं। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया। जांच के दौरान चिंतपूर्णी थाना प्रभारी जयराम शर्मा ने स्पष्ट किया कि वायरल पोस्ट में किए गए दावे पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी क्षेत्र के किसी भी अस्पताल या डॉक्टर का इस मामले से कोई संबंध नहीं है। थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि पठानकोट में चिंतपूर्णी हॉस्पिटल के नाम से एक पुराना अस्पताल चल रहा है। संभव है कि वायरल हो रही पोस्ट का संबंध उसी अस्पताल से हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर विश्वास न करें और किसी भी अपुष्ट जानकारी को बिना सत्यापन साझा न करें। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### संडे को ग्रामीण रूटों पर नहीं चली बसें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के कई ग्रामीण रूटों पर रविवार की छुट्टी के कारण एचआरटीसी और निजी बसों की आवाजाही बंद रही। इससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा और कई लोग घंटों बसों का इंतजार करते नजर आए। लोकल रूटों पर बसें न चलने के कारण यात्रियों को महंगी टैक्सियों का सहारा लेना पड़ा, खासकर बाहरी राज्यों से आने वालों को ज्यादा परेशानी हुई। ऊना, गगरेट, बंगाणा सहित कई बस अड्डों पर यात्री भटकते रहे। हालांकि चंडीगढ़, दिल्ली, कुल्लू-मनाली और पंजाब के लंबी दूरी वाले रूट सामान्य रूप से चलते रहे। रविवार को ऊना डिपो के 20 ग्रामीण रूट स्थगित रहे। अधिकारियों ने बताया कि जिन रूटों पर सवारियां कम रहती हैं, वहीं बसों का संचालन रोका जाता है ताकि आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

## चिंतपूर्णी महोत्सव : हिमाचली कलाकारों ने दर्शकों का मोहा मन

**अनंत ज्ञान, अंब**

माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या की अध्यक्षता ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न ने की। इस दौरान स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने रत्न सहित सभी विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक रूप से सम्मान किया।

अपने संबोधन में विधायक संजय रत्न ने महोत्सव के सफल आयोजन के लिए स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि माता रानी के नाम से ऐसा भव्य आयोजन करना न केवल सराहनीय है, बल्कि इससे ऊना जिला में धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को नई पहचान मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के सहयोग से यह महोत्सव लगातार भव्यता के साथ आगे बढ़ रहा है। विधायक संजय रतन ने कहा कि


माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

प्रदेश सरकार पर्यटन अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण पर विशेष फोकस कर रही है। देवभूमि हिमाचल शक्तिपीठों की पावन धरती है, इसलिए धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। महोत्सव ने ऊना की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत किया।

वहीं, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में महोत्सव का दूसरा संस्करण अत्यंत सफल और भव्य रूप से संपन्न हो रहा है। अपार जनसमर्थन और उत्साह के चलते यह महोत्सव अब यहां की स्थायी सांस्कृतिक परंपरा के रूप में स्थापित हो गया है। दूसरी सांस्कृतिक संध्या पूर्णत: हिमाचली कलाकारों के नाम रही। स्टार कलाकार कुमार साहिल और एसी भारद्वाज ने अपने सुरीले गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने लोकगीतों और लोकनृत्यों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से समां बांधा। इस अवसर पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, उपायुक्त जतिन लाल की धर्मपत्नी डॉ. रेणु सहरावत, ज्वालामुखी मंदिर के पुजारी ज्ञानेश्वर, अश्विनी तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के कार्यकाल में पूरे प्रदेश में हुआ चहुंमुखी विकास : संजय

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व ज्वालामुखी के विधायक संजय रतन ने एक विशेष भेंट वार्ता में कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है, तब से पूरे प्रदेश का चहुमुखी विकास हो रहा है।

संजय रतन ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन देकर अनुकरणीय कार्य किया है। वहीं, अनाथ व असहाय बच्चों के लिए भी सरकार ने अनेक सराहनीय कदम उठाए हैं और इसके अलावा प्रदेश के जरूरतमंद आम जनमानस के लिए भी अनेकों जनहित की स्कीमें चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आपदा संकट आने के बावजूद भी विकास कार्य को तेजी से करवाने का पूरा-पूरा प्रयास किया जा रहा है। सड़कों, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है और प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में विकास कार्यों में तेजी लाने के पूरे प्रयास किए गए हैं। संजय रतन ने बताया कि भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में अंतर है और भाजपा नेताओं को प्रदेश में आम जनमानस के हित में हो रहे कार्य रास नहीं आ रहे हैं और आए दिन भाजपा नेता आधारहीन बयान बाजी करके जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। विधायक ने बताया कि केंद्र सरकार से हिमाचल को कोई भी आर्थिक सहायता नहीं मिल रही है। इसके बावजूद भी प्रदेश सरकार अपने स्तर पर ही कार्य करके विकास कार्यों में तेजी लाने का पूरा प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि आपदा की स्थिति में प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में राहत कार्य किए हैं और स्थिति को नियंत्रण में भी किया है। संजय रतन ने प्रदेश के भाजपा नेताओं को सलाह दी है कि वह आधारहीन बयानबाजी छोड़कर केंद्र सरकार से हिमाचल के लिए जल्द कोई बड़ा पैकेज मंजूर करवाएं।

## दो व्यापारिक मेलों की अनुमति देने पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट के पूर्व विधायक और भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष चैतन्य शर्मा ने दौलतपुर चौक बाजार के पास एक साथ दो व्यापारिक मेलों की अनुमति देने पर प्रशासन और सरकार पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि स्थानीय बाजार के पास बाहरी मेलों को मंजूरी देना मंदी झेल रहे दुकानदारों के साथ अन्याय है और लोकल फॉर वोकल के नारे के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावों में मेले न लगने देने का वादा करने वाले लोग अब खुद उद्घाटन कर रहे हैं, जो जनता के भरोसे से खेल है। चैतन्य शर्मा ने पूछा कि दो मेलों को एक साथ अनुमति देने की क्या जरूरत थी और किसके दबाव में यह फैसला लिया गया। उन्होंने इसकी खुली जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र संज्ञान नहीं लिया गया तो व्यापारी वर्ग के साथ आंदोलन किया जाएगा।

## 'चुनावों के बाद सुविधाओं की कटौती, ग्रामीण जनता बेहाल '

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने ग्रामीण जनता की परेशानियों को उजागर करते हुए कहा कि बंगाणा से शिमला बस सेवा काफी समय से बंद होने से लोग भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता की सुविधा और राहत के लिए यह सेवा तुरंत बहाल की जाए। जोगिंद्र देव आर्य ने बताया कि इस विषय में उन्होंने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और परिवहन मंत्री को पहले ही अवगत करवा दिया है और संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा, 'विधानसभा चुनावों से पहले शिमला के लिए बस सेवा नियमित थी, लेकिन चुनावों के बाद इसे बंद कर दिया गया, जिससे आम जनता, विशेषकर बुजुर्ग और बीमार लोग कठिनाई में हैं।' जोगिंद्र देव आर्य ने कहा कि एम्स या शिमला में इलाज के लिए आने-जाने वाले लोग मजबूरी में टैक्सी किराए पर कर रहे हैं, जिससे उनका आर्थिक बोझ और बढ़ गया है।

उन्होंने इसे ग्रामीण जनता के साथ अन्याय करार दिया। पंचायत समिति सदस्य ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा से जनता की इस समस्या पर तत्काल संज्ञान लेने व बंगाणा से शिमला बस सेवा जल्द बहाल करने का आग्रह किया, ताकि लोगों को राहत मिल सके। जोगिंद्र देव आर्य ने कहा, 'ग्रामीण जनता सरकार से केवल यह चाहती है कि उनकी बुनियादी आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाए। जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि उनकी समस्याओं को सुना जाए और समय पर समाधान दिया जाए।'

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्यातिथि शिक्षा उपनिदेशक अनिल तक्खी का विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौधरी, शिक्षकों और गणमान्य व्यक्तियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुत अनुशासित मार्च-पास्ट ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौधरी और विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष संतोष परमार ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक, खेलकूद,



रायपुर मैदान स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में स्टूडेंट्स व अन्य।

सांस्कृतिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी उपलब्धियां शिक्षकों की निष्ठा और विद्यालय की गुणवत्ता का परिचायक हैं।

छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। गीत-संगीत, नृत्य और मंचन में विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और अनुशासन स्पष्ट रूप से झलक रहा था। मुख्यातिथि अनिल तक्खी ने कहा कि इस समारोह के वास्तविक मुख्य अतिथि विद्यालय के होनहार विद्यार्थी हैं। उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों की संयुक्त भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि संस्कार माता देती है, दिशा माता-पिता और ज्ञान शिक्षक। उन्होंने एक प्रेरक प्रसंग साझा किया जिसमें एक विद्यार्थी की मेहनत और लगन से सफलता की कहानी ने सभी का मनोबल बढ़ाया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक, खेल एवं विविध गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शिक्षक, अभिभावक, गणमान्य व्यक्ति और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भंजाल स्कूल में स्टाफ ने किया अनुकरणीय कार्य

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा व स्टाफ ने पाठशाला में एक अनुकरणीय कार्य किया है, जिसकी आम जनमानस में सराहना हो रही है ऐसा था कि पाठशाला में आर्ट्स ब्लॉक की दूसरी मंजिल पर चढ़ने के लिए काफी वर्ष पूर्व सीढ़ियां लगाई गई थी, जो बिलकुल खड़े आकार की थी, जिन पर चढ़ने की छात्रों स्टाफ एवं सभी को परेशानी होती थी और सीढ़ियां बिलकुल खड़ी होने के कारण पाठशाला में कोई अप्रिय घटना भी घट सकती थी काफी वर्षों से यह सीढ़ियां बनी हुई थी कई प्रधानाचार्य यहां आए और सेवानिवृत्त होकर चले गए, लेकिन किसी ने भी इसके ऊपर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब इन सीढ़ियों को तोड़कर वहां पर आरामदायक भव्य सीढ़ियों का निर्माण किया गया है और अब पाठशाला के छात्रों स्टाफ एवं अन्य को आवाजाही करने में सुविधा मिल रही है। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि इस पुनीत कार्य में स्कूल के स्टाफ स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान महेश कुमार एवं उनकी टीम उपप्रधान राजेश ठसकुा का पूरा सहयोग रहा है तभी यह छोटा सा कार्य संपन्न हुआ है, कहते हैं कोई भी व्यक्ति हो किसी भी पद पर हो सरकारी क्षेत्र में हो या गैर सरकारी क्षेत्र में हो उसको काम करने का जज्बा होना चाहिए, अगर काम करने का जज्बा नहीं है, तो कोई भी व्यक्ति जीवन में कामयाब नहीं हो सकता।

**समारोह** विधायक विवेक शर्मा ने आपदा में 282 परिवारों को 80 किमी पैदल चलकर पहुंचाई आर्थिक मदद

# बेहतर सेवाओं के लिए हिमाचल 'गौरव अवार्ड' से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की राज्य इकाई ने रविवार को बंगाणा मिनी सचिवालय में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम एक विशेष समारोह में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा को हिमाचल 'गौरव अवार्ड' से सम्मानित किया।

यह सम्मान उन्हें हाल ही में आई आपदा के दौरान किए गए उनके प्रयासों और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया। आपदा की कठिन परिस्थितियों के बीच विधायक विवेक शर्मा ने आठ दिनों में लगभग 80 किलोमीटर का पैदल सफर तय कर 282 आपदा-ग्रस्त परिवारों तक स्वयं राहत सामग्री पहुंचाई। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को राशन किटें उपलब्ध कराईं और अपनी निजी आय से आर्थिक सहायता प्रदान की। क्षेत्र के लोगों ने उनके इस प्रयास को मानवता और जिम्मेदारी का विशिष्ट उदाहरण बताया है। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने प्रशासनिक



कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा को हिमाचल 'गौरव अवार्ड' से सम्मानित करते हुए।

अधिकारियों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। एसडीएम सोनू गोयल, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार और थाना प्रभारी बंगाणा रोहित चौधरी को आपदा प्रबंधन के दौरान उनके प्रभावी समन्वय, त्वरित कार्रवाई और जनता के प्रति संवेदनशीलता के लिए स्टेट उत्कृष्ट अवार्ड प्रदान किया गया।

अधिकारियों ने राहत एवं बचाव के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई, प्रभावित क्षेत्र का लगातार निरीक्षण किया और आवश्यक संसाधनों को समय पर उपलब्ध करवाया। इनके निर्देशन में टीमें लगातार फील्ड में डटी रहीं। इसके कई परिवारों को संकट की घड़ी में तत्काल सहायता मिल सकी।

समारोह में यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे सम्मान समाज को प्रेरित करते हैं और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तियों के मनोबल को बढ़ाते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी इसी प्रकार आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते रहेंगे। स्थानीय लोगों ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि आपदा जैसे कठिन समय में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संवेदनशीलता ही राहत कार्यों को सफल बनाती है।

## धमांद्री और बदोली में सजा वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने सीसे स्कूल धमांद्री और सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बदोली में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

दोनों कार्यक्रमों में पहुंचे विधायक विवेक शर्मा का स्कूली छात्रों, अभिभावकों तथा स्टाफ ने पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं, जयघोष और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मंच पर पहुंचे विवेक शर्मा को विद्यालय प्रबंधन समितियों ने सम्मानित भी किया। समारोह के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल तालियों की गूंज से झूमने पर मजबूर हो गया। पहाड़ी, देशभक्ति और आधुनिक थीम पर आधारित कार्यक्रमों में स्कूली छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने सभी उत्कृष्ठित प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने दोनों विद्यालयों को सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए 11,000, 11,000 रुपए की अनुदान राशि भी प्रदान की। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और आज कुटलैहड़ का हर स्कूल नया अध्याय लिख रहा है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों की महत्वपूर्ण मांगों को चरणबद्ध रूप से पूरा किया जा रहा है। खेल मैदानों का विस्तार, बेहतर भवनों का निर्माण, खिलाड़ियों के लिए उत्तम खेल किटों की उपलब्धता, तथा पहली कक्षा से लेकर इंग्लिश मीडियम तक की शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी सोच और शिक्षा-उन्मुख नीतियों का परिणाम है।

# पंजावर की फुटबॉल टीम बनी चैंपियन

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

अंगदनी संजय मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा दिन रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा। सुबह से ही मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया और कई मुकाबले आखिरी मिनट तक संघर्ष पूर्ण रहे। जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष परमजीत सिंह बुल्ला ने बताया कि दूसरे दिन 3 मैच खेले गए। इसमें पहले मैच पंडोगा और चरुडू के बीच हुआ और पंडोगा ने एक गोल से मैच जीत लिया। दूसरा मैच वाईएफसी पंजावर और सलोह में खेला गया। इसमें पंजवार ने विजय पाई, इसके उपरांत तीसरा मैच नया नंगल व लायन पंडोगा में खेला गया। इसमें 3 गोल के अंतर से लाइन पंडोगा ने मैच अपनी झोली में डाल लिया। फाइनल मुकाबला पंजावर टीम ने अपने नाम किया। कड़े संघर्ष वाले इस मुकाबले में पंजावर की टक्कर मेजबान संतोषगढ़ टीम के साथ थी। पंजावर ने मैच में शुरुआती क्षणों में प्रतिद्वंदी टीम को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। पूरे मैच में दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया, लेकिन पंजावर की ओर से किए गए एकमात्र गोल ने उन्हें विजेता बना दिया। कार्यक्रम में आशु पुरी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि दिवंगत संजय के पिता बलराम महे विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे। आशु पुरी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करते हैं और उनकी प्रतिभा को निखारने का सुनहरा अवसर देते हैं। टूर्नामेंट के आयोजक परमजीत बुल्ला ने बताया कि इस बार मुकाबले बेहद रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। विजेता टीम को ट्रॉफी और 11000 रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता टीम को 7100 रुपए और ट्राफी देकर सम्मानित किया मेन ऑफ़ दा मैच रहे कैलाश पंडित ने शानदार खेल से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं स्थानीय दर्शकों की भारी भीड़ ने पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर समाजसेवी बलराम महें, बंटी सैनी, मुकेश पुरी, अश्वनी, महिंद्र सैनी, सत्य प्रकाश, योगेश पूरी, राममूर्ति सहजल, रविकांत बस्सी, राजू, दलीप डोजी, सुलिंन्द्र सिंह, नरेश, विक्की, कश्मीरी लाल, चांद ठाकुर सहित संदीप, हन्नी, दीपू, नोनी, जतिन, प्रदीप, निर्दोष, नवजोत, दलवीर, कैलाश पंडित, शिवम, अजय, अभी अमन, हृदयाल, योगेश, कुलदीप, गोलू राम सिंह, अनिल, आदर्श ठाकुर व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


अंगदनी संजय मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में पंजावर की विजेता टीम।

## न्यूज ब्रीफ

### बेटी ने पिता को मुखाग्नि देकर निभाया फर्ज

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** कुल्लू रामशिला निवासी गुलजारी लाल के निधन के बाद उनकी बेटी रेखा ने अपने पिता को मुख्यग्नि देकर बेटी और बेटे का कर्तव्य निभाया। गुलजारी लाल की चार बेटियां हैं लड़का कोई नहीं। सभी बेटियां पिता के अंतिम संस्कार को लेकर कुल्लू के भूतनाथ श्मशानघाट तक पहुंची और अंतिम संस्कार की सभी रस्में निभाइं। हालांकि, चारों बेटियों की शादियां हो चुकी है, लेकिन सभी का पिता से बहुत ही लगाव है। गुलजारी लाल पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे उनकी धर्मपत्नी रामी देवी व बेटियों ने इनका बहुत इलाज करवाया।

### कल एनएचपीसी कार्यालय का घेराव करेगी पंचायत

**अनंत ज्ञान, सैंज।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी की ग्राम पंचायत तलाड़ा की समस्याओं के समाधान न होने पर अब ग्रामीण उग्र हो गए हैं, ऐसे में अब 18 नवंबर को पूरी पंचायत के द्वारा बिहाली में एनएचपीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, घेरा डालो डेरा डालो अभियान के तहत 24 घंटे ग्रामीण डटे रहेंगे, ऐसे में अब पंचायत प्रतिनिधियों ने इस बारे रणनीति भी तैयार कर ली है। ग्राम पंचायत तलाड़ा के प्रधान मोहर सिंह, उपप्रधान सुभाष ठाकुर ने बताया कि इससे पहले भी एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ मुलाकात की गई थी और समस्याओं के समाधान के लिए भी उनके साथ चर्चा की गई थी, लेकिन एनएचपीसी के अधिकारियों ने कोई भी जवाब नहीं दिया। आपदा के चलते पंचायत को खासा नुकसान हुआ है और आज भी लोग आपदा से उभर नहीं पाए हैं, ऐसे में बीते माह भी पंचायत के प्रतिनिधियों ने एनएचपीसी के अधिकारियों से मुलाकात की थी और उन्हें समय भी दिया गया था, लेकिन अभी तक एनएचपीसी के द्वारा पंचायत को कोई जवाब नहीं दिया गया है। प्रधान मोहर सिंह और उपप्रधान सुभाष ठाकुर ने बताया कि अब 18 नवंबर को घेरा डालो डेरा डालो अभियान के तहत ग्रामीण कार्यालय के गेट के बाहर प्रदर्शन करेंगे और 24 घंटे तक ग्रामीण यहां पर डटे रहेंगे।

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की बहुआयामी भूमिका

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में उपमंडल स्तर पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। इसमें प्रेस काउंसिल आफ इंडिया द्वारा इस वर्ष के दिए गए विषय ' भ्रामक सूचनाओं के बीच पत्रकारिता का संरक्षण' पर विचार साझा किए। इंटर नेशनल प्रेस क्लब के अध्यक्ष कमलेश बौद्ध ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। एसडीएम मनाली मुख्यातिथि पहुंचे। एसडीएम ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की बहुआयामी भूमिका है। लोगों को आशा रहती है कि पत्रकारों के माध्यम से तथ्यपूरक व संतुलित खबरें देखने और पढ़ने को मिलेंगी। आज के समय में मीडिया की उपयोगिता, महत्व व भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। समय-समय पर प्रदेश सरकार द्वारा भी पत्रकारों को सुविधाएं प्रदान करवाई जाती हैं। उन्होंने कल्याणकारी तथा विकास नीतियों को उचित अधिमान देने तथा सरकार व प्रशासन को सहयोग देने के लिए पत्रकारों का धन्यवाद किया।

### मीडिया-प्रशासन समन्वय को मजबूत बनाने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** प्रेस दिवस के अवसर पर रविवार को जिला मुख्यालय केलांग में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने की। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों, पत्रकारों और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया। डीसी ने अपने संबोधन में प्रेस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज में जागरूकता के प्रसार से लेकर विकासात्मक पहलुओं को जनता तक पहुंचाने में प्रेस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बढ़ते डिजिटल दौर में पत्रकारों के समक्ष चुनौतियां भले बढ़ी हों, लेकिन सत्य, निष्पक्षता और विश्वसनीयता जैसे मूल्यों को बनाए रखना ही प्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। डीसी ने पत्रकारों से अपील की कि वे भ्रामक सूचनाओं के दौर में तथ्यों की जांच-पड़ताल को प्राथमिकता दें और जिले के विकास, योजनाओं और समस्याओं को संतुलित और वस्तुनिष्ठ शैली में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं मीडिया का सहयोग जिला विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में जिले की विकासात्मक गतिविधियों, प्रशासनिक पहलों और जनसहभागिता से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित पत्रकारों ने भी अपने सुझाव साझा किए और मीडिया-प्रशासन समन्वय को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उपायुक्त किरण भड़ाना ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके रचनात्मक योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष रतन कटोच ने उपायुक्त को टोपी और शाल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सहायक लोक संपर्क अधिकारी अजय कुमार ने सभी का धन्यवाद किया।

### नशामुक्त व आपदा संवेदनशील समाज पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रथ मैदान, कुल्लू में विशाल विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायाधिपति विवेक सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि रहे। न्यायाधिपति अजय मोहन गोयल और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर का मुख्य उद्देश्य नशामुक्त समाज, पर्यावरण संरक्षण और आपदा पीड़ितों के पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करना था। न्यायाधिपति विवेक सिंह ठाकुर ने हिमाचल में बार-बार होने वाली प्राकृतिक आपदाओं में जनहानि पर चिंता व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रत्येक नागरिक के कर्तव्य को रेखांकित किया। उन्होंने आपदा पीड़ित परिवारों से संवाद किया और उच्च न्यायालय द्वारा स्थापित राहत कोष के माध्यम से त्वरित सहायता देने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में न्यायाधिपति अजय मोहन गोयल और न्यायाधीश सत्येन वैद्य ने नशामुक्त समाज बनाने में समाज के व्यापक योगदान की आवश्यकता पर जोर दिया। रजिस्ट्रार जनरल, सदस्य सचिव, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, स्कूली छात्र, पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से लोगों को उनके कानूनी अधिकारों और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया।

### 65 मेमोग्राफी व 25 सर्वाइकल कैंसर मरीज जांचे

**अनंत ज्ञान, मनाली।** रोटरी क्लब मनाली ने 15 नवंबर को महिलाओं के लिए मेमोग्राफी और सर्वाइकल कैंसर कैंप का आयोजन किया। बीएमओ नग्गर डॉ. कर्ण ने कैंप का शुभारंभ किया और रोटरी क्लब मनाली के प्रयासों की सराहना की। महिला आयोग हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षा विद्या नेगी, समाजसेवी इंद्रा शर्मा और कमला बौद्ध ने महिलाओं में ब्रैस्ट और सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक किया। रोटरी क्लब की अध्यक्ष अमिता ठाकुर ने बताया कि जिला 3070 के तहत प्रदेश के 11 रोटरी क्लब मिलकर इस मेगा प्रोजेक्ट का संचालन कर रहे हैं। कैंप में 65 मेमोग्राफी और 25 सर्वाइकल कैंसर जांचें की गईं। सचिव मीनाक्षी केस्टलिनो ने पीडब्ल्यूडी के एसडीओ आकाश सूद के सहयोग की भी सराहना की। कैंप में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

### 9 जनवरी तक चलेगा फाउंडेशन कोर्स

**अनंत ज्ञान, मनाली।** अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड अलाइड स्पोर्ट्स मनाली, महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान तथा लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी के सहयोग से विशेष फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत हिमालयी पर्वतीय अध्ययन भ्रमण का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम में भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय राजस्व सेवा, भारतीय वन सेवा एवं अन्य ग्रुप- ए केंद्रीय सिविल सेवाओं के अधिकारी प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। 10 सप्ताह का यह विशेष फाउंडेशन कोर्स 3 नवंबर से 9 जनवरी, 2026 तक चलेगा। इसी के क्षेत्रीय प्रशिक्षण घटक के रूप में 16 से 21 नवंबर तक छह दिवसीय हिमालयी अध्ययन भ्रमण निर्धारित किया गया है। पर्वतारोहण संस्थान मनाली के सहयोग से प्रशिक्षुओं को पर्वतीय भू-भाग में गति-निर्धारण, अनुकूलन प्रक्रिया सर्वाइवल तकनीक, आपदा प्रबंधन अभिमुखीकरण, पर्यावरण संरक्षण आदि से संबंधित व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा तथा उन्हें स्थानीय प्रशासन एवं समुदायों के साथ संवाद करने का अवसर भी मिलेगा। अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड अलाइड स्पोर्ट्स मनाली के निदेशक अविनाश नेगी ने बताया कि इस यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकारी प्रशिक्षुओं को लाहौल-स्पीति के उच्च हिमालयी व दुर्गम क्षेत्रों में भी ले जाया जाएगा, जिससे उन्हें वहां की प्रशासनिक जटिलताओं, अत्यंत कठोर जलवायु परिस्थितियों, सामरिक सीमाई महत्व तथा विशिष्ट सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को निकट से समझने का अवसर मिलेगा।

### पत्रकारिता की बदलती चुनौतियों पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर रविवार को बहुद्देश्यीय भवन कुल्लू में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीसी तोरूल रवीश ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मीडिया की भूमिका, खबरों की गुणवत्ता और पत्रकारिता की बदलती चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डीसी ने पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि आज के दौर में खबरों की विश्वसनीयता बनाए रखना पत्रकारिता का सबसे बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि गलत जानकारी, ब्रेकिंग न्यूज की होड़ व जानबूझकर फैलाए जाने वाले भ्रामक कंटेंट समाज के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। आपका पाठक जागरूक है और तथ्यात्मक खबर की अपेक्षा करता है। इसलिए विश्वसनीय व सत्यापित जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है।' उन्होंने पत्रकारों से आह्वान किया कि खबर प्रकाशित करने से पहले संबंधित पक्ष का संस्करण लें, समाचार का विश्लेषण करें और शोध-आधारित रिपोर्टिंग को प्राथमिकता दें।

# सरकार जनजातीय व दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा के आधारभूत ढांचे को कर रही सुदृढ़: अनुराधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

जिला लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने रविवार को काजा उपमंडल के अंतर्गत 68 लाख रुपए के विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना करने के उपरांत काजा में 24 लाख रुपए की लागत से निर्मित ग्राम हाट काजा, डेमूल में 19 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजकीय प्राथमिक पाठशाला भवन और डंखर में 25 लाख रुपए से निर्मित राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोंपा भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के अन्य जिलों की भांति जनजातीय जिलों के विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए काजा विकास खंड के तहत विभिन्न पंचायतों एवं गांवों में विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि इस ग्राम



विधायक अनुराधा राणा विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करती हुईं।

हाट के बनने से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने हस्त निर्मित उत्पादों को बनाने व बेचने में जहां सुविधा मिलेगी। वहीं, उनकी आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों व दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ कर रही है और सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न पर शिक्षा प्रदान की जाएगी तथा पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम को तरजीह दी जाएगी, ताकि आज के इस आधुनिक व प्रतिस्पर्धा के युग में सरकारी स्कूल के विद्यार्थी वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दौड़ में शामिल होकर जीवन में आगे बढ़ सकें। प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन पर सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, ताकि ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके और वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित न हो। विधायक ने इस दौरान काजा, डेमूल और डंखर में लोगों की समस्याएं भी सुनीं और सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया तथा संबंधित विभागों को जनता से प्राप्त समस्याओं का निपटारा करने के निर्देश दिए। डेमूल में ग्रामीणों ने अध्यापकों के रिक्त पड़े पदों को भरने की मांग पर विधायक ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही रिक्त पद को भरा जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम जगदीश चंद, जनजातीय सलाहकार परिषद सदस्य वीरभगत व सन्नी, खण्ड विकास अधिकारी अंशुल, प्रधान काज़ा सोनम डोलमा, पूर्व ब्लाक अध्यक्षा महिला कांग्रेस पूनम, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारीयों सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेंशनभोगी संघ का उद्देश्य पेंशनधारकों के हितों की रक्षा करना: एलआर गुलशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ का पहला स्थापना दिवस बालगोपाल भवन शमशी में धूमधाम से मनाया गया। प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व सैकड़ों पेंशनरों ने उनका पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं पारंपरिक कुल्लवी टोपी भेंट कर स्वागत किया। मंच का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड के महासचिव खुशहाल चंद नेगी ने किया।

प्रदेशाध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया कि संघ का गठन 15 नवंबर, 2024 को अटल सदन कुल्लू में लोकतांत्रिक व संवैधानिक प्रक्रिया से हुआ था, जिसका उद्देश्य पेंशनधारकों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने सरकार पर नाराजगी जताई कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों के वेतन में वृद्धि के बावजूद 1.80 लाख पेंशनरों की लंबित वित्तीय देनदारियों को पिछले तीन सालों से अनावश्यक रूप से टाला जा रहा है। इसमें संशोधित वेतनमान के बकाया एरियर, ग्रेच्युटी, पैंशन कम्युटेशन, मंहगाई भत्ते की लंबित किस्तें और मैडिकल बिल शामिल हैं। प्रदेशाध्यक्ष ने चेताया कि यदि 25 नवंबर तक यह भुगतान नहीं किया गया, तो संघर्ष और तेज किया जाएगा। संघ ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सेवानिवृत्त एसडीओ एसपी सागर और प्रधानाचार्य सुरेश कुमार शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष, खेम सिंह हांडा को जिला कुल्लू कार्यवाहक महासचिव, शारदा नंद शर्मा को जिला मंडी अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों को नियुक्त किया। बैठक में प्रदेश व जिला स्तर के कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें खुशहाल चंद नेगी, नरेंद्र कुमार, दयाल सिंह ठाकुर, लीला वर्मा, ओंकार दत्त शर्मा, तेजसिंह ठाकुर, शारदा नंद शर्मा, कन्हैया लाल, मनोरमा डोगरा सहित भारी संख्या में पेंशनर शामिल थे। प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में संघ पेंशनरों के जायज मुद्दों को उठाने और समाधान कराने के लिए सक्रिय है।

# नशे के खिलाफ हिमाचल एकजुट

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गागल में स्थानीय प्रशासन, स्कूल प्रबंधन और विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रोजेक्ट मिशन संभव के संस्थापक व सामाजिक कार्यकर्ता पंकी सूद तथा एनएसपीआर इंडिया संस्था और फिल्म निर्देशक आमिर अल्वी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। दोनों वक्ताओं ने युवाओं को नशे से दूर रहने, साहस चुनने और जीवन में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का प्रेरक संदेश दिया। स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों का पारंपरिक तौर पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश कुमार, जिला कल्याण अधिकारी मंडी समीर, आरोग्य जन कल्याण समिति गुटकर से गुलेरिया, डॉ. नंद लाल गुप्ता और ब्राह्मकुमारी मिशन के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान स्कूल परिसर से स्टूडेंट्स और विभिन्न संगठनों द्वारा जागरूकता रैली व मार्च भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसपीआर संस्था द्वारा बनाई जा रही सामाजिक लघु फिल्म 'नशा एक खौफ' के कुछ दृश्य भी गागल स्कुल और पुलिस चौकी गागल में शूट किए गए।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गागल में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

### बॉलीवुड कलाकारों व हिमाचली प्रतिभाओं की मौजूदगी

**फिल्म** में बॉलीवुड कलाकार सुरेंद्र ठाकुर, सुभाष चंद यादव और हिमाचल के वरिष्ठ थियेटर कलाकार दीप कुमार उर्फ रेलु मंडयाल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म में स्थानीय कलाकारों और इन्फ्लुएंसर्स देव माइकल, कुलदीप शर्मा, साया शर्मा, करतार कौशल, आरती ठाकुर मयारी आदि ने भी अपनी भूमिकाओं को बखूबी निभाया है। फिल्म की प्रमुख अभिनेत्रियां शगुन नेगी और सरोज हैं। स्क्रीन प्ले व संवाद त्रिलोक सिंह राजपूत के हैं, जबकि संपादन का कार्य सचिन गौर कर रहे हैं।

## विधायक भुवनेश्वर ने नग्गर में किया अटल ज्ञान केंद्र सामान्य सेवा केंद्र व सामुदायिक भवन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने रविवार को नग्गर पंचायत क्षेत्र में आयोजित एक समारोह में 18 लाख 20 हजार की लागत से तैयार सामान्य सेवा केंद्र, अटल ज्ञान केंद्र व सामुदायिक भवन (ग्राम हट) का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। विधायक गौड़ ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बीच तकनीकी और शैक्षिक अंतर को समाप्त करना है। सामान्य सेवा केंद्र के माध्यम से नागरिकों को सरकारी सेवाएं, दस्तावेज, बिल भुगतान, पेंशन व अन्य योजनाओं की जानकारी आसानी से मिलेगी। वहीं, नग्गर ग्राम पंचायत प्रधान प्रदीप ठाकुर ने कहा कि 2021 से 2025 तक मनरेगा के तहत 2 करोड़ 57 लाख के कार्य पूर्ण हो चुके हैं और नग्गर पंचायत नग्गर खंड में मनरेगा के तहत प्रथम स्थान पर है। विधायक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक ग्राम, नगर और वार्ड स्तर तक डिजिटल सुविधा और संसाधन पहुंचें, जिससे युवाओं को रोजगारोमुखी प्रशिक्षण मिले व स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर विधायक गौड़ ने नगर पंचायत के विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याण की भावना से कार्य कर रही है।

## शौरी ने लिया राहत कार्यों का जायजा

**अनंत ज्ञान, बंजार।** तीर्थन घाटी के झनियार गांव में हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड के बाद बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने रविवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर राहत व पुनर्वास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने प्रभावित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और सभी को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। विधायक शौरी ने झनियार गांव के लिए सामुदायिक भवन निर्माण करने की घोषणा की, जिससे भविष्य में आपदाओं के समय ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान तथा सामुदायिक गतिविधियों के लिए स्थायी भवन उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कठिन समय में आगे आकर सहयोग करने वाले दानी सज्जनों, समाजसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय जनता का विशेष आभार व्यक्त किया।

## आनी के 7 स्कूलों को मिला बेस्ट स्कूल अवार्ड, देवता के कारदार भी सम्मानित

**अनंत ज्ञान, आनी**



एसडीएम सभागार में हिम संस्कृति सामाजिक संस्था द्वारा विशेष स्कूल स्टूडेंट्स एवं बेस्ट स्कूल अवार्ड सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट तथा विशेषातिथि बीडीओ विद्या चौहान थी। समारोह में हिमालयन शिक्षा समिति के चेयरमैन रफ्तार सिंह ठाकुर ने बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय केंद्रीय प्राथमिक स्कूल के छात्रों की गीत-कविता प्रस्तुतियों से हुई। सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं वर्निका और समीक्षा ने भी आकर्षक प्रस्तुति दी। एसडीएम ने आनी ब्लॉक के 7 श्रेष्ठ स्कूलों को शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए बेस्ट स्कूल अवार्ड 2025 प्रदान किए। सम्मानित स्कूलों में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल आनी, राजकीय कन्या विद्यालय आनी, राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय आनी, हिमालयन मॉडल स्कूल आनी, सरस्वती विद्या मंदिर आनी, एसडीए मिशन स्कूल आनी, लोरेंस पब्लिक स्कूल आनी शामिल हैं। साथ ही आनी ब्लॉक के देवी-देवताओं के कारदारों को भी उनकी सांस्कृतिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

इनमें देवता शमशरी महादेव, पनेउई नाग, कुलक्षेत्र महादेव ओलवा, व्यास ऋषि, ठाकुर मुरलीधर बटाला जलोड़ी, गडमी नाग शगागी आदि के कारदार शामिल रहे। हिमाचल प्रदेश के टॉप टेन बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड में हिमालयन मॉडल स्कूल आनी के भव्य शर्मा को सम्मानित किया गया।

# बूट स्कूटर 'बूगी' नृत्य रहा विशेष आकर्षण का केंद्र

## कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल में मची है 18वें तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव की धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मौहल में 18 वें तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव की खूब धूम मची है। कैंब्रिज कृति के द्वितीय दिवस पर निश्चिंत सिंह नेगी पुलिस अधीक्षक जिला सिरमौर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन राजीव शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत अभिनंदन पुष्प गुच्छ देकर किया तथा टोपी व मफलर पहनाकर उन्हें सम्मानित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या रैना वर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, नवाचारों और विद्यार्थियों के उज्ज्वल प्रदर्शन पर प्रकाश डाला तथा कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर सभी का धन्यवाद किया। अंत में सभी अभिभावकों व अतिथियों ने विद्यालय द्वारा आयोजित रात्रिभोज में सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय गीत के मधुर सामूहिक गायन से हुई। इसके पश्चात छात्रों ने 'शक्तिः द नाइन विदइन', 'ब्लेज एंड रिपल', 'द कॉस्मिक बैले - चतुर्युग', 'फिशिंग इन द डार्क', 'सुर-ए-सूफियाना', 'जौहरः द इटरनल फ्लेम ऑफ ऑनर', 'इकोज ऑफ चंबा', 'मिस्टिक ग्रेस ऑफ इजिप्ट', 'इंडिया इग्नाइट' 'व्हील्स ऑफ ग्लोरी' और 'द क्वीन्स ऑफ रिदम' सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, विद्यालय के आईएलपी टीम (यूएसए) द्वारा प्रस्तुत ऊर्जावान नृत्य ' बूट स्कूटर 'बूगी' ', विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को रघुनाथ शर्मा एवं सुधेश शर्मा मेमोरियल मेरिटोरियस स्टूडेंट स्कॉलरशिप से सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों श्याम सुंदर (97.2 फीसदी, जिला टॉपर 11000), अनीशा 11000, शाश्वत 7100, कदंबिनी सचदेवा 7100, वसुंधरा 7100, अमोघ राणा 7100, सान्वी 7100, मन्नत कालरा 7100 व रेहाना देवी 7100 को छात्रवृत्ति व प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में 100 फीसदी अटेंडेंस अवार्ड प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इन छात्रों ने पूरे सत्र में उत्कृष्ट अनुशासन, समर्पण और नियमितता का परिचय दिया है।



वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए विद्यार्थी।

### नशा-उन्मूलन अभियान में दें योगदान: एसपी

मुख्यातिथि एसपी निश्चिंत सिंह नेगी ने अपने संबोधन में विद्यालय की उत्कृष्ट प्रतिभा, अनुशासन और सांस्कृतिक समृद्धि की सराहना करते हुए बच्चों को दृढ़ता, ईमानदारी और सेवा की भावना से आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों, अभिभावकों और समाज से नशा-मुक्ति के लिए मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने की सलाह दी, वहीं अभिभावकों से अपने बच्चों के प्रति सजग और जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने समाज से भी नशा-उन्मूलन अभियान में योगदान देने की अपील की।

**परेशानी** जन-जीवन प्रभावित, शीघ्र निर्माण की मांग; विभाग ने बजट की बताई कमी

# कशेरी सड़क पर क्षतिग्रस्त पुल उखाड़ा, लटका पुनर्निर्माण

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** गत बरसात में क्षतिग्रस्त हुई कशेरी सड़क पर लगा पुल अब पूरी तरह से हटा दिया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इसे दोबारा फाउंडेशन तैयार करके स्थापित किया जाना है, लेकिन पुल न होने से क्षेत्र के लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो गई है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द पुल के निर्माण की मांग की है। कशेरी सड़क, जिसे मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के प्रयासों से बनाया जा रहा है, उस पर पुल न होने के कारण गाड़ियों का आवागमन प्रभावित हो गया है।

स्थानीय लोगों को सामान ले जाने, बुजुर्गों को आवाजाही में, स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचने में और सबसे महत्वपूर्ण, बीमार लोगों को अस्पताल लाने-ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत वार्ड पंच राजेश ने बताया कि इस वर्ष आई आपदा के बाद से यह सड़क 6 सितंबर, 2025 से बंद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बसों का आवागमन 2023 से बंद है, क्योंकि पुल से आगे विभाग ने बसों के लायक सड़क का निर्माण ही नहीं किया है। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की है कि यदि नाले में पानी का जलस्तर फिर बढ़ता है, तो पुल के पास बनाई जा रही अस्थायी सड़क भी बह जाएगी, जिससे समस्या और गंभीर हो सकती है।



क्षतिग्रस्त हुई कशेरी सड़क पर बना पुल अब पूरी तरह हटाया।

### भविष्य की योजना

**एसडीओ** केडी कश्यप ने भविष्य में समस्या के स्थायी समाधान की ओर इशारा करते हुए कहा कि हलान 2 से करीब 2 किलोमीटर सड़क कशेरी तक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उनका मानना है कि इस नई सड़क के निर्माण से इस समस्या का समाधान हो सकेगा।

### विभाग ने बजट का दिया हवाला

**लोक** निर्माण विभाग के एसडीओ केडी कश्यप ने बताया कि पुल दोबारा लगाने के लिए बजट की आवश्यकता है। इसके लिए फाइल तैयार करके विभाग को भेज दी गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विभाग पहले भी काम बीच में छोड़कर इतिश्री कर रहा था, मगर विधायक के पास मुद्दा उठाने के बाद काम फिर शुरू किया गया व क्षतिग्रस्त पुल को हटाया तो गया, लेकिन अब विभाग पैसे का बहाना बनाकर काम को रोक रहा है।

### लोनिवि मंत्री के व्यापक एजेंडे के बीच चिंता

**स्थानीय** लोनिवि अधिकारी ने पुल के दोबारा निर्माण के लिए बजट फाइल भेजने की बात कही है। यह मामला ऐसे समय में सामने आया है, जब लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश में 2023 की आपदा में ध्वस्त हुए पुलों के पुनर्निर्माण को अपनी प्राथमिकता बताया है। लोनिवि मंत्री ने हाल ही में नाबार्ड के तहत 162 करोड़ रुपए की लागत से 15 सड़क और पुल परियोजनाओं को मंजूरी दी है, साथ ही पीएमजीएसवाई चरण-3 के तहत भी 21 पुलों के निर्माण की घोषणा की है। क्षेत्र के ग्रामीण अब यह जानना चाहते हैं कि कशेरी पुल का यह आवश्यक कार्य मंत्री के इन व्यापक पुनर्निर्माण एजेंडे में कब शामिल होगा और विभाग द्वारा बताई जा रही बजट की कमी कब दूर होगी, ताकि उनकी वर्षों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो सके। ग्रामीणों की उम्मीद है कि मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द प्राथमिकता सूची में शामिल करवाएंगे।

# कुल्लू शहर में पार्किंग और नो-पार्किंग जोन अधिसूचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने तथा यातायात व्यवस्थापन को सुचारु बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त एवंजिला मजिस्ट्रेट, कुल्लू द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 की धारा 115 के तहत नए पार्किंग एवं नो-पार्किंग जोन अधिसूचित किए गए हैं।

इससे पूर्व 25 मार्च से 23 अप्रैल, 2025 तक आम जनता से आपत्तियां व सुझाव आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त सुझावों व आपत्तियों की विस्तृत जांच के पश्चात, संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर निम्न स्थानों को पार्किंग/नो-पार्किंग जोन के रूप में अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित पार्किंग एवं नो-पार्किंग क्षेत्रों में गुप्ता न्यूज एजेंसी से पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुख्य द्वार तक 30 मीटर क्षेत्र को ऑटो-रिक्शा के लिए पेड पार्किंग घोषित किया गया है, जिसमें 12 रिक्शाओं की क्षमता होगी। इसी तरह पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एनिमल हसबेंड्री कार्यालय के मुख्य द्वार तक 30 मीटर स्थान दोपहिया वाहनों के लिए आरक्षित किया गया है, जिसकी क्षमता 45 तय की गई है। एनिमल हसबेंड्री कार्यालय से डीसी ऑफिस चौक तक 113 मीटर का क्षेत्र, जो वकीलों के चैंबर के सामने पड़ता है, हल्के मोटर वाहनों की पेड पार्किंग के रूप में निर्धारित किया गया है, जहां 25 वाहन खड़े हो सकेंगे। वहीं, डीसी ऑफिस चौक से प्रथम केमिस्ट शॉप तक 57 मीटर में भी एलएमवी के लिए जगह तय की गई है, जिसकी क्षमता 12 वाहन है। प्रथम केमिस्ट शॉप से क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार तक 52 मीटर क्षेत्र को नो-पार्किंग जोन घोषित किया गया है, जहां किसी भी प्रकार का वाहन खड़ा करने पर प्रतिबंध रहेगा। क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य द्वार से इमरजेंसी गेट तक 15 मीटर क्षेत्र में ऑटो-रिक्शा के लिए पेड पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिसकी क्षमता 5 वाहन है। पीएनबी एटीएम से अस्पताल के इमरजेंसी गेट तक का क्षेत्र आपातकालीन वाहनों के लिए समर्पित फ्री पार्किंग घोषित किया गया है। इमरजेंसी गेट से प्रेस क्लब कुल्लू तक 25 मीटर स्थान को ऑटो-रिक्शा पेड पार्किंग के रूप में निर्धारित किया गया है, जिसमें 8 रिक्शा खड़े किए जा सकेंगे। नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी को इन पार्किंग स्थलों के संचालन, अनुश्रवण व प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### मानव कंकाल मिलने पर मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कालाअंब क्षेत्र में बीते दिन हिमाचल-हरियाणा की सीमा पर टोडर पुर रिजर्व फॉरेस्ट बिट में एक मानव कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। सनसनी के बीच कालाअंब पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज नाहन भेजा है। एएसपी योगेश रोल्टा ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि मानव कंकाल देखने में महीनों पुराना लगता है, हो सकता कोई रास्ता भटक कर यहां जंगल में पहुंच गया हो। एएसपी ने बताया कि मौके से मिले कपड़ों को देख कर भी लगता है कि कोई मानसिक रूप से परेशान भी हो सकता है। रोल्टा ने बताया कि कालाअंब स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। हरियाणा के गांवों में भी सूचना भेज दी गई है। पुलिस कंकाल की शिनाख्त में लगी है। पुलिस की टीम ने सूचना मिलने के बाद मौके का जायजा ले लिया है तथा कंकाल के पास से कपड़े आदि भी कब्जे में लिए हैं। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार मानव कंकाल को बिक्रमबाग पंचायत के रिजर्व फॉरेस्ट में फॉरेस्ट गॉर्ड मोहन ने कंकाल को देखा और इसकी सूचना कालाअंब पुलिस स्टेशन में दी।

### 65 बच्चों ने जीवन उपयोगी जानकारी प्राप्त की

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के राजकीय उच्च विद्यालय निहोग में राज्य रेडक्रॉस तथा जिला रेडक्रॉस सिरमौर के संयुक्त तत्वाधान में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पाठशाला के लगभग 65 बच्चों ने जीवन उपयोगी जानकारी प्राप्त की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य रेडक्रॉस के समन्वयक वीरेंद्र बिष्ट, गृह रक्षक विभाग की प्लाटून कमांडर संतोष कुमारी व प्लाटून कमांडर कमलेश कुमारी और उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक लेखराज कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कई अहम बताईं।

### डॉ. शांडिल आज सोलन जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 17 नवंबर को सोलन के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल 17 नवंबर को प्रातः 11.30 बजे राजकीय महाविद्यालय सोलन में आयोजित समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### जन्मजात प्रतिभाओं के अनावरण पर चर्चा

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** डिग्री कॉलेज कंडाघाट में डिग्री कॉलेज नेरवा, कंडाघाट, चौपाल, संगड़ाह, निरमंड, कंवर दुर्गा चंद कॉलेज जयसिंहपुर, ठाकुर पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ढलियारा के संयुक्त प्रयासों से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बहुविषयक सम्मेलन हाइब्रिड मोड पर रविवार को शुरू हुआ। इस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि पूर्व सलाहकार टेलीकॉम भारत सरकार डॉ. लाभ सिंह रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया ने मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। सम्मेलन के मुख्य समन्वयक डॉ.बृजेश सिंह चौहान ने उद्घाटन भाषण में सम्मेलन के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. शालू सहगल, वैज्ञानिक पवन राणा, डॉ. जितेंद्र, डॉ. उत्तम, डॉ.सुभाष चंद्र, डॉ.राजन नेगी और डॉ.लाभ सिंह ने अपने विचार रखे। सात दिवसीय सम्मेलन पूर्व कार्यशाला पर शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे। तकनीकी सत्र में डॉ. बृजेश सिंह चौहान व डॉ. जितेंद्र ने ' डिजिटल तकनीकों के माध्यम से जन्मजात प्रतिभाओं का अनावरण' विषय पर प्रतिभागियों के संवाद सत्र किया।

### पैसा मंजूर होने के बाद भी एंबुलेंस रोड का निर्माण नहीं

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान, कसौली।** कई बार विकास कार्य के लिए पैसा होने के बाद भी आम जनता को उसका लाभ न मिलना बड़े सवाल खड़े करता है। इसमें सरकारी तंत्र की मनमर्जी कहें या फिर कर्मचारियों की सुस्त कार्यप्रणाली। ऐसी ही एक मामला कसौली विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाली ग्राम पंचायत कोट बेजा के शामली गांव का है। शामली गांव को बनने वाले एबुलेंस रोड का पैसा मंजूर होने के दो साल बाद भी एंबुलेंस रोड का निर्माण न होना सरकारी तंत्र को कटघरे में खड़ा करता है। ग्रामीण पिछले करीब 10 वर्षों से एंबुलेंस रोड की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक ग्रामीणों की सुनवाई नहीं हो रही है बीमारी की अवस्था में मरीज को चारपाई पर उठाकर ले जाना पड़ता है। फलस्वरूप ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में हेमंत कुमार, तारा दत्त, राजकुमार,राकेश कुमार, मनोज आदि ने बताया कि एंबुलेंस रोड शामली को दो वर्ष पूर्व विधायक द्वारा पैसा मंजूर किया गया था तथा इस रोड का निर्माण मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत होना था, लेकिन करीब दो वर्ष एस्टीमेट बनाने को ही लगा दिए और अब सरकारी तंत्र 20 वर्कों की लिमिट होने का रोना रो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके साथ वाले अन्य वर्क पूरे भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इस मामले में लेटलतीफी करने वालों की जांच की जाए व उचित कार्रवई कर कार्य जल्द करने के आदेश दिए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि जब इस कार्य के आदेश को करीब दो वर्ष पूर्व हो चुके थे, तो एस्टीमेट बनाने में दो वर्ष का लंबा समय कैसे लग गया। उधर, पंचायत उपप्रधान सुनील कुमार ने बताया कि जिओ टेकिंग न होने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जैसे ही जिओ टेकिंग हो जाएगी कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट ने प्रेस दिवस पर दी बधाई





**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी ने देश-भर के पत्रकारों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता ही लोकतंत्र की असली शक्ति है। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों के सामने मौजूद चुनौतियों, अवसरों और सुधारों पर महत्वपूर्ण सूचनाओं को जारी किया। संजय राठी ने कहा कि आज के समय में मीडिया न केवल सूचना देने का माध्यम है, बल्कि जनचेतना, पारदर्शिता और जवाबदेही का आधार भी है। उन्होंने कहा, 'पत्रकारिता लोकतंत्र का प्रहरी है, इसकी आवाज कभी कमजोर नहीं पड़नी चाहिए।' डिजिटल युग में फेक न्यूज, ट्रोल कल्चर व गलत सूचना का प्रसार पत्रकारिता की विश्वसनीयता के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। ऐसे में जरूरी है कि मीडिया संस्थान व पत्रकार सत्य, तथ्यों व नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। संजय राठी ने कहा कि देश के हर पत्रकार को सुरक्षा, सम्मान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए।

# उद्यान विभाग ने जिले के किसानों बागवानों से मांगी पौधों की डिमांड

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** सर्दियों में हिमाचल और सोलन जिले में लगने वाले फलदार पौधों को लेकर जिला उद्यान विभाग ने जिले के किसानों व बागवानों से पौधों की डिमांड मांगी है। विशेषज्ञों ने बागवानों को पंजीकृत नर्सरियों से पौधे खरीदने की सलाह दी है।



अनंत ज्ञान स्पैशल

वहीं, विभागीय अधिकारियों ने जिले के किसानों व बागवानों से अपील की है कि वह ब्लॉक स्तर पर या विभाग के कार्यालयों में फलदार पौधों की अपनी डिमांड दें, ताकि उनके लिए पौधे उपलब्ध करवाए जा सकें। उद्यान विभाग द्वारा प्रतिवर्ष जिला व बागवानों को वाजिब दामों पर सेब, नाशपाती सहित गुठलीदार फलों के पौधे मुहैया करवाए जाते हैं। पौधों को लगाने का सबसे सही समय दिसंबर से फरवरी माह तक होता है। इसके लिए नवंबर माह में डिमांड मांगी जाती है और मौसम की अनुकूलता के हिसाब से दिसंबर माह में पौधों का वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी फलदार पौधों का वितरण विभाग द्वारा किया जाएगा। विभाग ने इसको लेकर जिले के सभी ब्लॉक अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के किसान-बागवानों को पौधों की डिमांड देने के लिए कहें। हालांकि, विभाग की माने तो अभी तक उनके पास 8 हजार पौधों की डिमांड आ चुकी है, जबकि उनका लक्ष्य करीब 20 हजार पौधे वितरित करने का है।

> **जिला** के किसानों-बागवानों से आग्रह है कि वे अपनी फलदार पौधों की मांग स्थानीय ब्लॉक में स्थित बागवानी विभाग के कार्यालयों में या बागवानी अधिकारी को जल्द से जल्द दें। उनसे यह भी अपील है कि वे पौधे विभाग या विभाग द्वारा रजिस्टर्ड नर्सरी से ही खरीदें।
>
> **डॉ. शिवाली ठाकुर, उपनिदेशक, उद्यान विभाग सोलन।**

### विभाग से रजिस्टर्ड नर्सरी से ही लें पौधे

**विभागीय** अधिकारियों ने पौधों की डिमांड के साथ-साथ किसान-बागवानों से अपील की है कि वे पौधे विभाग के माध्यम से ही लें या फिर विभाग द्वारा रजिस्टर्ड नर्सरी से ही खरीदें। देखने में आया है कि किसान-बागवान किसी अन्य स्रोत से पौधे खरीद लेते हैं, लेकिन बाद में उनकी सारी मेहनत बेकार चली जाती है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है।

### दो क्लस्टर में लगाए जा रहे 20 हजार पौधे

**जिले** में किसान-बागवानों को पौधे वितरित करने के अलावा भी विभाग द्वारा एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत पौधे लगाने का कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के कुनिहार ब्लॉक में दाटी व पजीना क्लस्टर में इस वर्ष प्लम व परिसीमन के करीब 20 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। इसको लेकर विभाग ने अपने कार्यों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

# अल्ट्राटेक ने दिया 40 डिजाइन वाली आधुनिक सिलाई मशीन का उपहार

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट बघेरी सीमेंट वर्क्स के अंतर्गत अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत संचालित सिलाई केंद्र पड़ियाणा में एक आधुनिक सिलाई मशीन प्रदान की गई।

यह मशीन यूनिट हेड अमित दुबे द्वारा केंद्र को सौंपी गई। नई सिलाई मशीन के माध्यम से केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं महिलाओं को लगभग 40 प्रकार के डिजाइनदार परिधानों की सिलाई का अनुभव प्राप्त होगा, जिससे उनके कौशल विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस अवसर पर यूनिट प्रमुख अमित दुबे ने कहा कि 'अल्ट्राटेक कंपनी हमेशा से अपने आस-पास के क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियां निरंतर संचालित करती रहती है। कार्यक्रम में कंचन दुबे, हेमंत शर्मा, संदीप भदौरिया, कविता भदौरिया, सिलाई केंद्र की प्रशिक्षिका निशा रानी सहित सभी प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित रहीं।




अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत संचालित सिलाई केंद्र पड़ियाणा में एक आधुनिक सिलाई मशीन प्रदान करते हुए।

# पाइनग्रोव ने राज्यस्तरीय बैंड चैंपियनशिप जीती

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल ने अपनी शानदार संगीत प्रस्तुति से राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में सभी का मन मोह लिया। यह प्रतियोगिता 13 और 14 नवंबर को जीएसएसएस भुंतर, कुल्लू में आयोजित हुई। इसमें हिमाचल प्रदेश के 31 स्कूलों के 843 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर की गर्ल्स पाइप बैंड टीम ने प्रतियोगिता में विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि ब्वॉयज ब्रास बैंड की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने भी सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। पाइनग्रोव स्कूल, के दोनों विद्यालय ने सब को हैरान कर दिया, जब विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने पिछले वर्ष के विजेता पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू को इस वर्ष भी प्रथम स्थान देकर सम्मानित किया, जबकि पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर उपविजेता रहा। प्रतिष्ठित कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी कुल्लू तोरुल एस रविश द्वारा किया गया और समापन विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने किया। पाइनग्रोव की अनुशासित, परिष्कृत और आकर्षक प्रस्तुतियां प्रतियोगिता की प्रमुख विशेषता रहीं, जिन्होंने सभी पर अपनी गहरी छाप छोड़ी।



शिविर में हिस्सा लेते स्कूली छात्र व अन्य।

### पाइनग्रोव में चिकित्सा व सामाजिक सेवा शिविर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सूबाथू ने आसमान पहल के तहत एक चिकित्सा एवं सामाजिक सेवा शिविर का आयोजन किया। इसमें स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक कल्याण और सामुदायिक भावना को एक साथ लाया गया। पारस अस्पताल, मैक्स अस्पताल, एपेक्स सोलन, बंसल स्माइल केयर और कैंट बोर्ड सुबाथू के डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने निशुल्क चिकित्सा जांच, परामर्श, दवाइयाँ और स्वच्छता संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया, जबकि महिलाओं को जागरूकता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सैनिटरी सामग्री प्रदान की गई। साथ ही, बच्चों के चेहरे खिल उठे जब उन्हें खिलौने, किताबें और स्टेशनरी मिली। इसके साथ-साथ जरूरतमंद का यह दिन खुशी, देखभाल और सीख से भरपूर रहा। यह कार्यक्रम करुणा और एकजुटता का एक सुंदर उत्सव था, जिसने साबित किया कि जब एक समुदाय एक साथ आता है, तो लोगें के दिल भर आते हैं और आशा पनपती है।

# पत्रकार सूचनाओं के विश्वसनीय स्रोतों की पहचान कर खबर को करें प्रकाशित: राहुल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने कहा कि भ्रामक सूचनाओं से बचाव के लिए खबर को चलाने से पूर्व विभिन्न पक्षों से उसकी सत्यता को जांचने का प्रयास करें, ताकि सटीक सूचना लोगों तक पहुंचे।

अतिरिक्त उपायुक्त राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद द्वारा आज के लिए सुझाए गए विषय 'बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता का संरक्षण पर सारगर्भित चर्चा की गई। राहुल जैन ने कहा कि बढ़ती भ्रामक सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए पत्रकारों को सटीकता और सच्चाई पर ध्यान देना चाहिए, तथ्य-जांच और निष्पक्ष रिपोर्टिंग को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को केवल तथ्यों को प्रस्तुत करना चाहिए और गलत सूचना से बचना चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि भ्रामक सूचना के प्रसार को रोकने के लिए, समाचार संगठनों को गहन तथ्य-जांच की प्रक्रिया अपनानी चाहिए। समाचार रिपोर्टिंग में अधिक पारदर्शिता लाना और अपने स्तोत्रों को स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है। आज के समय में भ्रामक सूचनाएं पूरे विश्व को प्रभावित करने वाली समस्या बन रही है। उन्होंने कहा कि जब तथ्य और कल्पना के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तो यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि क्या सच है और क्या झूठ। इसके निवारण के लिए लोगों तक सटीक जानकारी पहुंचाने के लिए नीतिगत कार्य करना आवश्यक है, ताकि एक संतुलन बना रहे।

# घर में चल रहे नशे के धंधे में एक को पुलिस ने धरा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर की वाल्मीकि बस्ती में एक रिहायशी मकान में लंबे अरसे से चल रहे नशे के कारोबार का पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भांडा फोड़ करते हुए तालाशी के दौरान 1.80 ग्राम चिट्टा बरामद करके आरोपी मकान मालिक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी चांद को हिरासत में लिया है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चांद नाम का एक युवक निवासी मकान नं. 4066/13 वाल्मीकी बस्ती नाहन लंबे अरसे से अपने रिहायशी मकान वाल्मीकी बस्ती में चिट्टा/हैरोईन बेचने का धंधा कर रहा है। एसपी ने बताया कि सूचना थी कि मकान में रेड की जाए, तो काफी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हो सकता है। नेगी ने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी चांद के रिहाइशी कमरे की तलाशी ली। इसके रिहायशी कमरे से तलाशी के दौरान डबल बेड की बैक की दराज के अंदर से 1.80 ग्राम चिट्टा व 8600 रुपए की नकदी बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर दी गई है। आरोपी को नोटिस पर पाबंदी अदालत किया गया है। मामले में जांच जारी है।

# संगठन विस्तार व जनसंपर्क अभियान को लेकर आम आदमी पार्टी की बैठक

**अनंत ज्ञान, सोलन**



आज आम आदमी पार्टी सोलन विधानसभा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक ऑब्जर्वर उदय डोगरा और को-ऑर्डिनेटर सुशील पंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान, स्थानीय मुद्दों पर संघर्ष और आगामी राजनीतिक गतिविधियों की रणनीति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष जतिन मुसाफिर, उपाध्यक्ष रणवीर मन्ढोत्रा एवं पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजीव शर्मा सहित जिला स्तर के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सक्रिय साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए ऑब्जर्वर उदय डोगरा ने कहा कि सोलन क्षेत्र की जनता बेहतर शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छ राजनीति और सशक्त स्थानीय प्रशासन की अपेक्षा रखती है। आप इन सभी मुद्दों को लेकर जमीनी स्तर पर काम कर रही है और आने वाले दिनों में जनता तक सीधे पहुंच बढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर आप की नीतियों से प्रभावित होकर ललित कौंडल, मुकेश चौहान, राजेश कौंडल, जयकिशन और बहुत से साथी आम आदमी पार्टी सोलन में शामिल हुए। हर वार्ड और गांव में जन-सुनवाई अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय समस्याओं ट्रैफिक, सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य व शिक्षा पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। युवाओं और महिलाओं की भागीदारी और मजबूत की जाएगी। भ्रष्टाचार व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण आंदोलन चलाया जाएगा।

# पंचायत ग्याना से स्वच्छ खंड अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, अर्की।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय कुनिहार की ओर से स्वच्छ खंड अभियान का शुभारंभ पंचायत ग्याना से किया गया। इस अभियान की शुरुआत उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) अर्की निशांत तोमर ने हरी झंडी दिखाकर किया। अभियान में क्षेत्र की सभी पंचायतों से प्रधान, उपप्रधान, सचिव, महिला मंडल, युवक मंडल और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में सफाई, स्वच्छता व जनजागरूकता को बढ़ावा देना है। एसडीएम निशांत तोमर ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है और पंचायतों की भागीदारी से यह प्रयास और अधिक प्रभावी होगा। खंड विकास अधिकारी कुनिहार तन्मय कंवर ने सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया और स्वच्छ खंड अभियान को सफल बनाने का संकल्प दोहराया।

# टेबल टेनिस प्रतियोगिता में राजकीय कन्या महाविद्यालय विजयी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज टेबल टेनिस चैंपियनशिप (महिला वर्ग) का सफल समापन हुआ। चैंपियनशिप के संयोजक डॉ. जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष कुल आठ कॉलेजों की टीमें इस प्रतियोगिता में शामिल हुईं और कुल 16 मैच खेले गए। इस वर्ष एसपीयू मंडी व एचपीयू शिमला की चैंपियनशिप अलग-अलग रही। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई।

समापन सत्र में प्रतिभागी खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक, पीटीए तथा विद्यार्थियों की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे आयोजन को ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर अर्की विधानसभा के विधायक संजय अवस्थी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्यातिथि का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश ने पुष्पगुच्छ, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इसी के साथ प्राचार्या ने महिला खिलाड़ियों के कौशल व अनुशासन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। मुख्यातिथि संजय अवस्थी ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में कहा कि एक क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में वह बचपन से ही खेलकूद प्रतियोगिताओं से जुड़ रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों में करियर की संभावनाओं और अनुशासन व निरंतर अभ्यास के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इसी के साथ अवस्थी ने महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण देते हुए बताया कि 21वीं शताब्दी महिलाओं की है और वर्तमान समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। इस दौरान सभी टीमों से भी उन्होंने मुलाकात की। मुख्यातिथि ने फाइनल में पहुंची राजकीय कन्या महाविद्यालय व राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की टीम में हुए मैच को भी देखा। फाइनल मैच को आरकेएमवी की खिलाड़ी अंजली कंवर व धर्मशाला महाविद्यालय की खिलाड़ी श्रुति जसवाल ने बेहद रोमांचकारी बनाया। इस मुकाबले में राजकीय कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने विजयी खिताब जीता। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला व सेंट बीड्स शिमला रनर अप रही। मुख्यतिथि ने विजेता टीमों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसी के साथ ऑब्जर्वर व यूनिवर्सिटी ऑफिशियल को भी स्मृति चिन्ह से मुख्यतिथि ने सम्मानित किया। मुख्यतिथि ने प्राचार्या डॉ. रुचि रमेश व टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ को प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर बधाई भी दी।

# 'सीडो' का कैंसर जांच अभियान, 400 से अधिक महिलाओं की जांच पूरी




कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर के दौरान महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (सीडो) द्वारा महिलाओं में स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम तथा शुरुआती पहचान के उद्देश्य से निःशुल्क कैंसर जांच अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण पहल का नेतृत्व सीडो के चेयरमैन और वरिष्ठ चिकित्सक प्रो. (डॉ.) राजेश कश्यप कर रहे हैं। अभियान महर्षि मारकंडेश्वर मेडिकल कॉलेज कुमारहट्टी के विशेषज्ञ डॉक्टरों और सोलन के सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से चल रहा है। संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में कैंसर की समय पर पहचान, रोकथाम और जागरूकता फैलाना है। इस अभियान के तहत अब तक 400 से अधिक महिलाओं की निशुल्क जांच की जा चुकी है और 19 महिलाओं में कैंसर की आशंका पाई गई है। इनमें से एक महिला का उपचार जारी है। शिविर में मैमोग्राफी और पैप स्मीयर दोनों सेवाएं पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं। अभियान को सफल बनाने में डॉ. मोनिका जिंदल, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. रूपिंदर सिंह, डॉ. राजन सूद, डॉ. उपेंद्र चंदेल, डॉ. अनुज और डॉ. रजनी कौशिक सहित चिकित्सा स्टाफ सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसके साथ ही सीडो की महिला सदस्य अनन्या, सरिता ठाकुर, सविता भाला, कल्पना ठाकुर और सुषमा शर्मा भी कैंप संचालन, पंजीकरण और मरीज सहायता में सहयोग कर रही हैं। डॉ. राजेश कश्यप ने बताया कि जांच, रिपोर्ट और परामर्श सहित पूरा कार्यक्रम पूरी तरह निशुल्क है तथा महिलाओं के लिए लंच की व्यवस्था भी की जाती है। उन्होंने सभी महिलाओं से अधिक संख्या में इस अभियान का लाभ उठाने की अपील की।

**आयोजन** नवगांव स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

# शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति: अवस्थी

**अनंत ज्ञान, अर्की/ सोलन**



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा, खेल सुविधाएं व बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प है। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र के स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नवगांव के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ज्ञान की प्राप्ति है, ज्ञान का महत्व अंकों से कई अधिक है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि केवल अंकों के लिए पढ़ाई न करें, बल्कि अपने मौजूदा ज्ञान को बढ़ाने के लिए पढ़ें। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई लघु रास्ता नहीं होता है। इसके लिए कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय व निरंतर प्रयास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में मादक पदार्थ चिट्टे के विरूद्ध निर्णायक जन आंदोलन आरंभ किया है। युवाओं को उनके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सजग बनाने व नशे से बचाने में खेलों का अहम योगदान है। इसी दृष्टिकोण से प्रदेश सरकार ने ओलंपिक, एशियाई व पैरा ओलंपिक में पदक हासिल करने वाले युवाओं की पुरस्कार राशि में आशातीत वृद्धि की है। ऐसे निर्णय युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने में सहायक सिद्ध हो रहे है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के प्रत्येक छात्र तक गुणवत्तायुक्त शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने का निर्णय इसी दृष्टिकोण से लिया गया है। अर्की विधानसभा क्षेत्र में तीन स्कूलों को राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल घोषित किया गया है। इसमें जल्द ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पाठ्यक्रम के माध्यम से शिक्षा आरम्भ की जाएगी।

उन्होंने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नवगांव के अतिरिक्त कमरों के निर्माण के लिए 12 लाख रुपए, राजकीय उच्च विद्यालय मंगरूर में मंच के उपर शेड निर्माण के लिए लगभग 1.66 लाख रुपए, पन्सोड़ा से चांबा तक संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए 20 लाख रुपए, टून भडयार मार्ग के निर्माण के लिए 3 लाख रुपए, लिली फार्म से पन्सोड़ा मार्ग निर्माण के लिए लगभग 28 लाख रुपए, जाबल बडाल रोपड़ी नालसू नाला मार्ग के निर्माण कार्य के लिए लगभग 16 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत नवगांव के विकास कार्यों के लिए लगभग 31.71 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से अधिकतम कार्य पूर्ण हो चुके है और शेष कार्य प्रगति पर है। उन्होंने स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नवगांव के प्रांगण के लिए 5 सोलर लाइट देने की घोषणा की। उन्होंने महिला मंडल डोरू के भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपए तथा यूथ क्लब समलोग को टेबल टेनिस के उपकरण क्रय करने के लिए 30 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

# पांवटा के आंजभोज क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव

**अनंत ज्ञान, शिलाई**

### महिलाओं को अल्ट्रासाउंड व प्रसव की सुविधा नहीं

जिला सिरमौर के पांवटा विधानसभा का आंजभोज क्षेत्र, जिसमें कुल बारह पंचायतें आती हैं, स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। इस कारण विशेषकर महिलाओं को अल्ट्रासाउंड व प्रसव जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। आंजभोज का अधिकांश हिस्सा दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में आता है। यहां के लोग अत्यंत मेहनतकश, सीधे-साधे और ईमानदार हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश इस पूरे क्षेत्र में अभी तक केवल एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ही मौजूद है, जहां वर्तमान में मात्र दो चिकित्सक और एक नर्स कार्यरत हैं। इतनी अधिक पंचायतों के बावजूद भी महिलाओं के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का न होना अत्यंत चिंताजनक है।

जनता और मीडिया ने भी समय-समय पर इस गंभीर समस्या को विभिन्न सरकारों, पक्ष व विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाया है। शिक्षित और जागरूक युवा वर्षो से राजनीति से ऊपर उठकर सभी नेताओं से इस जनहित के मुद्दे को प्राथमिकता देने की मांग कर रहे हैं। परिस्थिति इतनी गंभीर है कि यहां के आम लोग और विशेषकर गरीब परिवारों को मजबूरन चालीस किलोमीटर दूर पांवटा साहिब या उत्तराखंड की ओर जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में महिलाओं की जान को खतरा बढ़ जाता है और परिवार पर आर्थिक बोझ भी अत्यधिक पड़ता है। यह स्थिति स्थानीय क्षेत्र के दोनों राजनीतिक विचारधाराओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सक्रिय नेताओं के लिए भी आत्मचिंतन का विषय है, क्योंकि यह क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। स्थानीय जनता आग्रह करती है कि राजनीति से ऊपर उठकर, इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए सरकार और जनप्रतिनिधि तुरंत ठोस कदम उठाएं। तभी संभव है कि भविष्य में आंजभोज क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों और आम तथा विशेषकर गरीब जनता इनका लाभ उठा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### वेव एस्टेट में भव्य माता जागरण और भंडारा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लेन 4, ब्लॉक एफ-2, वेव एस्टेट सेक्टर 85 के निवासियों ने 15 नवंबर 2025 को मां दुर्गा को समर्पित भव्य जागरण का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भक्तों को भक्ति, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता से जोड़ना तथा नकारात्मक शक्तियों का नाश करने का संदेश प्रसारित करना था। जागरण में भक्तों ने पूरी भक्ति के साथ भजन-कीर्तन में भाग लिया और रात्रि भर मां दुर्गा के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। अगली सुबह, 16 नवंबर को माता का भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर प्रसाद ग्रहण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन आयोजन को सफल बनाने में सभी निवासियों का विशेष सहयोग और समर्पण रहा, जिससे कार्यक्रम को अत्यंत भक्तिमय और यादगार बना दिया।

### कैंथ ने की गुरु तेग बहादुर के शिष्यों के स्मारक की मांग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा पंजाब के उपाध्यक्ष परमजीत सिंह कैंथ ने प्रधानमंत्री और पंजाब सरकार को पत्र लिखकर गुरु तेग बहादुर जी के शिष्यों-भाई दयाल दास, भाई मति दास और भाई सती दास-के स्मरण में भव्य स्मारक बनाने की मांग की। इन शिष्यों ने 1675 में कश्मीरी पंडितों की आस्था की रक्षा के लिए मुगल बादशाह औरंगजेब की धार्मिक जबरन धर्मांतरण नीतियों के खिलाफ अपने प्राणों की आहुति दी। भाई मति दास, भाई दयाल दास और भाई सती दास को क्रूर तरीकों से शहीद किया गया, लेकिन उन्होंने गुरु साहिब के साथ दृढ़ता बनाए रखी। कैंथ ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की शहादत धार्मिक असहिष्णुता और अन्याय के खिलाफ प्रतिरोध का सशक्त संदेश है। उनका बलिदान धार्मिक स्वतंत्रता, मानवीय गरिमा और सभी धर्मों के अधिकारों की रक्षा का प्रतीक बन गया, और उन्हें 'हिंद-दी-चादर' की उपाधि दी गई।

### हिमाचल महासभा चंडीगढ़ ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हिमाचल महासभा रजि. चंडीगढ़ ने समुदाय केंद्र, सेक्टर 45 में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सेक्टर 44-डी शाखा और विश्वास फाउंडेशन के सहयोग से लगातार पांचवां रक्तदान शिविर आयोजित किया। मुख्यातिथि संजीव कुमार, डीजीएम यूनियन बैंक ने स्वयं रक्तदान कर कार्यक्रम को समर्पित किया। उपप्रधान दल्जीत जी ने सुरम्य गायन से रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। अध्यक्ष संजीव चड्ढा ने महासभा के पुनीत प्रयास की सराहना की। शिविर में लगभग 52 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। उप प्रधान संजीव कुमार के नेतृत्व में शिविर का संचालन हुआ, जिसमें शिशुपाल जी, सुरेंद्र शर्मा और रोशन भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। रक्तदाताओं के लिए गर्म दूध, काजू-बादाम पिन्नी, केले और भोजन की व्यवस्था की गई। अध्यक्ष पृथी सिंह प्रजापती ने सभी सदस्यों और सहयोगियों का धन्यवाद किया।

### जींद में किसानों ने जलाई पराली, 10 पुलिसकर्मी निलंबित

**अनंत ज्ञान, जींद।** धान की पराली जलाने के बढ़ते मामलों को रोकने में लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने दस पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इनमें पांच एएसआई रैंक के अधिकारी शामिल हैं। निलंबित कर्मियों में जयवीर, इकबाल, वीरेंद्र, रिषिपाल, राजेश समेत अलेवा, उचाना, गढ़ी, सदर नरवाना और सफीदों थानों के बीट कर्मचारी शामिल हैं। पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि कर्मचारियों को किसानों को बार-बार पराली न जलाने की चेतावनी देने और जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई थी। बावजूद इसके पराली जलाने की घटनाओं में कमी नहीं आई, जिससे निलंबन कार्रवाई की गई। एसडीएम जुलाना होशियार सिंह ने प्रमुख गांवों राजगढ़, बस्ता खेड़ा, जैजैवंती, गतौली, शाहपुर, ब्राह्मणवास, किलाफरगढ़, पौली, हथवाला, अकालगढ़ और बुढाखेड़ा लाठर का दौरा कर किसानों को चेताया कि पराली जलाना कानूनी अपराध है और यह पर्यावरण तथा स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। पुलिस की सख्ती और जागरूकता अभियान का उद्देश्य किसानों को नियम पालन के प्रति जिम्मेदार बनाना है।

# नारनौल में मुख्यमंत्री सैनी ने खोला विकास का पिटारा, करोड़ों की दी सौगात

## 19 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास, शिक्षा, स्वास्थ्य में बड़े सुधार



**अनत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को नारनौल की नई अनाज और सब्जी मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय महाराजा शुर सैनी जयंती समारोह में भाग लिया और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने शहीद राव तुलाराम की जयंती पर नसीबपुर स्थित राव तुलाराम शहीदी स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने समारोह में कहा कि अहीरवाल की भूमि वीरों की भूमि है, जहां राव तुलाराम और उनके साथियों ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया।

महाराजा शुर सैनी की प्रतापी और धर्मपालक छवि ने इस भूमि को और पवित्र बना दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लगभग 84 करोड़ रुपए की लागत वाली 19 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें आईटीआई भवन, राजकीय कॉलेज में टीचिंग ब्लॉक, राजकीय महिला कॉलेज की चारदीवारी और उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शामिल है। इसके अलावा, बिजली विभाग का नया सब-डिवीजन शुरू किया जाएगा, पुरानी तारों का नवीनीकरण होगा और नगर परिषद में पुराने नलों का कवर करने का कार्य भी किया जाएगा। सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों की भी जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने 13 अनधिकृत कॉलोनियों को जल्द स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। नारनौल के विकास कार्यों के लिए उन्होंने 5 करोड़ रुपए और अपने निजी खाते से 51 लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं, मंत्री महिपाल ढांडा, रणबीर गंगवा और आरती सिंह राव ने 11-11 लाख रुपए देने की घोषणा की। सीएम सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार संतों और महापुरुषों के संदेश को आमजन तक पहुंचाने और सभी वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने गरीबों के कल्याण और क्षेत्रीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# पंजाब बचाओ मोर्चा ने अवैध धर्मांतरण रोकने की मांग उठाई



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब में बढ़ते अवैध धर्मांतरण और भ्रामक धार्मिक गतिविधियों को रोकने हेतु पंजाब बचाओ मोर्चा ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। अध्यक्ष तेजस्वी मिन्हास की अगुवाई में हुए कार्यक्रम में राज्यभर से कई ईसाई पादरी और सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मोर्चा ने आरोप लगाया कि कुछ स्वयंभू 'ईसाई पादरी' जादू-टोने, झूठे चमत्कार और लालच के जरिए कमजोर वर्गों को धर्म बदलने के लिए भड़का रहे हैं, जो संविधान और सामाजिक सौहार्द दोनों के खिलाफ है। वक्ताओं के अनुसार पंजाब में अब एंटी-कन्वर्जन कानून की आवश्यकता अत्यंत जरूरी हो गई है।

सम्मेलन में शामिल ईसाई पादरियों ने कहा कि ऐसे भ्रामक डेरे असली ईसाई धर्म का प्रतिनिधित्व नहीं करते। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईसाई धर्म में 'तुरंत चमत्कार' या 'जादुई इलाज' की कोई मान्यता नहीं है और ऐसे अनधिकृत केंद्र बीमार और गरीब लोगों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। मिन्हास ने जनगणना व अन्य स्थानीय आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि प्रदेश में पिछले वर्षों में ईसाई धर्म अपनाने वालों की वास्तविक संख्या सरकारी आंकड़ों से कहीं अधिक है, जिसे कई लोग सामाजिक कारणों से छिपा भी लेते हैं।

मोर्चा ने सरकार से मांग की कि अवैध डेरों की जांच, विदेशी फंडिंग पर निगरानी, झूठे चमत्कारों पर रोक और पंजाब में एंटी-कन्वर्जन बिल लागू किया जाए। इस अवसर पर सुखजिंद्र गिल, डॉ. अल्फ्रेड जेम्स, जगदीश मसीह, एडवोकेट विशाल विनायक, पदमदीप सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उझानिया फाउंडेशन ने चंडीगढ़ में प्रतिभाशाली बच्चे किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



उझानिया फाउंडेशन ने रविवार को चंडीगढ़ में प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में सीखने की रुचि, रचनात्मकता और जागरूकता को बढ़ावा देना था, साथ ही शिक्षा और समग्र विकास के महत्व को रेखांकित करना था।

कार्यक्रम में केएस ग्रुप ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। उन्होंने बच्चों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाले स्टेशनरी किट उपलब्ध करवाए, जिससे बच्चों का उत्साह बढ़ा और उनकी शैक्षणिक यात्रा को नई ऊर्जा मिली। एडवोकेट प्रद्युमन गर्ग ने बच्चों की शिक्षा, कानूनी जागरूकता और अधिकारों पर प्रेरक सत्र प्रस्तुत किया। उनके विचारों ने बच्चों, अभिभावकों और स्वयंसेवकों को नई दिशा दी तथा आधुनिक समाज में बच्चों के अधिकारों के महत्व को मजबूती से उजागर किया।

कार्यक्रम का संचालन आदित्य दिवान द्वारा किया गया, जबकि को-हेड कमना ने इसकी सफलता में अहम भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व और टीमवर्क ने बाल दिवस के इस आयोजन को यादगार बना दिया। उझानिया फाउंडेशन शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से बच्चों को सशक्त बनाने के अपने प्रयास आगे भी जारी रखेगा।

# स्टार पब्लिक स्कूल ने मनाया 29वां भव्य वार्षिकोत्सव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** स्टार पब्लिक स्कूल ने सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान के ऑडिटोरियम में अपना 29वां वार्षिकोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया। यह समारोह छात्रों की रचनात्मकता, विविध प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और प्रधानाचार्या श्रीमती सुमन शर्मा के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या उपलब्धियों को रेखांकित किया। कल्चरल प्रस्तुतियों में गणेश वंदना, मधुर शबद, नर्सरी से कक्षा 3 तक के रंगारंग नृत्य, जीवंत पंजाबी प्रस्तुति, वरिष्ठ छात्राओं का समूह गान, अंग्रेजी गीत और कराटे प्रदर्शन शामिल थे, जिनकी दर्शकों ने सराहना की।

मुख्यातिथि, पीजीजीसीजी-42 की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) अनीता कौशल ने मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। बाल कल्याण परिषद की अध्यक्ष एवं संवेदना संगठन की संस्थापक श्रीमती प्राजक्ता अवध ने प्रेरक संबोधन दिया।

समारोह का समापन कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थियों की शक्तिशाली प्रस्तुति 'ऑपरेशन सिंदूर' के साथ हुआ, जिसने दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। यह वार्षिकोत्सव स्कूल की उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

# विश्व स्मरण दिवस पर सेफ ने सड़क सुरक्षा का संदेश किया बुलंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित ट्रैफिक पीड़ितों के विश्व स्मरण दिवस पर सड़क सुरक्षा संस्था सेफ-सेफ्टी अलायंस फॉर एवरीवन ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में भावनात्मक और प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किया। इस वर्ष की थीम 'लॉस्ट टैलेंट्स' सड़क हादसों में खोई अनमोल प्रतिभाओं को समर्पित रही।

कार्यक्रम में ए.एस. राय, आईपीएस, स्पेशल डीजीपी (रोड सेफ्टी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट) और पूर्व सांसद मोहिंद्र सिंह केपी उपस्थित रहे, जिन्होंने हाल ही में सड़क दुर्घटना में अपने पुत्र को खोया। एएस राय ने कहा कि दुर्घटनाएं रोकी जा सकती हैं और एसएसएफ के डेटा-आधारित मॉडल ने मौतों में 48 प्रतिशत कमी लाकर यह साबित किया है। सेफ ने भारत में प्रतिदिन होने वाली 473 मौतों का प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व करते हुए 473 मोमबत्तियां जलाईं। एसएसएफ के जवानों को सम्मानस्वरूप पौधे भेंट किए गए—संदेश के साथ, 'आपकी कार्रवाई जीवन बचाती है।' पीड़ित परिवारों को भी श्रद्धांजलि स्वरूप पौधे प्रदान किए गए।

चेयरमैन रूपिंदर सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं आकस्मिक नहीं, बल्कि पहचाने जा सकने वाले कारणों और रोके जा सकने वाली कमियों का परिणाम हैं। सेफ लगातार जागरूकता और जनहित पहलों के लिए प्रतिबद्ध है।

## देश-विदेश

# पुतिन और नेतन्याहू में गाजा के मुद्दे पर पहली बार फोन पर हुई बात

**एजेंसी, मॉस्को**

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच गाजा मुद्दे पर पहली बार शनिवार रात फोन पर बातचीत हुई। यह वार्ता खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अमेरिकी प्रस्ताव पर मतदान से ठीक पहले गाजा पट्टी में युद्धविराम समझौते के कार्यान्वयन और मानवाधिकारों के संदर्भ में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

दोनों नेताओं ने इस दौरान मध्य पूर्व की तनावपूर्ण स्थिति पर गहन विचार-विमर्श किया। एएनआई न्यूज के अनुसार, इसराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने स्पष्ट किया कि वार्ता की पहल रूस की ओर से की गई। नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार यह हाल की शृंखला में एक और कॉल थी, जो क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित रही। क्रेमलिन ने बताया कि दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति पर 'गहन विचारों का आदान-प्रदान' किया, जिसमें गाजा पट्टी के विकास, युद्धविराम समझौते का अमल, हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की अदला-बदली, ईरान के परमाणु कार्यक्रम की स्थिति और सीरिया में आगे स्थिरता बढ़ाने के प्रयास शामिल थे। इसराइल और रूस के बीच यह वार्ता ऐसे समय में हुई जब 17 नवंबर को यूएनएससी में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित संकल्प पर मतदान होना है। यह प्रस्ताव राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 20 सूत्री गाजा योजना पर आधारित है। (अनंत ज्ञान)

# वेनेजुएला में सैन्य अभियान शुरू करने के संकेत: 15 हजार सैनिक तैनात

**एजेंसी, वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि वह वेनेजुएला में सैन्य अभियान शुरू करने की तैयारी से आश्वस्त हैं। अमेरिकी सेना ने पेंटागन के ऑपरेशन सदर्न स्पीयर अभियान के तहत एक दर्जन से अधिक युद्धपोत और 15,000 सैनिकों को इस क्षेत्र में तैनात कर दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सैन्य अधिकारियों ने इस सप्ताह ट्रंप को वेनेजुएला के अंदर सैन्य अभियानों के विकल्पों के बारे में जानकारी दी है। ट्रंप इस समय राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने के लिए एक बड़े अभियान को शुरू करने के जोखिमों और लाभों का आकलन कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया कि वह प्रवासियों और नशीली दवाओं के अवैध प्रवाह को कम करने और सत्ता परिवर्तन की संभावना को आगे बढ़ाने के करीब पहुंच रहे हैं। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि मैंने अपना मन बना लिया है। यह नहीं बता सकता कि क्या होगा, लेकिन मैंने लगभग तय कर लिया है कि वेनेजुएला के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# मेक्सिको में भ्रष्टाचार के खिलाफ हजारों लोगों का प्रदर्शन, मेयर की मौत से गुस्साए

**एजेंसी, मेक्सिको**



**मेक्सिको** में को हजारों GenZ बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार, हिंसा में मिल रही छूट, सार्वजनिक हत्या औरा सुरक्षा की कमी के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। यह गुस्सा एक मेयर की सार्वजनिक हत्या के बाद और भड़क गया। मेक्सिको के पश्चिमी राज्य मिचोआकेन में 1 नवंबर को उरुअपन के मेयर कार्लोस मंजो की एक प्रोग्राम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गुस्साए GenZ ने राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास नेशनल पैलेस की सुरक्षा दीवारों को गिरा दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरों, हथौड़े, पटाखों, लाठियों और जंजीरों से हमला किया। इन्हें रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी। राजधानी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने द इंडिपेंडेंट को बताया कि प्रदर्शन में 120 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी हैं। वहीं 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़ में 3 इनामी माओवादी मारे गए

**एजेंसी, सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के थाना भेज्जी एवं चिंतागुफा के सीमावर्ती क्षेत्र तुमालपाड़ जंगल हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 3 माओवादियों को मार गिराया। इसमें 2 महिला माओवादी सहित 3 माओवादी कैडरों के शव डीआरजी टीमों द्वारा बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा जिले के थाना भेज्जी एवं चिंतागुफा के सीमावर्ती क्षेत्र के तुमालपाड़ जंगल एवं पहाड़ी इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की टीम द्वारा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। सर्च अभियान के दौरान रविवार सुबह से डीआरजी जवानों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हुई। तुमालपाड़ मुठभेड़ स्थल से अब तक 2 महिला माओवादी सहित कुल 03 माओवादी कैडर मारे गए हैं। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से .303 राइफल एवं अन्य हथियार, गोला-बारूद सामग्री भी बरामद की गई है। (अनंत ज्ञान)

### मॉस्को में भारत-रूस के बीच व्यापार बढ़ाने को लेकर बैठकें, शुल्क बाधाएं घटाने पर योजना तय

# 100 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य पर फोकस

**एजेंसी, मास्को**

**भारत** और रूस के बीच साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने मॉस्को में कई अहम बैठकें कर एफटीए की प्रगति, व्यापार बढ़ाने के रास्ते, आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने, गैर शुल्क बाधाएं घटाने, प्रमाणन और भुगतान सिस्टम जैसी सभी प्रमुख चुनौतियों पर बात की और आगे की कार्य योजना तय की। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, राजेश अग्रवाल ने यूरोशियन इकोनॉमिक कमीशन के व्यापार मंत्री एंड्री स्लेपनेव के साथ बातचीत में एफटीए के अगले कदमों पर समीक्षा की। दोनों देशों के बीच इसी साल 20 अगस्त को तय हुए टर्म्स ऑफ रेफरेंस के आधार पर 18 महीने की जो कार्ययोजना बनाई गई थी, उसकी प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय किसानों, मछुआरों और एमएसएमई को नए बाजार उपलब्ध कराना है। दोनों पक्ष आगे की बातचीत में सेवाओं और निवेश को भी शामिल करेंगे। रूस के उद्योग और व्यापार उप मंत्री मिखाइल युरिन के साथ बैठक में व्यापार विविधीकरण बढ़ाने, महत्वपूर्ण खनिजों में साझेदारी करने और फार्मा, टेलीकॉम उपकरण, मशीनरी, चमड़ा, ऑटोमोबाइल और रसायन जैसे क्षेत्रों में तेजी से सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। साथ ही यह भी तय हुआ कि हर तिमाही प्रमाणन, कृषि और समुद्री उत्पादों की लिस्टिंग, बाजार में एकाधिकार रोकने और अन्य गैर शुल्क बाधाओं पर नियामक स्तर पर चर्चा की जाएगी।

कंपनियों के लिए लॉजिस्टिक्स, भुगतान व्यवस्था और मानकों को आसान बनाने के उपायों पर भी बात हुई। भारतीय और रूसी कंपनियों के साथ नेटवर्किंग सत्र में वाणिज्य सचिव ने कारोबारियों से कहा कि वे अपनी योजनाओं को 2030 के व्यापार लक्ष्य के अनुरूप तैयार करें। उन्होंने भारत में लॉजिस्टिक्स सुधार, डिजिटल पब्लिक सिस्टम और संयुक्त निवेश व उत्पादन के अवसरों पर भी जोर दिया। दोनों देशों ने यह भी माना कि आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करना, निर्यात बढ़ाना और बातचीत को ठोस समझौतों में बदलना आर्थिक विकास और रोजगार के लिए जरूरी है। (अनंत ज्ञान)

# अंतरिक्ष यान का निर्माण होगा तीन गुना, 2028 में चंद्रयान-4 का होगा प्रक्षेपण : इसरो अध्यक्ष

**एजेंसी, कोलकाता**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि इसरो ने इस वित्त वर्ष में सात और प्रक्षेपणों की योजना बनाई है और भारत का पहला मानव अंतरिक्ष यान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2027 में ही भेजा जाएगा। नारायणन ने 'पीटीआई' से साक्षात्कार में कहा कि इसरो विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं उद्योग क्षमता में तेजी से विस्तार के चरण की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसरो चालू वित्त वर्ष के अंत से पहले सात और प्रक्षेपणों का लक्ष्य लेकर चल रहा है जिनमें एक वाणिज्यिक संचार उपग्रह और कई पीएसएलवी (ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान) एवं जीएसएलवी



(भू तुल्यकाली उपग्रह प्रक्षेपण यान) मिशन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान पूरी तरह से भारतीय उद्योग द्वारा निर्मित पहले पीएसएलवी का प्रक्षेपण मील का पत्थर साबित होगा। इसरो प्रमुख ने कहा कि सरकार ने चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दे दी है जिसे चंद्र नमूना-वापसी मिशन के रूप में डिजाइन किया गया है और यह भारत का अब तक का सबसे जटिल चंद्र अभियान होगा। उन्होंने कहा, 'हमने चंद्रयान-4 के लिए 2028 का लक्ष्य रखा है।' एक अन्य प्रमुख मिशन 'लूपेक्स' है जो जाक्सा (जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी) के साथ किया जाने वाला संयुक्त चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण कार्यक्रम है। नारायणन ने कहा कि इसरो मिशन के कारण बढ़ती मांग के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए अगले तीन साल में अपने वार्षिक अंतरिक्ष यान उत्पादन को तिगुना करने पर भी काम कर रहा है। चंद्रयान-4 चंद्रमा से नमूने वापस लाने का प्रयास करेगा। यह एक ऐसी क्षमता है, जिसका प्रदर्शन अभी तक केवल अमेरिका, रूस और चीन ने ही किया है। लूपेक्स का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ का अध्ययन करना है। (अनंत ज्ञान)

# क्षेत्रीय विकास के लिए भारत-बहरीन के बीच और मजबूत होगी द्विपक्षीय साझेदारी

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

> जयशंकर ने समकक्ष अब्दुल्लातिफ से की वार्ता

भारत और बहरीन क्षेत्रीय विकास के लिए अब और अधिक मजबूती से मिलकर काम करेंगे। इसे लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बहरीन के अपने समकक्ष अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायनी के साथ फोन पर बातचीत की है। जयशंकर ने 'एक्स' पर बताया कि बहरीन और भारत के बीच 'दीर्घकालिक बहुआयामी साझेदारी' को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर ने न्यूयॉर्क के दौरे के दौरान यह वार्ता की है।

जयशंकर ने न्यूयॉर्क से ही अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'बहरीन के विदेश मंत्री डॉ.अब्दुलातिफ बिन राशिद अल जायनी से फोन पर बात करके अच्छा लगा।' दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी चर्चा की।

जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों की दीर्घकालिक बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। साथ ही वर्तमान क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बता दें कि इससे पहले दोनों मंत्रियों ने इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में व्यापक चर्चा के दौरान कहा था कि दोनों देश एक निवेश समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच गए हैं। उस वक्त भारत और बहरीन ने एक महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने की घोषणा की थी। (अनंत ज्ञान)

# 'तीनों सेनाओं के बीच बेहतरीन तालमेल', नई तकनीक से भविष्य के युद्ध स्मार्ट होंगे: सीडीएस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना में तेजी से बढ़ रही संयुक्तता के बावजूद तीनों सेवाओं की अलग पहचान बनी रहेगी। पहलगाम हमले के बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर में दिखी बेहतरीन तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि नई क्षमताएं, साझा संसाधन और तकनीक-आधारित तैयारी भारत को भविष्य के युद्धों में बढ़त दिलाएंगी, जहां जीत स्मार्ट और तेज रणनीतियों से तय होगी। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल चौहान ने कहा कि हाल ही में हुई ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल से 7 मई के बीच कई महत्वपूर्ण सैन्य संसाधनों को पश्चिमी सीमा की ओर शिफ्ट करना पड़ा और यह काम बेहद सहज तरीके से, सिर्फ एक स्टार रैंक के अधिकारी स्तर पर ही पूरा हो गया। (अनंत ज्ञान)



# यूएनडीपी प्रमुख बोले- भारत कर रहा जलवायु जिम्मेदारी निभाते हुए विकास, दुनिया सीखे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संयुक्त** राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत ने यह दिखाया है कि आर्थिक विकास और सामाजिक समावेश एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि समतापूर्ण विश्व बनाने के लिए दुनिया को भारत से सीखने की जरूरत है। यूएनडीपी के कार्यवाहक प्रशासक हाओलियांग शू ने कहा कि भारत के विकास की कहानी न केवल आर्थिक प्रगति के बारे में नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी है कि प्रौद्योगिकी और सहभागी शासन साथ-साथ चल सकते हैं।

शू ने कहा कि जलवायु अनुकूलन, नवीकरणीय ऊर्जा और समावेशी डिजिटल वित्त के प्रति भारत की प्रतिबद्धता विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने का एक उदाहरण पेश करती है। उन्होंने कहा कि भारत इस तरह विकास कर रहा है जो आर्थिक रूप से मजबूद्य और जलवायु-उत्तरदायी दोनों हों। डिजिटलीकरण और जलवायु कार्रवाई सहित सहयोग के नए क्षेत्रों को मजबूत करने और उनकी पहचान करने के लिए हाओलियांग शू भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं। यूएनडीपी के नवीनतम मानव विकास सूचकांक से पता चलता है कि मानव विकास में वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निचले स्तर पर आ गई है और पिछले दो वर्षों से यह लगभग स्थिर है। शू ने जलवायु परिवर्तन और गरीबी सहित विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के विकास मॉडल की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

# आतंकवाद के खिलाफ कठोर और असरदार एक्शन उठाने की जरूरत: थरूर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा, 'आतंकवाद 1989-90 में कश्मीर से शुरू हुआ और धीरे-धीरे मुंबई, पुणे, दिल्ली तक फैल गया है। भारत पिछले 30 साल से आतंकवाद से चुनौती झेल रहा है। अब इस पर कठोर और असरदार एक्शन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हर आतंकी घटना में दो चीजें बेहद अहम होती हैं। यह पता लगाना कि वारदात किसने और क्यों की और ऐसे हमलों को दोबारा होने से रोकने के उपाय। हर मुद्दे को युद्ध और शांति के चश्मे से नहीं परखा जा सकता। आतंकवाद पर सख्ती जरूरी है, लेकिन देश के विकास के बड़े लक्ष्य को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत के धनुष ने डेफलिम्पिक्स में एयर राइफल में जीता स्वर्ण, मुर्तजा को रजत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** धनुष श्रीकांत ने रविवार को टोक्यो में डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में पुरुषों की एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ भारत के लिए खाता खोला। भारत के मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने 250.1 के अंतिम स्कोर के साथ रजत पदक, जबकि कोरिया के बेक सेउंगहाक ने 223.6 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। श्रीकांत ने 252.2 अंक बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में भारत के पदकों की संख्या अब दो हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### थीगाला बरमूडा चैंपियनशिप में संयुक्त 39वें स्थान पर पहुंचे

**एजेंसी, साउथम्पटन (बरमूडा)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहिथ थीगाला बटरफील्ड बरमूडा चैंपियनशिप के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 39वें स्थान पर आ गए हैं। पहले दो दौर में 76 और 65 का कार्ड खेलने वाले थिगाला ने तीसरे दौर में तेज हवाओं के बीच 71 का स्कोर बनाया। अब उनका कुल स्कोर दो अंडर हो गया है। दूसरे दौर के बाद वह संयुक्त रूप से 46वें स्थान पर थे। इस बीच एडम शेंक ने बोगी रहित राउंड खेला और चार अंडर 67 का स्कोर बनाया, जिससे वह ब्रैडेन थॉर्नबेरी के साथ संयुक्त बढ़त पर आ गए। (अनंत ज्ञान)

### गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पहला ओवर न देना सवालों के घेरे में: कुंबले

**एजेंसी, कोलकाता।** अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर अनिल कुबले ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में भारत की 30 रन से हार के बाद कहा कि ईडन गार्डंस की चुनौतीपूर्ण पिच पर तीसरे दिन का खेल के शुरू में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को गेंद नहीं सौंपना सवाल पैदा करता है। भारतीय टीम 124 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 93 रन पर आउट हो गई और इस तरह से पहला टेस्ट मैच तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही समाप्त हो गया। कुंबले ने जियो हॉटस्टार पर कहा, ''124 रन का लक्ष्य थोड़ा ज्यादा था। दक्षिण अफ्रीका को दिन की शुरुआत में केवल 63 रन की बढ़त हासिल थी और उसके तीन विकेट बचे हुए थे। तेम्बा बावुमा अभी खेल रहे थे। ऐसी परिस्थितियों में फैला हुआ क्षेत्ररक्षण और अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को पहला ओवर न देना सवाल खड़े करता है। दक्षिण अफ्रीका के आज गिरे तीनों विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए।'' कुंबले ने दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस साल की शुरुआत में टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जीत दिलाने के बावजूद उन्हें हमेशा वह श्रेय नहीं मिलता जिसके वह हकदार हैं। उन्होंने कहा, ''कुल मिलाकर भारत दक्षिण अफ्रीका से पिछड़ गया। इसका श्रेय बावुमा को जाता है। उन्हें कप्तान के रूप में वह पहचान नहीं मिली जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान के रूप में 11 में से 10 टेस्ट मैच जीते हैं और उनके लिए टेस्ट चैम्पियनशिप जीती है। उन्हें उस तरह का श्रेय नहीं मिलता जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के अन्य कप्तानों को मिलता है।'' पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, ''बल्लेबाज़ के रूप में भी उन्होंने दो बेहतरीन पारियां खेली हैं। पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में और दूसरी अब यहां। उन्होंने एक खिलाड़ी और कप्तान दोनों रूप में शानदार प्रदर्शन किया है।'' (अनंत ज्ञान)

### हरलीन देओल का लाजवाब अंदाज

**नई दिल्ली।** वैसे तो भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एक-एक खिलाड़ी लाजवाब है, लेकिन 27 साल की हरलीन देओल स्टाइल में सबसे आगे निकल जाती हैं। उनका स्टाइल ऐसा है जैसे वह कोई क्रिकेटर नहीं हीरोइन हों। छोटे-से शॉर्ट्स पहन भी वह बेहद हसीन नजर आ रही हैं।



## कोलकाता टेस्ट में चलाई धूल, 30 रन से दी शिकस्त

# द. अफ्रीका से पहला टेस्ट हारा भारत

**एजेंसी, कोलकाता**



भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान पर खेला जा रहा था। मैच के तीसरे दिन ही भारत को करारी हार का सामना करना पड़ा। साउथ अफ्रीका की टीम ने भारतीय टीम को 30 रन से हरा कर पहला टेस्ट मैच जीत लिया।

साउथ अफ्रीका ने 15 सालों के बाद टीम इंडिया को भारत में कोई टेस्ट मैच हराया है। इस हार के साथ ही टीम इंडिया इस सीरीज में 0-1 से पीछे हो गई है। पिछले 6 घरेलू टेस्ट मैच में टीम इंडिया 4 मैच हार गई है। साउथ अफ्रीका ने इस मैच में टीम इंडिया को जीत के लिए 124 रनों का लक्ष्य दिया था और भारत 93 रन पर ऑलआउट हो गया। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने 31 रन की पारी खेली, दूसरी ओर साउथ अफ्रीका की ओर से साइमन हार्मर ने 4 विकेट तो वहीं, केशव महाराज और मार्को जानसेन ने दो विकेट चटकाए। मार्करम एक विकेट लेने में सफल रहे।

बता दें कि तीसरे दिन साउथ अफ्रीका की दूसरी पारी 153 पर आउट हो गई। भारत को साउथ अफ्रीका ने 124 रनों का टारगेट दिया था। साउथ अफ्रीका की ओर से टेम्बा बावुमा ने 55 रन की नाबाद पारी खेली, भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट जडेजा ने चटकाए। जडेजा ने दूसरी पारी में 4 विकेट अपने नाम किए, सिराज और कुलदीप 2-2 विकेट लेने में सफल रहे। बुमराह और अक्षर पटेल एक विकेट हासिल कर पाए। साउथ अफ्रीका की बात करें तो उन्होंने 15 साल के बाद भारतीय सरजमीं पर कोई टेस्ट मैच जीता है। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने भारत में आखिरी बार टेस्ट मैच साल 2010 में नागपुर में जीता था। उस मैच को साउथ अफ्रीका ने एक पारी और 6 रन से अपने नाम की थी। उस वक्त एमएस धोनी टीम इंडिया के कप्तान थे। वहीं इस बार शुभमन गिल की कप्तानी टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका के खिलाफ घर पर हार का सामना करना पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

## भारत की हार से डब्ल्यूटीसी टेबल में बड़ी उथल-पुथल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोलकाता के ईडन गार्डंस में रविवार को दक्षिण अफ्रीका के हाथों 30 रनों से मिली हार ने सिर्फ भारतीय क्रिकेट फैंस को निराश नहीं किया, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) प्वॉइंट्स टेबल में भी भूचाल ला दिया है। 124 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम महज 93 रनों पर सिमट गई, जिसके चलते भारत 2012 के बाद पहली बार ईडन गार्डंस में टेस्ट मैच हारा। कप्तान शुभमन गिल की गर्दन की चोट के कारण दूसरी पारी में अनुपस्थिति टीम इंडिया को काफी महंगी पड़ी और इस हार का सीधा असर डब्ल्यूटीसी की रैंकिंग पर पड़ा है।

भारत फिसलकर चौथे स्थान पर, दक्षिण अफ्रीका की बड़ी छलांग इस अप्रत्याशित हार के कारण डब्ल्यूटीसी प्वॉइंट्स टेबल में भारत को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आठ मैचों में चार जीत और तीन हार के साथ भारत सीधे चौथे स्थान पर खिसक गया है। वहीं, भारत को हराने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम ने तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ लंबी छलांग लगाते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया है।

तीन मैचों में तीन जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया पहले पायदान पर बरकरार है। श्रीलंका एक जीत और एक ड्रॉ के साथ तीसरे स्थान पर है। यह उलटफेर न सिर्फ भारत के लिए निराशाजनक है, बल्कि यह पाकिस्तान जैसी अन्य टीमों के लिए भी मुश्किलें बढ़ा सकता है। पाकिस्तान को भी लगा झटका, डब्ल्यूटीसी की दौड़ हुई रोमांचक रैंकिंग में फिसलते हुए पाकिस्तान चौथे स्थान से सीधे पांचवें स्थान पर खिसक गया है। कुल-मिलाकर, इस एक हार ने श्रीलंका, भारत और पाक तीनों एशियाई टीमों को एक-एक स्थान नीचे धकेल दिया है, जिससे डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ अत्यधिक रोमांचक हो गई है। अब भारतीय टीम पर दबाव दोगुना हो गया है-उन्हें न केवल सीरीज बचानी है, बल्कि डब्ल्यूटीसी प्वॉइंट्स टेबल में अपनी स्थिति सुधारने के लिए गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट को हर हाल में जीतना होगा। (अनंत ज्ञान)

**पाकिस्तान को भी लगा बड़ा झटका**

## ऋषभ पंत बोले-हमें इस लक्ष्य को हासिल करना चाहिए था

**एजेंसी, कोलकाता**



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 124 रन का पीछा नहीं कर पाने पर अफसोस जताते हुए उपकप्तान ऋषभ पंत ने रविवार को कहा कि बल्लेबाजों को ईडन गार्डंस की मुश्किल पिच पर खेलने की चुनौती के अनुकूल ढल जाना चाहिए था। भारतीय टीम दूसरी पारी में 93 रन पर ढेर हो गई, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 30 रन की जीत से दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

चोटिल होने के कारण नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में आए पंत ने कहा ''इस तरह के मैच के बाद आप इसके बारे में ज्यादा सोचते हुए नहीं रह सकते। हमें इस लक्ष्य को हासिल करना चाहिए था। दूसरी पारी में दबाव बढ़ता जा रहा था। हम फायदा नहीं उठा पाए। विकेट से (गेंदबाजों को) मदद मिल रही थी।'' पंत ने कहा कि मेजबान टीम गुवाहाटी में दूसरे टेस्ट मैच में मजबूती से वापसी करेगी। उन्होंने आगे कहा, ''इस तरह की मुश्किल पिचों पर 120 रन का स्कोर मुश्किल हो सकता है, लेकिन फिर भी हमें दबाव झेलकर बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। हमने सुधारों के बारे में नहीं सोचा है, लेकिन हम निश्चित रूप से मजबूत वापसी करेंगे।'' उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी कप्तान तेम्बा बावुमा और कॉर्बिन बॉश के बीच आठवें विकेट के लिए हुई 44 रन की साझेदारी मैच का 'टर्निंग प्वाइंट' थी। पंत ने कहा, ''तेम्बा और बॉश ने सुबह अच्छी साझेदारी की। उनके बीच की इस साझेदारी से हमें नुकसान पहुंचा।'' दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा ने अपनी टीम को मैच में बनाए रखने का श्रेय गेंदबाजों को दिया। बावुमा ने कहा, ''हम इन मैचों के नतीजे में सही तरफ रहना चाहते हैं। यह हमारे लिए मुश्किल था और हमें वापसी के लिए गेंदबाजों की जरूरत थी।'' उन्होंने कहा, ''हम अपने गेंदबाजों को बार-बार बदलते रहे जो हमारे लिए कारगर रहा। (अनंत ज्ञान)

## ताइफोंग ओपन गोल्फ में अजीतेश सर्वश्रेष्ठ भारतीय

**एजेंसी, ताइपे।** अजीतेश संधू ताइवान ग्लास ताइफोंग ओपन के चौथे और आखिरी दौर में 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 22वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे। एस चिक्कारंगप्पा (70) संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहे। थाईलैंड के एकफारित वू ने अंतिम दौर में स्थानीय खिलाड़ी हंग चिएन-याओ को दो शॉट से हराकर अपने पदार्पण सत्र में एशियाई टूर पर अपना पहला खिताब जीता। 26 वर्षीय वू ने पार-72 कोर्स पर पांच अंडर-पार 67 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 20 अंडर का रहा। भारत के खालिन जोशी (71) संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे, जबकि विराज मदप्पा (72) संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर रहे। पुखराज सिंह गिल (72) संयुक्त रूप से 56वें स्थान पर रहे। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय हैंडबॉल टीम में हिमाचल की छह महिला खिलाड़ी शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



मुस्कान बनी कप्तान

आगामी 17 से 22 नंबवर थाईलैंड में होने वाली यूथ वुमन हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारतीय हैंडबॉल टीम में हिमाचल प्रदेश की छह महिला खिलाड़ियों को स्थान मिला है जो कि प्रदेश के गौरव का विषय है। इसके साथ ही इस टीम की कप्तानी भी हिमाचल की बेटी मुस्कान करेगी।

हिमाचल की महिला खिलाड़ियों में कनिष्का, नेहा चैहान, पायल ठाकुर, शिवानी देवी, वंशिका और मुस्कान शामिल है। यह टीम आज थाईलैंड के लिए रवाना हो गई। गौर हो कि यह सभी महिला खिलाड़ी हैंडबॉल नर्सरी मोरसिंघी के तत्वावधान में हैंडबाल खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी की कोच स्नेहलता ने इन बेटियों के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ इनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की है। इसके साथ ही भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष व सांसद अनुराग ठाकुर, महासचिव राजेश भंडारी, कोषाध्यक्ष अमिताभ शर्मा, एम्च्योर हैंडबॉल एसोशिएशन हिमाचल प्रदेश के प्रधान कुलदीप राणा, महासचिव क्रांति सिंह, कोषाध्यक्ष प्रवीण दूबे तथा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भारतीय टीम को बधाई प्रेषित की है तथा हिमाचल का गौरव बनी बेटियों को भी बधाई दी है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद की है।

## स्पेन विश्व कप में जगह बनाने के करीब, बेल्जियम ने खेला ड्रॉ

**एजेंसी, बार्सिलोना (स्पेन)**



मिकेल ओयारजाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने विश्व कप क्वालीफाइंग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जॉर्जिया को 4-0 से हराकर अगले साल होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

स्पेन की टीम ने ग्रुप चरण में पांच मैच में जीत हासिल की है। उसने अब तक 19 गोल किए हैं और उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ है। यूरोपीय चैंपियन मंगलवार को अपने अंतिम क्वालीफायर में तुर्किये से भिड़ेगा। स्पेन ग्रुप-ई में तुर्किये से तीन अंक आगे है, जिसने शनिवार को बुल्गारिया को 2-0 से हराया था। यूरोपीय क्वालीफिकेशन के 12 ग्रुप विजेता सीधे विश्व कप में प्रवेश करेंगे। फ्रांस, इंग्लैंड और क्रोएशिया अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पक्का करके विश्व कप में जगह बना चुके हैं। इस बीच बेल्जियम का इंतजार बढ़ गया। कजाकिस्तान ने बेल्जियम को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। बेल्जियम ग्रुप जे में उत्तरी मैसेडोनिया से दो अंक आगे शीर्ष पर है। ग्रुप जे में ही जॉर्डन जेम्स के गोल की मदद से वेल्स ने लिचटेंस्टीन पर 1-0 से जीत हासिल की। यूनान ने ग्रुप सी में स्कॉटलैंड को 3-2 से हराया, जबकि डेनमार्क ने बेलारूस के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। स्वीडन को 4-1 से हराकर स्विट्जरलैंड ग्रुप बी में शीर्ष पर बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल और रियान पराग दरकिनार

## रवींद्र जडेजा बनेंगे राजस्थान रॉयल्स के कप्तान!

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राजस्थान रॉयल्स के पहले खिताबी सीजन में अपने आईपीएल डेब्यू के 17 साल बाद रवींद्र जडेजा वहीं लौट आए हैं, जहां से उन्होंने शुरुआत की थी। सौराष्ट्र के इस ऑलराउंडर को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से रॉयल्स के लंबे समय तक कप्तान रहे संजू सैमसन के बदले ट्रेड किया है। ज्ञात हो कि 2010 में नीलामी के बाहर अनुबंध पर बातचीत करने की कोशिश के बाद एक विवादास्पद प्रतिबंध के बाद उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा था। अब महीनों की बातचीत के बाद हुई इस ट्रेड डील ने सैमसन के भविष्य को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर भी विराम लगा दिया है।

विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू ने राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट टीम को 2024 के फाइनल और 2023 के प्लेऑफ में पहुंचाया था। भारी भरकम रकम पर रिटेन किए जाने के बावजूद उन्होंने एक नई शुरुआत की इच्छा जताई थी। इस तरह सीएसके में जाने के साथ ही फ्रैंचाइजी के साथ उनका 11 साल का जुड़ाव खत्म हो गया है।

रॉयल्स के लिए जडेजा एक महत्वपूर्ण कमी को पूरा कर सकते हैं। मध्यक्रम को संभालने के साथ ही वह कसी हुई गेंदबाजी करने और विदेशी खिलाड़ियों पर निर्भरता कम कर सकते हैं। उनके आने से टीम को नया संतुलन और लचीलापन मिलेगा। फ्रैंचाइजी के करीबी सूत्रों ने पुष्टि की है कि जडेजा कप्तानी के प्रबल दावेदार हैं और कुछ महीनों में इसकी आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल और रियान पराग से आगे होने की संभावना वाले नेतृत्व की भूमिका जडेजा की लंबे समय से चली आ रही महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सकती है। टीओआई की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि जडेजा को राजस्थान रॉयल्स की कमान सौंपी जाएगी। इसका ऐलान जनवरी में किया जाएगा। जडेजा के साथ सीएसके से सैम कुरेन भी आरआर में शामिल हुए हैं। रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ एक ट्रेड भी पूरा कर लिया है, जिसके तहत नितीश राणा डीसी में चले गए हैं, जबकि डोनोवन फरेरा की आरआर में वापसी हुई है। (अनंत ज्ञान)

### वैभव सूर्यवंशी ने किया बड़ा खुलासा, बोले-

## मैं 200 रन भी बना लूं फिर भी पापा खुश नहीं होते

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भारतीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इन दिनों जबरदस्त फॉर्म में हैं। यूएई के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वैभव ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 42 गेंदों में 144 रन की विस्फोटक पारी खेली। इसी के साथ उन्होंने टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।

मैच के बाद बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए वीडियो में वैभव ने बताया कि उनके पिता संजीव सूर्यवंशी कभी भी उनके प्रदर्शन से पूरी तरह संतुष्ट नहीं होते। वीडियो में उनके पिता ने उनसे मजाकिया अंदाज में कहा कि जिस गेंद पर वे आउट हुए उस पर भी छक्का लगाया जा सकता था। वैभव ने बताया कि मेरे पापा मेरे प्रदर्शन से कभी खुश नहीं होते। चाहे मैं 200 रन ही क्यों न बना लूं वो कहते हैं 10 रन और बना सकते थे। वैभव ने आगे कहा लेकिन मेरी मां हमेशा मेरे खेल का आनंद लेती हैं। चाहे मैं शून्य पर आउट हो जाऊं या शतक लगा दूं वह सिर्फ इतना कहती हैं अच्छा खेल रहे हो ऐसे ही मेहनत करते रहो। वैभव सूर्यवंशी की शानदार पारी और उनके परिवार का यह अनोखा बातचीत वाला वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

### टेनिस — श्रीवल्ली और सहजा ने दी कड़ी टक्कर, प्रार्थना-अंकिता की जीत केवल बनी औपचारिकता

## स्लोवेनिया से 2-1 हारकर भारत का क्वालीफायर सफर थमा

**एजेंसी, बेंगलुरु**



भारत की महिला टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भामिदीपती और सहजा यामलापल्ली ने बिली जीन किंग कप क्वालीफायर में ग्रुप जी में स्लोवेनिया के अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। युगल मुकाबले में प्रार्थना थोम्बरे और अंकिता रैना की दलिला जाकुपोविक और निकिया रेडिसिक की जोड़ी पर जीत से पहले ही स्लोवेनिया ने शुरुआती दोनों एकल मैच जीत कर भारत की हार पक्की कर दी थी। स्लोवेनिया ने इस मुकाबले को 2-1 से जीता।

श्रीवल्ली को दो घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में तमारा जिदानसेक के खिलाफ 3-6, 6-4, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि काजा जुआन के खिलाफ सहजा ने कुछ मौकों को भुनाने में विफल रही जिससे उन्हें 4-6, 2-6 से शिकस्त मिली। प्रार्थना और अंकिता की जोड़ी ने इसके बाद औपचारिकता वाले मैच में 1-6 6-3 10-7 से जीत दर्ज की। श्रीवल्ली शुरुआती मुकाबले में थोड़ी दबाव में दिखी और जिदानसेक इसका फायदा उठते हुए पहले सेट में 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने पांचवें गेम में सर्विस को भुनाने के बाद छठे गेम को ब्रेक कर आत्मविश्वास हासिल कर अच्छी वापसी की और स्कोर को 5-3 कर दिया।

जिदानसेक ने नौवें गेम ने भारतीय खिलाड़ी की सर्विस की सर्विस को ब्रेक कर पहला सेट अपने नाम कर लिया। 23 साल की श्रीवल्ली ने दूसरे सेट में अपना दमखम दिखा स्लोवेनिया की खिलाड़ी को चौकाते हुए शुरुआती पांच गेम के बाद 4-1 की बढ़त हासिल कर ली। जिदानसेक हालांकि, इस स्कोर को 5-4 करने में सफल रही, लेकिन श्रीवल्ली ने दमदार सर्विस और कुछ कमाल के फोरहैंड की मदद से इस गेम को भुनाकर मुकाबले को तीसरे सेट में पहुंचा दिया। जिदानसेक ने तीसरे सेट अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए श्रीवल्ली को ज्यादा मौके नहीं दिए।

श्रीवल्ली ने मैच के बाद कहा, ''यह शानदार मुकाबला था लेकिन जाहिर है कि मैं टीम को जीत नहीं दिला पाने के कारण निराश हूं।'' विश्व रैंकिंग में 309 वें स्थान पर काबिज सहजा रैंकिंग में 98 वें स्थान पर काबिज जुआन को शुरुआती सेट में कुछ टक्कर दी, लेकिन दूसरा सेट एकतरफा रहा। भारत बिली जीन किंग कप के इस सत्र में अपने अभियान का समापन रविवार को नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगा। भारत इसके बाद अगले साल एशिया ओशिनिया वर्ग में वापसी करेगा। (अनंत ज्ञान)